धनबाद संस्करण | वर्ष : 66, अंक : 354 | पंजीयन संख्या : 3591/1957 | website : www.awazlive.com | संवत 2081, बैशाख, कृष्ण पक्ष, द्वादशी | रविवार, 5 मई 2024 | पृष्ठ : 16 | ₹4.00

औद्योगिक क्षेत्र का प्रमुख दैनिक (स्थापित : 15 अगस्त, 1947)

# आवाज

धनबाद, हजारीबाग, देवघर व आसनसोल (पश्चिम बंगाल) से प्रकाशित



मेरे मजाक को विशेषज्ञता के रूप में नहीं देखना चाहिए : गैरी कास्परोव



भारत से पंगा ले रहा नेपाल !

A TRUSTED BRAND
CRESCENT INTERNATIONAL SCHOOL
CBSE AFFILIATED SENIOR SECONDARY SCHOOL (AFFILIATION NO. 3430385)
ADMISSION OPEN
SESSION 2024 - 2025
HOSTEL FACILITY AVAILABLE
AN INSTITUTION FOR QUALITY EDUCATION
LIMITED SEATS
FIT INDIA SCHOOL
TOP 500
ISO 9001:2015
NURSERY TO CLASS XII
SCIENCE, COMMERCE & ARTS
BARIO, KNOWLEDGE VILLAGE, GOVINDPUR, DHANBAD © 9934319186

## चुनावी दौरे में झारखंड पहुंचे पीएम मोदी, पलामू और लोहरदगा में की सभा, कहा

# मजबूत भारत को चाहिए मजबूत सरकार

- **कहा, पाकिस्तान कांग्रेस के शहजादे को भारत का प्रधानमंत्री बनाना चाहता है**
- **जनता को समझाया एक वोट का महत्व**

**एजेंसी । 4 मई**

**पलामू :** पीएम नरेंद्र मोदी ने पलामू के चियांकी एयरपोर्ट मैदान में लोगों को संबोधित किया। इस दौरान उन्होंने विपक्ष पर जमकर हमला बोला। पीएम मोदी ने कहा कि यह धरती शहीद नीलांबर पीतांबर की धरती है। मैं इस धरती को प्रणाम करता हूं। उन्होंने कहा कि आपको याद है कांग्रेस के समय क्या स्थिति थी, चारों तरफ बम धमाके होते थे और दिल्ली सरकार पाकिस्तान को लव लेटर भेजती थी। वहां से पाकिस्तान लव लेटर के बदले आतंकी भेजता था। लेकिन जैसे ही मैं प्रधानमंत्री बना, मैंने कहा कि बहुत हो गया। आज पाकिस्तान कांग्रेस के शहजादे को भारत का प्रधानमंत्री बनाना चाहता है। लेकिन मजबूत भारत को मजबूत सरकार चाहिए। पीएम मोदी ने कहा कि 2014 के बाद पूरी दुनिया भारत को सलाम करने लगी है। आपने एक वोट से भ्रष्ट कांग्रेस सरकार को हटा दिया था, आपके एक वोट से बीजेपी और एनडीए की सरकार बनी। आपके एक वोट का नतीजा है कि आज भारत पूरी दुनिया में मशहूर हो रहा है। हमारी कई पीढ़ियां 500 वर्षों से संघर्ष कर रही थी। आपके एक वोट की ताकत से 500 साल में जो नहीं हुआ वो हुआ और अयोध्या में राम मंदिर का निर्माण हुआ। देश आजाद होने के बाद जम्मू-कश्मीर में हर दिन खतरे की घंटी बजती रहती थी। लगातार चिंता बनी रहती थी कि क्या होगा। बम धमाके और गोलाबारी होती थी।आपके वोट ने धारा 370 की दीवार को जमींदोज कर दिया।

### पशुपति से तिरुपति तक फैला था नक्सल आतंक

पीएम मोदी ने नक्सलवाद और आतंकवाद को लेकर कांग्रेस और इंडिया गठबंधन के दलों पर जमकर निशाना साधा। उन्होंने लोगों से कहा कि झारखंड, छत्तीसगढ़, बिहार, ओडिशा, आंध्रा, पशुपति से लेकर तिरुपति तक नक्सली थे। पीएम ने कहा हमारे झारखंड, बिहार, छत्तीसगढ़ आदि राज्यों में नक्सलवाद के कारण हर दिन कई माताएं अपने बेटों को खो देती थीं। आज आपके एक वोट ने कई माताओं के बच्चों को बचा लिया। आपके एक वोट ने हमें लहुलुहान करने वाले नक्सलियों से मुक्ति दिला दी। जनता के वोट की ताकत ने नक्सलियों से मुक्ति दिलाई और धरती को लहुलुहान होने से बचाया। आतंकवाद को लेकर पीएम नरेंद्र मोदी ने कहा कि अब भारत बदल गया है, उनकी सरकार घर में घुसकर मारने वाली है। सर्जिकल स्ट्राइक ने पाकिस्तान को हिलाकर रख दिया। पहले हम दुनिया में रोते थे, अब पाकिस्तान रो रहा है। उन्होंने कहा कि मोदी मौज-मस्ती के लिए नहीं, मिशन के लिए पैदा हुआ है।



पीएम मोदी

### पीएम मोदी ने भ्रष्टाचार के बहाने विपक्ष को घेरा

*पीएम मोदी ने कहा कि कांग्रेस और झामुमो नेताओं ने भ्रष्टाचार करके बेशुमार दौलत कमाई है। झारखंड को देखिए, कांग्रेस के एक सांसद के घर से नोटों के ढेर बरामद हुए। बताइए ये किसका पैसा है, आपका पैसा है या नहीं? उन्हें चोरी करने का अधिकार किसने दिया? एक मुख्यमंत्री भ्रष्टाचार के मामले में जेल में है। आप चोरों को सजा देना चाहते हैं या नहीं? झारखंड में चोरों को जेल जाना चाहिए या नहीं? जिसने झारखंड को लूटा, उसके खिलाफ कानून के तहत कार्रवाई हो रही है। कोर्ट भी कह रहा है कि हां, चोरी हुई है। मोदी का एक ही संकल्प है कि भ्रष्टाचार मिटाओ और इंडी गठबंधन के लोग कहते हैं कि भ्रष्टाचारियों को बचाओ। मैं विश्वास दिलाता हूं कि ऐसे लोगों के खिलाफ सख्त कार्रवाई होगी।*

### राहुल गांधी पर फिर बरसे पीएम मोदी

*उन्होंने राहुल गांधी पर निशाना साधते हुए कहा कि जिसने अपना पेट बांधकर मां को सोते नहीं देखा, जिसने लोटा भर पानी पीकर मां को भूख मिटाते नहीं देखा, जिसने अपनी बीमारी को छिपाते नहीं देखा, शौचालय के अभाव में पीड़ा और अपमान सहते नहीं देखा वो मोदी के इन आंसुओं का मर्म नहीं समझेगा। लेकिन ये कांग्रेस के शहजादे मोदी के आंसुओं में अपनी खुशी ढूंढ रहे हैं। कहते हैं कि मोदी के आंसू अच्छे लगते हैं। वो तो गर्व से कहते हैं कि उनके घर में कई प्रधानमंत्री थे। वे चांदी के चम्मच से खाते रहे। गरीब की, दलित और आदिवासी झोपड़ी में फोटो खिंचवाते रहे लेकिन गरीब के लिए कुछ नहीं किया।*

### पीएम बोले- गरीबी की जीवन जीकर आया हूं

*पीएम मोदी ने अपने सभा को संबोधित करते हुए कहा कि मेरे जीवन को आप भली-भांति जानते हैं। मैं गरीबी का जीवन जीकर आया हूं। मैंने गरीबी को जीया है। गरीब की जिंदगी कितनी तकलीफ वाली होती है, उससे मैं गुजरते-गुजरते यहां आया हूं। इसलिए 10 वर्षों में गरीब कल्याण की हर योजना की प्रेरणाओं ने मेरे अपने जीवन के अनुभव से जन्म लिया है। ये आंसू वही समझ सकता है जिसने गरीबी देखी हो, जिसने मां को धुंए में खासते देखा नहीं उसे ये आंसू कभी समझ नहीं आ सकते। उन्होंने कहा कि कांग्रेस के राज में राशन सड़ जाता था। आदिवासी बच्चे भूख से मरते थे। कांग्रेस अनाज के गोदामों पर ताला लगा देती थी। उस समय के पीएम कहते थे कि सबको अनाज देना संभव नहीं है। लेकिन मैंने करके दिखाया और मैं अगले पांच साल तक मुफ्त अनाज दूंगा।*

# जेपीएससी घोटाला : सीबीआई ने दायर किया आरोप पत्र

- **जेपीएससी की पहली और दूसरी नियुक्ति में जमकर हुई थी धांधली**
- **सीबीआई ने 39 को बनाया है आरोपी**

**एजेंसी । 4 मई**

**रांची :** लंबे इंतजार के बाद आखिरकार सीबीआई ने जेपीएससी परीक्षा में गड़बड़ी की जांच से जुड़ी चार्जशीट अदालत में समर्पित कर दिया है। शनिवार को सीबीआई के न्यायाधीश पीके शर्मा की अदालत में सीबीआई के द्वारा जेपीएससी परीक्षा गड़बड़ी मामले में आरोप पत्र दायर किया गया है। सीबीआई के द्वारा दायर किए गए आरोप पत्र में 39 लोगों को आरोपी बनाया गया है। मालूम हो कि झारखंड राज्य अलग होने के बाद पहले और दूसरे जेपीएससी परीक्षा में जमकर धांधली को अंजाम दिया गया था। जांच में यह बात सामने आई थी कि कई लोग बिना कॉपी में लिखे ही अफसर बन गए। पहले जेपीएससी घोटाले की जांच एंटी करप्शन ब्यूरो के द्वारा शुरू की गई लेकिन बाद में जांच की जिम्मेदारी सीबीआई को दे दी गई। सीबीआई ने जेपीएससी प्रथम के 62 और सेकंड के 172 अधिकारियों की नियुक्ति की जांच शुरू की थी। सीबीआई की जांच में 12 साल का लंबा वक्त लग गया। अब हाई कोर्ट के निर्देश के बाद शनिवार को सीबीआई ने मामले में चार्जशीट दायर कर दिया है जिसमें 39 लोगों को आरोपी बनाया गया है।

### सुप्रीम कोर्ट के निर्देश पर सीबीआई कर रही जांच

*बता दें कि जेपीएससी प्रथम का रिजल्ट 2004 में और सेकंड का रिजल्ट 2008 में जारी हुआ था। दोनों परीक्षाओं में गड़बड़ी का आरोप लगा तो राज्य सरकार ने निगरानी को जांच का जिम्मा सौंप दिया। इसी बीच हाई कोर्ट में सीबीआई जांच की मांग को लेकर एक पीआईएल दर्ज की गई। हाई कोर्ट ने 2012 में प्रथम बैच के 20 अधिकारियों के वेतन पर रोक लगाते हुए सरकार को उनसे काम लेने पर रोक लगा दिया था। इसके विरोध में एक कैंडिडेट ने सुप्रीम कोर्ट का दरवाजा खटखटाया, सुप्रीम कोर्ट ने 2014 में हाई कोर्ट के द्वारा दिए गए सीबीआई जांच के आदेश को स्थगित करते हुए याचिकाकर्ता को काम पर रखने और वेतन देने का निर्देश दिया। इसके बाद सभी 20 अधिकारियों को पद पर बहाल रखा गया और जांच बंद हो गई। लेकिन साल 2017 में झारखंड सरकार ने फिर से सुप्रीम कोर्ट में रिव्यू पिटीशन दायर किया तो सुप्रीम कोर्ट ने इस मामले की सीबीआई जांच की अनुशंसा कर दी तब से मामले की सीबीआई जांच जारी थी।*

# पूर्व सीएम हेमंत की जमानत याचिका पर 10 को फैसला

**एजेंसी । 4 मई**

**रांची :** जमीन घोटाले के आरोपित पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की जमानत याचिका पर ईडी के विशेष न्यायाधीश राजीव रंजन की अदालत में सुनवाई हुई। इस दौरान हेमंत सोरेन (बचाव पक्ष) और ईडी की ओर से कोर्ट में लिखित बहस जमा किया गया। शनिवार को सुनवाई के बाद अदालत ने आदेश सुरक्षित रख लिया। अदालत ने 10 मई को फैसला की तिथि निर्धारित की है। इससे पूर्व गत 30 अप्रैल को हेमंत सोरेन की जमानत पर दोनों पक्षों की ओर से लगभग एक घंटे से ज्यादा समय तक बहस हुई थी। बहस के दौरान एक तरफ बचाव पक्ष की ओर से हेमंत सोरेन को जमानत देने के लिए दलीलें पेश की गयी। वहीं दूसरी तरफ ईडी की ओर से उनकी दलीलों का विरोध किया गया।



हेमंत सोरेन

## वायरल वीडियो के बाद ममता बनर्जी का हमला, कहा

# संदेशखाली में बीजेपी ने रची थी साजिश

- **एनसीआर-सीएए लागू होने नहीं देंगी**

**एजेंसी । 4 मई**

**कोलकाता :** संदेशखाली में महिलाओं के अत्याचार और ईडी अधिकारियों पर हमले की घटना को लेकर टीएमसी बैकफुट पर थी, लेकिन अब सीएम ममता बनर्जी ने इस घटना को लेकर वायरल वीडियो के बाद बीजेपी पर हमला बोला है। ममता बनर्जी ने कहा कि वह जानती थी कि संदेशखाली की साजिश बीजेपी ने रची थी और आज इसका पर्दाफाश हो गया है। बता दें कि संदेशखाली की घटना को लकेर बीजेपी के नेता शुभेंदु अधिकारी का एक वीडियो वायरल हुआ है। ममता ने कहा कि संदेशखाली का चौंकाने वाला स्टिंग दिखाता है कि भाजपा के भीतर कितनी गहरी सड़ांध है। बंगाल की प्रगतिशील सोच और संस्कृति के प्रति अपनी नफरत में बांग्ला-विरोधियों ने हमारे राज्य को हर स्तर पर बदनाम करने की साजिश रची है। उन्होंने कहा कि भारत के इतिहास में पहले कभी भी दिल्ली की किसी सत्ताधारी पार्टी ने राज्य को बदनाम करने की कोशिश नहीं की। इतिहास गवाह रहेगा कि कैसे बंगाल दिल्ली के षड्यंत्रकारी शासन के खिलाफ जाग उठेगा। नदिया की जनसभा से ममता ने कहा कि वह कभी भी एनआरसी की इजाजत नहीं दूंगी। असम में भाजपा ने 19 लाख हिंदुओं को जबरन डिटेंशन कैंप में पहुंचा दिया। बंगाल में ऐसा नहीं होगा।



ममता बनर्जी

# पुंछ में वायुसेना के काफिले पर आतंकी हमला, 5 जवान घायल

- **घायल जवानों एयरलिफ्ट कर भेजे गए उधमपुर सैनिक अस्पताल**
- **इलाके को घेरकर चलाया जा रहा सर्च ऑपरेशन**

**एजेंसी । 4 मई**

**श्रीनगर :** जम्मू-कश्मीर के पुंछ जिले में सुनरकोट के सेनाई गांव के पास वायुसेना के काफिले पर आतंकवादियों ने शनिवार देर शाम फायरिंग की है। इस हमले में 5 सुरक्षाकर्मी घायल होने की सूचना है। फिलहाल काफिले में भारतीय वायुसेना की जो गाड़ियां थी उन्हें शाहसितार के पास, जनरल क्षेत्र में एयर बेस के अंदर सुरक्षित कर दिया गया है। इधर, हमले के बाद आतंकी मौके से फरार हो गए हैं। हालांकि, सर्च ऑपरेशन अभी भी जारी है। जानकारी के मुताबिक आतंकियों ने कई राउंड फायरिंग की है। फायरिंग के कारण गाड़ियों के शीशें भी टूट गए हैं। सर्च ऑपरेशन में मदद के लिए इलाके में सेना और पुलिस की अन्य टुकड़ियां भेज दी गई हैं। हमले के बाद सेना के जवानों ने जवाबी फायरिंग भी की। गौरतलब है कि 25 मई को अनंतनाग-राजौरी-पुंछ लोकसभा क्षेत्र में मतदान होना है। घायल जवानों को इलाज के लिए एयरलिफ्ट करके उधमपुर के सैनिक अस्पताल ले जाया गया है। एक जवान की हालत बेहद ही गंभीर बताई जा रही है।



इसी वाहन पर हुआ हमला




fabindia
C1-17B, City Centre, Sector 4
Bokaro Steel, City, Bokaro
Ph : 7707003355

# बीजेपी में शामिल हुए अरविंद सिंह लवली समेत चार दिग्गज नेता

एजेंसी। 4 मई

**नई दिल्ली।** दिल्ली में लोकसभा की चुनावी सियासत दिलचस्प हो गई है। प्रदेश कांग्रेस अब बिखरती नजर आ रही है। दिल्ली यूनिट के दिग्गज नेताओं ने बगावती तेवर अख्तियार कर रखा है। इसकी बानगी शनिवार देखने को भी मिली। पूर्व प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष अरविंद सिंह लवली के साथ चार दिग्गज नेताओं ने भाजपा का दामन थाम लिया। प्रदेश कांग्रेस नेता अपने राष्ट्रीय नेतृत्व से ही नाराज है। उन्हें बिना तवज्जो दिए आम आदमी पार्टी के साथ गठबंधन और उम्मीदवार को उतारना रास नहीं आया। कन्हैया कुमार के रूप में बाहरी नेता को और डॉ. उदित राज को आरक्षित सीट से चुनाव में उतारना दिल्ली के पुराने दिग्गज नेताओं को पसंद नहीं आया। राजनीतिक जानकार यह भी तर्क दे रहे है कि अरविंदर सिंह लवली और राजकुमार चौहान जैसे पुराने कांग्रेसी नेता को दूसरी बार भाजपा में शामिल होना पार्टी के अंदर बिखराव का बड़ा संदेश है। चूंकि पूर्व मुख्यमंत्री शीला दीक्षित के बाद यही सेकेंड लाइन के कांग्रेसी नेता है। उत्तर पूर्वी दिल्ली सीट से कांग्रेस आलाकमान ने जब से कन्हैया कुमार को उतारा तभी से विरोध के तेवर कांग्रेस नेताओं में उठने लगे थे। इसी तरह उत्तर-पश्चिमी दिल्ली सीट से डॉ. उदित राज भी प्रदेश नेतृत्व को पसंद नहीं थे। पार्टी कार्यालय में विरोध-प्रदर्शन तक हुआ, पार्टी के भीतर ही एक नया गुट उभरा, यहां तक की इस्तीफा भी दे दिया। अपनी राय भी जाहिर की कि बिना किसी सलाह मसवरा लिए केंद्रीय नेतृत्व अपना तुगलकी फरमान जारी करते हुए उम्मीदवार थोप दिया।



**लवली के जाने पर क्या बोली कांग्रेस**

अंतरिम दिल्ली कांग्रेस अध्यक्ष देवेंद्र यादव ने अरविंद सिंह लवली पर कहा कि कांग्रेस ने उन्हें बच्चे की तरह पाला, तीन बार विधायक, मंत्री और प्रदेश अध्यक्ष बनाया। 2017 में चुनाव के दौरान धोखा दिया था, अब फिर से उन्होंने धोखा दिया। ऐसे लोगो के जाने से इस विशाल पार्टी को कोई फर्क नहीं पड़ता है।

### कांग्रेस का विरोध प्रत्याशियों पर भी दिख रहा

दिल्ली कांग्रेस में विरोध का सुर चुनाव में सक्रिय नहीं होने पर दिख भी रहा है। उत्तर-पूर्वी दिल्ली के प्रत्याशी कन्हैया कुमार अभी तक अपने क्षेत्र में ठीक से सक्रिय तक नहीं हो पाए है। पुराने कांग्रेसी नेताओं का विरोध भी उन्हें झेलना पड़ रहा है। दूसरी तरफ चांदनी चौक के प्रत्याशी जेपी अग्रवाल जब नामांकन दाखिल करने पहुंचे तो उनके क्षेत्र के कार्यकताओं के साथ अन्य पुराने कांग्रेसी नेताओं की भी कमी स्पष्ट रूप से देखने को मिली। इसी तरह पुराने कांग्रेसी नेता महाबल मिश्रा के चुनाव से भी पुराने कांग्रेसी नेता दूरी बनाए हुए है। गठबंधन के तहत चुनावी मैदान में उतरने वाले कांग्रेस प्रत्याशियों को आम आदमी पार्टी के कार्यकताओं का भी पूरा समर्थन नहीं मिल पा रहा है।

### अरविंदर सिंह लवली की पहली प्रतिक्रिया


"हमें बीजेपी के बैनर तले और पीएम मोदी के नेतृत्व में दिल्ली की जनता के लिए लड़ने का अवसर दिया गया है. मुझे पूरा भरोसा है और इस बात का कोई संशय नहीं है कि बीजेपी भारी बहुमत से सरकार बनाने जा रही है. आने वाले दिनों में बीजेपी का झंडा दिल्ली में भी लहराएगा." अरविंदर सिंह लवली ने कहा, "हमारे साथियों को उस समय पर अवसर दिया है जब हम खोए-खोए घूम रहे थे. हमको अवसर दिया है कि हम राष्ट्र के निर्माण के लिए कार्य कर सकें. हम आज पांच वरिष्ठ साथी शामिल हुए. लेकिन बहुत लंबा काफिला है जो कि मजबूती के साथ चाहता है कि इस देश में सशक्त सरकार बने.

## बीजेपी के कार्यकर्ताओं ने मुंगेर सांसद ललन सिंह से मागा पांच साल के काम का हिसाब

एजेंसी। 4 मई

**नई दिल्ली।** जेडीयू के पूर्व अध्यक्ष और पार्टी के बड़े नेता ललन सिंह को अपने चुनावी क्षेत्र मुंगेर में स्थानीय लोगों के कड़े विरोध का सामना करना पड़ा. इतना ही नहीं एनडीए का हिस्सा होने के बाद भी बीजेपी कार्यकर्ताओं ने मुंगेर के मौजूदा सांसद से उनके पांच साल के कामों का हिसाब मांग लिया जिसके बाद नाराज ललन सिंह हाथ छुड़ाकर वहां से निकल गए. एक पब्लिक मीटिंग में पहुंचे ललन सिंह से वहां मौजूद स्थानीय लोगों ने पूछ लिया कि पांच साल में आपने क्या काम किया है उसका हिसाब दीजिए तभी वोट देंगे. इस पर ललन सिंह नाराज हो गए. वहीं खड़े एक युवक ने ललन सिंह से पूछा कि कोरोना जैसी महामारी में आप झांकने तक नहीं नहीं आए. इस पर ललन सिंह ने जवाब देते हुए कहा, जवाब सुनो न यार, कोरोना महामारी में किसी के भी घर से निकलने पर पाबंदी थी तो कैसे आते, इसके बाद ललन सिंह ने कहा कि उन्होंने इसके बाद भी मुंगेर शहर के हर मोहल्ले में फॉगिंग करवाई थी.

बता दें कि मुंगेर लोकसभा क्षेत्र में 13 मई को वोटिंग है. साल 2019 के लोकसभा चुनाव में ललन सिंह और अनंत सिंह की पत्नी नीलम देवी के बीच सीधी टक्कर मुंगेर लोकसभा सीट पर हुई थी. तब ललन सिंह जेडीयू उम्मीदवार थे और अनंत सिंह की पत्नी नीलम देवी कांग्रेस की उम्मीदवार थीं. ललन सिंह के सामने मुंगेर सीट इस वक्त चुनौती बनी हुई है. इसका कारण ये है कि लालू यादव ने यहां से कुख्यात गैंगस्टर रहे अशोक महतो की पत्नी को चुनाव मैदान में उतारा है.



ललन सिंह

प्रमोद कृष्णम का बड़ा बयान

## राहुल गांधी को तो पाकिस्तान से चुनाव लड़ना चाहिए

**नई दिल्ली।** राहुल गांधी ने रायबरेली लोकसभा सीट से नामांकन का पर्चा दाखिल किया जिसके बाद विपक्ष हमलावर है। विपक्ष का कहना है कि वो अमेठी से डरकर भाग गए और रायबरेली को चुनाव लड़ने के लिए चुना है। ये बात तो है विपक्ष की लेकिन कभी प्रियंका गांधी के करीबी रहे आचार्च प्रमोद कृष्णम ने भी राहुल के रायबरेली से चुनाव लड़ने के फैसले पर एक धमाकेदार बात कही है। उन्होंने कहा कि अमेठी में हार के डर से राहुल गांधी ने रायबरेली से लड़ने का फैसला किया लेकिन हकीकत ये है कि रायबरेली में भी राहुल गांधी हारेंगे। प्रमोद कृष्णम ने आगे कहा कि राहुल जिस तरह की राजनीति कर रहे हैं, उसे देखते हुए हिंदुस्तान में तो उनकी सियासत कमजोर हो गई है। ऐसे में राहुल के लिए बेहतर ये होगा कि वो पाकिस्तान से चुनाव लड़ें क्योंकि उनकी पॉलिटिक्स के फैन हिंदुस्तान से ज्यादा पाकिस्तान में हैं।

**दो खेमों में बंट जाएगी कांग्रेस :** प्रमोद कृष्णम का दावा है कि जिस तरह प्रियंका गांधी को चुनाव लड़ने से रोका जा रहा है जिस तरह प्रियंका को अमेठी, रायबरेली या सुल्तानपुर से टिकट नहीं दिया गया, उससे कांग्रेस के भीतर एक धड़े में बहुत नाराजगी है। प्रमोद कृष्णम का दावा है कि राहुल गांधी के कहने पर प्रियंका गांधी के कांग्रेस की सियासत में आगे बढ़ने से रोका जा रहा है। ऐसे में अगर कांग्रेस के लिए चुनाव नतीजे बुरे आते हैं तो 4 जून के बाद पार्टी के भीतर दो गुट बन जाएंगे। राहुल और प्रियंका गांधी खेमे के नेता अलग-अलग हो जाएंगे।

## वीडियो मामला : बूरी तरह फंसे कांग्रेस उम्मीदवार जीवन रेड्डी

एजेंसी। 4 मई

**नई दिल्ली।** लोकसभा चुनाव के लिए तीसरे चरण का मतदान 7 मई को होना है. ऐसे में सभी प्रत्याशी चुनाव प्रचार में लगे हुए हैं. पीएम नरेंद्र मोदी से लेकर राहुल गांधी तक सभी बड़े नेता अपने-अपने उम्मीदवारों के लिए वोट मांग रहे हैं. इस बीच तेलंगाना कते निजामाबाद लोकसभा सीट से कांग्रेस के उम्मीदवार जीवन रेड्डी का वीडियो सामने आया है. इस वीडियो में जीवन रेड्डी एक महिला को थप्पड़ मारते दिख रहे हैं. वीडियो में देखा जा सकता है कि जीवन रेड्डी के सामने एक महिला खड़ी है और वह वहीं, बैकग्राउंड में लोग कुछ बाते कर रहे हैं, तभी जीवन रेड्डी उस महिला को थप्पड़ मार देते हैं.



### महिला ने क्या कहा?

कथित वीडियो में दिखाई दे रही महिला का कहना है कि मेरे पास न तो घर है और न ही मुझे पेंशन मिलती है. मैंने उनसे (निजामाबाद कांग्रेस सांसद उम्मीदवार जीवन रेड्डी) से कहा कि कृपया मुझ पर दया करें. तब उन्होंने मुझे आश्वासन देते हुए कहा, 'दोरासानी (रानी) आपको यह सब मिलेगा. महिला ने कहा कि यह दिखाना कि मुझे थप्पड़ मारा गया, क्या यह मेरी बदनामी नहीं है?' गौरतलब है कि 17 लोकसभा सीट वाले तेलंगाना में चौथे चरण के दौरान 13 मई को वोटिंग होगी. यहां कांग्रेस, भारत राष्ट्र समिति (इफ्र) और बीजेपी के बीच मुकाबला होना है. पिछले लोकसभा चुनाव में यहां बीआरएस (तब टीआरएस) ने 9 सीटों पर अपना कब्जा किया था. वहीं, बीजेपी ने 4 सीटें जीती हैं, जबकि कांग्रेस के खाते में 3 और 1 सीट अन्य के खाते में गई थी.

### प्रचार कर रहे हैं कांग्रेस उम्मीदवार

कांग्रेस ने तेलंगाना की निजामाबाद लोकसभा सीट से जीवन रेड्डी को उम्मीदवार बनाया है. इसके चलते वह चुनाव-प्रचार कर रहे हैं और अलग-अलग स्थानों पर घूम रहे हैं. इतना ही नहीं वह लोगों से अपने लिए वोट करने की अपील कर रहे हैं.

### कथित वीडियो पर दी प्रतिक्रिया :

वहीं, वायरल हो रहे कथित वीडियो पर एक सवाल पर प्रतिक्रिया देते हुए कांग्रेस नेता ने कहा, 'इट वॉज लवली, इट वॉज लवली, इट वॉज लवली.' उन्होंने कहा कि अगर कांग्रेस ने तेलंगाना में कुछ नहीं किया है तो किसने क्या है? कांग्रेस ने राज्य में गरीबों को फ्री ट्रांसपोर्ट फैसिलिटी दी है, 200 यूनिट बिजली, गैस सिलेंडर और लोगों को घर दे रही है.

## लोकसभा चुनाव के लिए आम आदमी पार्टी ने जारी की स्टार प्रचारकों की लिस्ट

**नई दिल्ली:** आम आदमी पार्टी ने लोकसभा चुनाव के लिए दिल्ली और हरियाणा के लिए अपने स्टार प्रचारकों की लिस्ट जारी कर दी है। लिस्ट में मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल और सुनीता केजरीवाल का नाम शामिल है। इनके अलावा जेल में बंद पूर्व डिप्टी सीएम मनीष सिसोदिया और पूर्व मंत्री सतेंद्र जैन को भी स्टार कैंपेनर बनाया गया है।

**पंजाब के सीएम भी करेंगे प्रचार :** 40 स्टार प्रचारकों की सूची में पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान, जेल में बंद पूर्व मंत्री सत्येन्द्र जैन, सांसद संजय सिंह, सांसद राघव चड्ढा, दिल्ली के मंत्री गोपाल राय,आतिशी, सौरभ भारद्वाज, कैलाश गहलोत, दिल्ली की मेयर शैली ओबेरॉय शामिल हैं।

**दिल्ली की 4 और हरियाणा में एक सीट सीट पर लड़ रही आप :** बता दें कि दिल्ली में आम आदमी पार्टी सात लोकसभा सीटों में से चार सीट पर चुनाव लड़ रही है बाकी तीन पर कांग्रेस उम्मीदवार हैं। दिल्ली और हरियाणा के लिए आम आदमी पार्टी का कांग्रेस के साथ गठबंधन है। हरियाणा की कुरुक्षेत्र लोकसभा सीट से आम आदमी पार्टी चुनाव लड़ रही है। इस लोकसभा चुनाव में आम आदमी पार्टी पहली बार अपने सीनियर नेताओं के बगैर चुनाव लड़ रही है। मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल, मनीष सिसोदिया और सतेंद्र जैन जेल में बंद हैं। केजरीवाल की गैर मौजूदगी में पार्टी की तरफ से उनकी पत्नी सुनीता केजरीवाल, पंजाब के सीएम भगवंत मान और सांसद संजय सिंह ही चुनाव प्रचार की कमान संभाल रहे हैं।

## 23 देशों के चुनाव प्रबंधन निकायों के 75 प्रतिनिधि आए भारत, चुनाव प्रणाली की बारीकियों को जानेंगे

एजेंसी। 4 मई

**नई दिल्ली।** भारत में लोकसभा चुनाव चल रहे हैं और अब तक दो राउंड की वोटिंग हो चुकी है. इस बीच भारत के चुनाव आयोग का कहना है कि '23 देशों के चुनाव प्रबंधन निकायों के 75 अंतर्राष्ट्रीय प्रतिनिधि देश में लोकसभा चुनाव देखने के लिए भारत पहुंचे हैं. दरअसल, इन अंतर्राष्ट्रीय प्रतिनिधियों को भारत में चुनाव की प्रक्रिया देखने के लिए बुलाया गया है. न्यूज एजेंसी के मुताबिक, भारतीय चुनाव आयोग ने बताया कि 23 देशों में जिनमें भूटान, मंगोलिया, ऑस्ट्रेलिया, मेडागास्कर, फिजी, किर्गिज के विभिन्न चुनाव प्रबंधन निकायों और संगठनों का प्रतिनिधित्व करने वाले 75 प्रतिनिधि गणतंत्र, रूस, मोल्दोवा, ट्यूनीशिया, सेशेल्स, कंबोडिया, नेपाल, फिलीपींस, श्रीलंका, जिम्बाब्वे, बांग्लादेश, कजाकिस्तान, जॉर्जिया, चिली, उज्बेकिस्तान, मालदीव, पापुआ न्यू गिनी और नामीबिया इस आयोजन में हिस्सा लेंगे. दरअसल, चुनाव आयोग ने कहा कि यह कार्यक्रम विदेशी चुनाव प्रबंधन निकायों को भारत की चुनावी प्रणाली की बारीकियों के साथ-साथ दुनिया के सबसे बड़े लोकतंत्र द्वारा इस्तेमाल की जाने वाली सर्वोत्तम प्रथाओं से परिचित कराना चाहता है.

### 4 जून को होगी वोटों की गिनती

चुनाव आयोग के एलान के साथ ही 18वीं लोकसभा के गठन की प्रक्रिया शुरू हो गई है. 17वीं लोकसभा का कार्यकाल 16 जून, 2024 को पूरा हो रहा है. ऐसे में चुनाव सात चरणों में होंगे और सभी सीटों के लिए मतों की गिनती 4 जून को होगी. फिलहाल, 2 चरणों के मतदान हो चुके हैं. जबकि, तीसरे चरण का मतदान 7 मई को होगा. इसमें 12 राज्यों की 94 सीटों के लिए चुनाव होगा.

### चार चरणों के चुनाव होने हैं बाकी

इसके साथ ही चौथे चरण का चुनाव 13 मई को होगा. इसमें 10 राज्यों की 96 सीटों के लिए चुनाव होगा. साथ ही पांचवे चरण का चुनाव 20 मई को होगा, जिसमें 8 राज्यों की 49 सीटों के लिए वोटिंग होगी. वहीं, छठवें चरण के लिए 25 मई को चुनाव होने बाकी है. इसमें 7 राज्यों की 57 सीटों के वोटिंग होगी. इसके बाद आखिरी 7 वें चरण का मतदान 1 जून को होगा, जिसमें 8 राज्यों की 57 सीटों के लिए वोटिंग होगी.

## अमित शाह फेक वीडियो मामले में गिरफ्तार हुए अरुण रेड्डी

एजेंसी। 4 मई

**नई दिल्ली।** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह फेक वीडियो मामले में दिल्ली पुलिस ने अरुण रेड्डी नाम के एक शख्स को शुक्रवार (4, मई) को गिरफ्तार किया है. दिल्ली पुलिस के अनुसार, अरुण रेड्डी स्पिरिट ऑफ कांग्रेस नाम से एक्स (पूर्व में ट्विटर) अकाउंट को ऑपरेट कर रहा था.

**कौन है अरुण रेड्डी :** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के भाषण से जुड़े एक वीडियो के साथ छेड़छाड़ की गई थी. इस मामले की जांच दिल्ली पुलिस कर रही है. तेलंगाना के मुख्यमंत्री रेवंत रेड्डी को भी एडिटेड वीडियो को सोशल मीडिया पर शेयर किए जाने को लेकर नोटिस भेजा गया था. हालांकि, दिल्ली पुलिस ने मामले में तेजी दिखाते हुए अरुण रेड्डी पर शिकंजा कसा और उन्हें दिल्ली से गिरफ्तार कर लिया.

**कांग्रेस ने की रिहाई की मांग :** अरुण रेड्डी की गिरफ्तारी पर कांग्रेस ने भी प्रतिक्रिया दी. कांग्रेस नेता मनिकम टैगोर ने कहा कि 24 घंटे से अधिक समय हो गया है, दिल्ली पुलिस ने बिना किसी जानकारी या एफआईआर का खुलासा किए बिना अरुण रेड्डी को गिरफ्तार किया है.

### हिरासत में भेजे गये अरुण रेड्डी

दिल्ली पुलिस ने शुक्रवार (4, मई) की रात को अरुण रेड्डी को जज के सामने पेश किया. इसके बाद उन्होंने तीन दिन की पुलिस हिरासत में भेज दिया है. केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के फेक वीडियो मामले में दिल्ली पुलिस ने दर्ज की गई एफआईआर में आईपीसी की धारा 120बी को भी जोड़ा है, जो आपराधिक साजिश के लिए लगाई जाती है.

## खुद को दीमक की तरह चाट रही कांग्रेस: ज्योतिरादित्य सिंधिया

एजेंसी। 4 मई

**गुना:** केंद्रीय मंत्री और भाजपा की मध्यप्रदेशकी गुना लोकसभा सीट से उम्मीदवार ज्योतिरादित्य सिंधिया ने कांग्रेस पर निशाना साधते हुए कहा है कि कांग्रेस अपने अंत की तरफ बढ़ रही है और वो खुद को दीमक की तरह चाट रही है. सिंधिया ने कहा कि कांग्रेस वैचारिक रूप से दिवालिया हो चुकी है और कोई भी उसके साथ नहीं रहना चाहता. हालांकि पार्टी ने कई सीटों पर उम्मीदवार नहीं उतारे हैं, लेकिन इसके कुछ उम्मीदवार चुनाव की दौड़ से हट गए हैं. बता दें, ज्योतिरादित्य सिंधिया ने साल 2020 में कांग्रेस से अपना 18 साल पुराना नाता तोड़ लिया और भाजपा में शामिल हो गए. सिंधिया ने अपने प्रति वफादार 22 कांग्रेस विधायकों के साथ इस्तीफा दे दिया था, जिससे तत्कालीन 15 महीने पुरानी कमल नाथ के नेतृत्व वाली मध्य प्रदेश सरकार गिर गई थी और राज्य में भाजपा की सत्ता आगई थी. कांग्रेस के इस आरोप पर निशाना साधते हुए कि भाजपा सत्ता में लौटी तो संविधान बदल देगी, सिंधिया ने कहा कि देश में आपातकाल लगाने वाली पार्टी अब संविधान का पाठ पढ़ा रही है. चुनाव प्रचार के बीच गुना से शिवपुरी जाते समय सिंधिया ने कहा, कांग्रेस विचारधारा, मानव संसाधन के मामले में दिवालिया हो गई है. कोई भी कांग्रेस के साथ नहीं रहना चाहता और पार्टी में किसी के लिए कोई मान-सम्मान नहीं है. उन्होंने कहा, जिस पार्टी ने चुनी हुई सरकारों को बर्खास्त करने के लिए अनुच्छेद 356 (राष्ट्रपति शासन लगाने के लिए) का 91 बार इस्तेमाल किया, जिस पार्टी के प्रधानमंत्री ने आंध्र प्रदेश जाने से पहले मुख्यमंत्री बदल दिया था, जिस पार्टी ने देश में आपातकाल लगाया था वो अब हमें संविधान पर सबक दे रही है. केंद्रीय मंत्री ने कांग्रेस पर निशाना साधते हुए कहा कि चुनाव में अपने ही उम्मीदवार डॉ. बाबासाहेब अंबेडकर को हराने वाली पार्टी देश को दलितों और संविधान के मुद्दों पर उपदेश दे रही है,उसे अपने ट्रैक रिकॉर्ड को देखना चाहिए. संविधान पर बात करते हुए सिंधिया ने कहा कि संविधान भाजपा का धर्मग्रंथ है और प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी ने स्पष्ट किया है कि किसी में भी संविधान को बदलने की हिम्मत नहीं है.



## 'वडोदरा' गुजरात की सबसे सुरक्षित सीट

### यहां सिर्फ मोदी से है मतलब

एजेंसी। 4 मई

**वडोदरा।** गुजरात में 'वडोदरा' लोकसभा सीट सबसे सुरक्षित मानी जाती है। भले ही यहां से भाजपा उम्मीदवार नरेंद्र मोदी नहीं हैं, लेकिन वोट उन्हीं के नाम पर मिलता है। वोटरों को उम्मीदवार से नहीं, मोदी से मतलब है। शहर और ग्रामीण क्षेत्र, दोनों जगहों पर मुकाबला नजर नहीं आ रहा। वडोदरा शहर में भाजपा के पोस्टर तो नजर आते हैं, लेकिन कांग्रेस का प्रचार गायब है। वोटरों ने यह भी कहा, गुजरात में ऐसे दलों की दाल नहीं गलेगी, जो 'फ्री' में कुछ देकर वोट लेने का प्रयास करते हैं। लोगों ने कहा, इस बार भाजपा की जीत का मार्जिन कुछ कम हो सकता है। वडोदरा में क्षत्रिय समुदाय के विरोध का असर नहीं दिख रहा। हालांकि कांग्रेस पार्टी ने यहां पर भाजपा प्रत्याशी के डॉ. हेमांग जोशी के सामने क्षत्रिय समुदाय से आने वाले जसपाल सिंह पढियार को मैदान में उतारा है।

**जीत मिलेगी, लेकिन भाजपा की लीड कम होगी :** वडोदरा के अलकापुरी इलाके में गोवर्धन नाथ जी की हवेली 'मंदिर' के सामने पूजा अर्चना के बाद एनबी शाह और उनकी मंडली ने चुनाव को लेकर बातचीत की। वोटरों ने कहा, वे अपनी सोसायटी के सभी लोगों को डोल नगाड़े के साथ मत डालने के लिए बूथ तक ले जाएंगे। यहां पर कोई टक्कर नहीं है। देश और विदेश, दोनों जगह पर भारत का विकास हुआ है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जब मुख्यमंत्री थे, तभी से इन्हें वोट देते हैं। कांग्रेस ने पहले कभी काम ही नहीं किया है। वे केवल उम्मीदवार खड़ा करते हैं। कोई भी सीट हो, यहां पर भाजपा को ही वोट जाएगा। केंद्रीय मंत्री रूपाला के बयान का असर यहां बहुत कम है। क्षत्रिय समाज, साथ आ जाएगा। वे भाजपा को वोट देंगे। सिर्फ भाजपा की लीड कम होगी। रूपाला एक व्यक्ति है, भाजपा तो देश में है। मार्जिन कम होने का कारण बताते हुए लोगों ने कहा, परिवर्तन तो कुदरत का नियम है। भाजपा ने जो काम किया है, वह कांग्रेस नहीं कर सकती। मोदी को अपने लोगों की चिंता रहती है।

### उम्मीदवार नहीं, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को देखते हैं

2014 के लोकसभा चुनाव में नरेंद्र मोदी ने वडोदरा से बंपर जीत दर्ज कराई थी। साल 1998 से भाजपा, लगातार इस सीट पर जीत रही है। गत लोकसभा चुनाव में रंजनबेन भट्ट ने जीत हासिल की। उन्होंने कांग्रेस के प्रशांत चंदूभाई पटेल को हराया था। रंजनबेन भट्ट को 883,719 वोट मिले थे, जबकि कांग्रेस के चंदूभाई पटेल को 294,542 मत हासिल हुए। वडोदरा में सात विधानसभा क्षेत्र, सयाजीगंज, रावपुरा, मांजलपुर, वाघोडिया, सावली, अकोटा और वडोदरा शहर आते हैं। वडोदरा के निकटवर्ती गांव सोखडा में अक्षर परुषोत्तम स्वामी नारायण मंदिर है। वहां बैठे ग्रामीण घनश्याम भाई ने कहा, यहां भाजपा का ही वोट है। डॉ. हेमंत जोशी जीत जाएंगे। क्षेत्र में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का प्रभाव है। कांग्रेस की स्थिति कैसी है, इस सवाल का जवाब देते हुए घनश्याम भाई बोले, इसका तो नाम ही मत लेना। महेंद्र भाई सोना भाई पटेल ने कहा, वडोदरा में केंद्रीय मंत्री परषोत्तम रूपाला के विवाद की कोई बात नहीं है। घनश्याम ने कहा, यहां पर विकास हुआ है। सड़क बनी है, पानी का हल मोदी ने ही निकाला है। अभी गटर लाइन बाकी है, वो भी आ जाएगी। यहां पर उम्मीदवार को नहीं देखते, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को देखते हैं। जनता का वोट मोदी को जाएगा, उम्मीदवार को नहीं।



चास मेन रोड, चंद्रा टॉकीज के पास, फर्स्टक्राई स्टोर के बगल में चास
9263001480 / 9263001481




औद्योगिक क्षेत्र का प्रमुख दैनिक (स्थापित : 15 अगस्त, 1947)
# आवाज
धनबाद, हजारीबाग, देवघर व आसनसोल (पश्चिम बंगाल) से प्रकाशित

**मौसम**

| स्थान | अधिकतम | न्यूनतम | वर्षा |
|---|---|---|---|
| धनबाद | 41 | 22 | 0% |
| देवघर | 41 | 23 | 0% |
| हजारीबाग | 41 | 20 | 0% |
| आसनसोल | 43 | 23 | 0% |
| रांची | 39 | 24 | 0% |
| पटना | 41 | 24 | 0% |

# अपहरण के मामले में एचडी रेवन्ना को एसआईटी ने किया गिरफ्तार

- प्रज्वल रेवन्ना फरार, कोर्ट ने दोनों की जमानत याचिका खारिज की

एजेंसी। 4 मई

**नई दिल्ली।** सैकड़ों महिलाओं के यौन शौषण के मामले में फंसे पूर्व प्रधानमंत्री देवेगौड़ा के बेटे जेडीएस नेता एचडी रेवन्ना को कर्नाटक पुलिस की एसआईटी ने गिरफ्तार कर लिया है. उनसे एक पीड़ित महिला के अपहरण के मामले में पूछताछ की जा रही है. बीते गुरुवार मैसूरु में एक महिला के अपहरण के आरोप में केस दर्ज कराया गया था. वो महिला भी यौन शोषण की शिकार है. केस दर्ज होने के बाद पुलिस ने रेवन्ना के खास सतीश बबन्ना को गिरफ्तार किया था. अब एसआईटी द्वारा दो बार नोटिस दिए जाने के बाद भी हाजिर नहीं होने पर रेवन्ना को गिरफ्तार किया गया है. 2 मई को राजू एचडी नामक एक शख्स ने केआर नगर पुलिस स्टेशन में अपहरण का केस दर्ज कराया था. अपनी शिकायत में उसने कहा था कि उसकी मां छह साल से एचडी रेवन्ना के घर और फार्महाउस में काम कर रही थी. लेकिन तीन साल पहले वो लोग काम छोड़कर अपने गांव में मजदूरी करने लगे. कुछ दिन पहले उसका एक परिचित सतीश आया उसकी मां को लेकर चला गया. कुछ दिन वापस भी ले आया.इसके बादद 29 अप्रैल की रात करीब 9 बजे सतीश फिर उसके घर आया उसकी मां को यह कहते हुए जबरदस्ती ले गया कि रेवन्ना ने उसे लाने को कहा है. क्योंकि पुलिस उनको खोज रही है. 1 मई को उसका एक दोस्त उसके पास आया और बताया कि उसकी मां का एक वीडियो वायरल हो रहा है. उसमें उसकी मां का यौन उत्पीड़न किया जा रहा है. इसके बाद उसने सतीश को कॉल करके मां को भेजने के लिए कहा, लेकिन वो नहीं आई.इस मामले में गिरफ्तारी से बचने के लिए कर्नाटक के पूर्व मंत्री रहे एचडी रेवन्ना ने अग्रिम जमानत की याचिका कोर्ट में दाखिल की थी।


एचडी रेवन्ना

### जेडीएस उम्मीदवार हैं प्रज्वल

प्रज्वल रेवन्ना कर्नाटक की हासन लोकसभा सीट से निवर्तमान सांसद हैं और 2024 लोकसभा चुनावों में जेडीएस के मौजूदा उम्मीदवार भी हैं। उनकी लोकसभा सीट पर दूसरे चरण में 26 अप्रैल को मतदान हो चुका है। इसके बाद उनके आपत्तिजनक वीडियो वायरल हुए और वह इसके बाद से जनता के सामने नहीं आए हैं। इस मामले की जांच के लिए विशेष टीम का गठन किया गया है।

## कांग्रेस की पुरी प्रत्याशी सुचारिता मोहंती का चुनाव लड़ने से इनकार

एजेंसी। 4 मई

**नई दिल्ली।** कांग्रेस की एक और प्रत्याशी ने चुनाव लड़ने से इनकार कर दिया है। दरअसल ओडिशा की पुरी लोकसभा सीट से कांग्रेस उम्मीदवार सुचारिता मोहंती ने आर्थिक कारणों का हवाला देते हुए अपना नाम वापस ले लिया है। इससे पहले इंदौर के कांग्रेस प्रत्याशी ने भी नामांकन के बाद अपना नाम वापस ले लिया था। वहीं सूरत लोकसभा सीट पर कांग्रेस प्रत्याशी का नामांकन रद्द हो गया था। सुचारिता मोहंती ने शनिवार को कांग्रेस पार्टी का टिकट लौटा दिया और दावा किया कि उन्हें पार्टी की तरफ से चुनाव लड़ने के लिए कोई पैसा नहीं दिया गया है। सुचारिता मोहंती ने कांग्रेस महासचिव केसी वेणुगोपाल को ईमेल भेजा है, जिसमें उन्होंने लिखा कि वह सांसद का टिकट लौटा रही हैं। रिपोर्ट्स के अनुसार, सुचारिता मोहंती ने लिखा कि पुरी लोकसभा सीट पर हमारा चुनाव प्रचार बुरी तरह से प्रभावित हुआ है क्योंकि पार्टी ने मुझे चुनाव के लिए फंडिंग देने से इनकार कर दिया। ओडिशा कांग्रेस के प्रभारी डॉ अजॉय कुमार ने मुझे खुद ही चुनाव प्रचार का खर्चा उठाने को कहा। सुचारिता मोहंती ने लिखा कि वह एक नौकरीपेशा पत्रकार रहीं, जो 10 साल पहले ही राजनीति में सक्रिय हुईं।


सुचारिता मोहंती

## बंगाल राज्यपाल पर छेड़छाड़ का आरोप पुलिस ने मामले को लेकर शुरू की जांच

एजेंसी। 4 मई

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल के राज्यपाल डॉ. सीवी आनंद बोस के खिलाफ एक महिला ने छेड़छाड़ का आरोप लगाया है। इसपर विवाद गहराता जा रहा है। मामले में राजनीतिक हलचल बढ़ गई है। इस बीच, पुलिस ने आरोपों की जांच शुरू कर दी है। कोलकाता पुलिस के सेंट्रल डिवीजन की डिप्टी कमिश्नर (डीसी) इंदिरा मुखर्जी ने कहा, 'राज्यपाल के खिलाफ छेड़छाड़ का मामला सामने आया है। इस मामले में एक जांच टीम का गठन किया गया है। हम अगले कुछ दिनों में कुछ संभावित गवाहों से बात करेंगे। साथ ही सीसीटीवी फुटेज के लिए अनुरोध किया गया है। कोलकाता के राजभवन में एक संविदा कर्मचारी ने पश्चिम बंगाल के राज्यपाल सीवी आनंद बोस के खिलाफ यौन उत्पीड़न के आरोप लगाए हैं। उन्होंने गुरुवार की शाम कोलकाता के हरे स्ट्रीट पुलिस स्टेशन में शिकायत दर्ज कराई है। उनका दावा है कि राज्यपाल ने उनके साथ दो बार छेड़खानी की। पहली बार 24 अप्रैल को फिर गुरुवार शाम को। महिला का आरोप है कि राज्यपाल ने उन्हें बायोडाटा के साथ राजभवन स्थित अपने चेंबर में आने को कहा था, जहां उनके साथ छेड़खानी की गई। उन्होंने पहले राजभवन में स्थित आउटपोस्ट में तैनात पुलिसकर्मियों से इसकी शिकायत की। वहां से उन्हें थाने में जाने को कहा गया।


डॉ. सीवी आनंद बोस

## आप के कैंपेन सॉन्ग को चुनाव आयोग ने दी मंजूरी

एजेंसी। 4 मई

**नई दिल्ली।** दिल्ली मुख्य निर्वाचन अधिकारी (सीईओ) कार्यालय ने आम आदमी पार्टी (आप) के लोकसभा चुनाव कैंपेन सॉन्ग में संशोधन के बाद उसे मंजूरी दे दी है. गाने को लिखने और आवाज देने वाले आप विधायक दिलीप पांडे ने गाने को मंजूरी मिलने की पुष्टि की है.आम आदमी पार्टी ने 28 अप्रैल को दावा किया था कि चुनाव आयोग ने उसके अभियान गीत जेल का जवाब वोट से देंगे पर प्रतिबंध लगा दिया है. हालांकि, दिल्ली चुनाव आयोग के अधिकारियों ने कहा था कि आप को गाने की सामग्री को संशोधित करने के लिए कहा गया था क्योंकि इसने आयोग के दिशानिदेर्शों और विज्ञापन संहिता का उल्लंघन किया है. एक अधिकारी ने कहा कि पार्टी ने संशोधन करने के बाद मुख्य निर्वाचन अधिकारी (सीईओ) कार्यालय को अपना प्रस्ताव दोबारा सौंपा, जिसके बाद गाने को मंजूरी दे दी गई. यह गाना पिछले महीने रिलीज हुआ था।




### अधीर चौधरी के बयान से मचा बवाल

## कुणाल घोष की हो सकती है हत्या !

एजेंसी। 4 मई

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल प्रदेश कांग्रेस के अध्यक्ष और कांग्रेस सांसद अधीर रंजन चौधरी ने आशंका जताई कि तृणमूल कांग्रेस के राज्यसभा के पूर्व सांसद कुणाल घोष की हत्या हो सकती है. अधीर रंजन चौधरी ने शुक्रवार को कहा कि कुणाल घोष सच बोलने लगे हैं, जो मुख्यमंत्री को पसंद नहीं है. बता दें कि बीजेपी उम्मीदवार तापस रॉय के समर्थन में बयान देने से नाराज पार्टी ने कुणाल घोष को महासचिव के पद से हटा दिया है. इसे लेकर बंगाल की सियासत में घमासान मचा हुआ है. कुणाल घोष को मतदान के बीच एक रक्तदान शिविर में उत्तरी कोलकाता के भाजपा उम्मीदवार तापस रॉय के साथ एक मंच पर देखा गया था. उस मच पर वह तापस रॉय के पक्ष में बयान दिया था.राजनीतिक विश्लेषकों के अनुसार, सुदीप बंद्योपाध्याय से तकरार के बीच कुणाल घोष की टिप्पणी को पार्टी ने ठीक से नहीं लिया. हालांकि तृणमूल का दावा है कि कुणाल घोष की टिप्पणी उनकी अपनी है. इसका पार्टी से कोई लेना-देना नहीं है. हालांकि अधीर चौधरी ने दावा किया, कुणाल घोष अब सीधी बात करने लगे हैं. यह ममता बनर्जी को पसंद नहीं है. कुछ दिनों बाद ही कुणाल घोष को जेल में डाल दिया जाएगा. उसकी हत्या हो सकती है. झूठे मामले में जेल भी हो सकती है. इस बीच, एक दिन पहले निष्कासन को लेकर कुणाल घोष की आंखों में आंसू देखे गये थे. उन्होंने कहा कि वह टीएमसी के कार्यकर्ता थे और रहेंगे. आज या कल, ममता दीदी-अभिषेक समझेंगे कि कौन सही है और कौन गलत है. कुणाल घोष ने कहा कि उनका मानना है कि जो भी व्यवस्था या जो भी पत्र दिया गया था, वह ममता बनर्जी और अभिषेक बनर्जी की सहमति से ही दिया गया है। बता दें कि टीएमसी के राज्यसभा के सांसद डेरेक ओ ब्रायन ने एक बयान जारी कर कहा था कि कुणाल घोष के बयान उनके निजी बयान हैं और उन्हें पार्टी के महासचिव पद से हटा दिया गया था. उसके बाद पार्टी ने उनका नाम स्टार प्रचारकों की सूची से भी हटा दिया।


अधीर रंजन चौधरी

## धनबाद थाना में 6.81 करोड़ की जीएसटी चोरी का मामला दर्ज

- विभाग को करनी है 14 करोड़ 2 लाख 73 हजार 624 रुपये की वसूली
- कई सेल कंपनियां बनाकर किया फ्रॉड

आवाज प्रतिनिधि। 4 मई

**धनबाद।** धनबाद वाणिज्य-कर विभाग के राज्य-कर पदाधिकारी गुफरान अहमद ने एक सेल कंपनी के खिलाफ धनबाद थाना में मामला दर्ज कराया है। दर्ज मामले के अनुसार धनबाद बिसनपुर जिला स्कूल के समीप रहने वाले छोटू राम, पिता चन्दु राम ने करोड़ों की जीएसटी चोरी कर सरकार को राजस्व का चुना लगाया है। जानकारी के अनुसार कथित व्यवसायी छोटू राम ने झारखण्ड माल एवं सेवा कर अधिनियम के तहत सर्वश्री श्रीराम एंड कंपनी के नाम से 5 फरवरी 2022 को व्यवसाय का निबंधन कराया था। निबंधन के बाद व्यवसायी की ओर से वित्तीय वर्षों के अंतर्गत कर का भुगतान नहीं किया गया। इसके बाद विभाग की नींद खुली और जांच का सिलसिला शुरू हुआ। जांच के उपरांत विभाग ने यह पाया कि गलत उद्देश्य से जीएसटीएन पोर्टल पर निबंधन प्राप्त कर उक्त व्यवसायी ने आइटीसी हस्तानांतरित कर सरकार से करोड़ो के राजस्व की ठगी की है। जांच में पाया गया कि छोटू राम द्वारा फ्रॉड कर बड़े पैमाने पर फॉल्स ट्रांजेक्शन के माध्यम से 6 करोड़ 81 लाख 11 हजार 306 रुपये के समतूल्य राजस्व की हानि पहुंचाई गयी है। जांच उपरांत कर देय व्यक्ति से कुल 14 करोड़ 2 लाख 73 हजार 624 रुपये की वसूल की जानी है, जो राज्य के राजस्व के लिए बहुत बड़ी राशि है।




### *वर्ष 2022 में शुरू हुई थी जांच*

*विभाग ने वर्ष 2022 में ही जांच शुरू की थी, लेकिन करदेय व्यक्ति का कोई भी वास्तविक पता, व्यवसाय स्थल उपलब्ध नहीं रहने के कारण विभाग के द्वारा कार्रवाई करने में कठिनाई हुई। विभाग के कान तब खड़े हो गये जब कथित व्यवसायी के द्वारा दिये गये पते पर किसी अन्य व्यक्ति का घर पाया गया। राज्य-कर पदाधिकारी के अनुसार जांच में पाया गया कि उक्त पते पर कमल नयन सिंह पिता शलीग्राम सिंह का निजी आवास है। विभाग को मिले कागजात में जो नगर निगम के दस्तावेज संलग्न किये गये, उसमें दिया गया मोबाइल नंबर भी मकान मालिक का मिला। जबकि व्यवसायी छोटू राम ने विभाग में दिये गये दस्तावेजों में दर्शाया था कि वह उक्त आवास में किरायेदार के रूप में रहता है। इसके लिए छोटू राम ने 9 फरवरी 2022 की तिथि पर मकान मालिक कमल नयन सिंह के साथ किराया एकरारनामा का दस्तावेज भी जमा किया था।*

### *गृह स्वामी ने कहा ऐसे किसी व्यक्ति से उनका संपर्क नहीं*

*इधर, गृह स्वामी ने विभागीय अधिकारियों को बताया कि उनके द्वारा किसी भी व्यक्ति को कभी भी अपना आवास किसी भी प्रयोजन के लिए अथवा किसी भी रूप में नहीं दिया गया। होल्डिंग टैक्स की प्रति और अन्य दस्तावेजों के संबंध में भी गृहस्वामी ने कुछ बता पाने में असमर्थता जाहिर की।*

### देहरादून में भीषण सड़क हादसा, चट्टान से टकराई कार, 5 छात्रों की मौत

**देहरादून।** उत्तराखंड के मसूरी-देहरादून मार्ग पर चूनाखाल के पास भीषण सड़क हादसा हो गया. इस हादसे में पांच लोगों की मौत हो गई. शनिवार सुबह करीब पांच बजे एक कार अनियंत्रित होकर सड़क के किनारे चट्टान से जा टकराई. इसकी सूचना मसूरी पुलिस को मिली. सूचना के बाद मसूरी पुलिस एसडीआरएफ के साथ घटनास्थल पर पहुंची और वहां से शवों को बाहर निकाला. साथ ही घायलों को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती करवाया. जानकारी के मुताबिक, कार सवार सभी लोग देहरादून से मसूरी घुमने के लिए आये थे. मृतकों में अमन सिंह, दिंग्याश प्रताप, तनुजा रावत, आशुतोष तिवारी और हृदयांश चन्द्र हैं. ये सभी छात्र हैं. वहीं हादसे में एक घायल नयनश्री है जो कि आईएमएस यूनिवर्सिटी की छात्रा है।

## भारतीय सेना के पास होगा दुनिया का पहला हाई एल्टीट्यूड लॉजिस्टिक्स ड्रोन



- एयर एंबुलेंस का भी करेगा काम
- दुनिया का पहला हाई एल्टीट्यूड लॉजिस्टिक्स ड्रोन

एजेंसी। 4 मई

**नई दिल्ली।** दूर दराज के इलाकों और हाई एल्टीट्यूड एरिया में भारतीय सेना को सामान पहुंचाने में काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ता है। खासतौर पर 18 हजार फीट के ऊपर कम वजन का सामान या हथियार पहुंचाने के लिए या तो हेलीकॉप्टर पर निर्भर रहना पड़ता है या फिर अगर वहां सड़क मार्ग है, तो वाहन के जरिए ही पहुंचाया जा सकता है। वहीं, अब यह काम ड्रोन करेगा, क्योंकि भारतीय सेना को 40 किग्रा पेलोड की क्षमता वाले स्वदेशी तकनीक से बने ऐरावत ड्रोन बेहद पसंद आए हैं और उम्मीद जताई जा रही है कि जल्द ही इनकी डिलीवरी भी शुरू की जाएगी। फिरोजाबाद की ऑर्डिनेंस इक्विपमेंट फैक्टरी हजरतपुर ने सैन्य ऑपरेशन के लिए 20 से 100 किग्रा का वजन ढोने की क्षमता वाले लॉजिस्टिक ड्रोनों को डिजाइन किया है, इनमें ऐरावत-1 की क्षमता 20 किग्रा, ऐरावत-2 की क्षमता 40 किग्रा है। जबकि ऐरावत-3 जिसकी पेलोड क्षमता 100 किग्रा है, हालांकि वह अभी डेवलपमेंट फेज में है।

### *सेना वहन करेगी ट्रायल का खर्च*

*इस साल की शुरूआत में ऐरावत-2 लॉजिस्टिक ड्रोन के उत्तरी कश्मीर में उरी और कुपवाड़ा, पूर्वी लद्दाख में न्योमा और अरुणाचल प्रदेश के तवांग सेक्टर में 12,500 फीट तक हाई एल्टीट्यूड इलाकों में परीक्षण आयोजित किए गए थे। ड्रोन ने पेलोड के साथ भारत-चीन सीमा में 5000 मीटर की ऊंचाई तक भी उड़ान भरी। यहां तक कि खराब मौसम में भी ऐरावत ने सफलतापूर्वक मिशन पूरा किया।*



# छह उम्मीदवारों ने किया नामांकन, अब तक कुल 18 प्रत्याशियों ने भरा पर्चा

**आवाज प्रतिनिधि । 4 मई**

धनबाद। लोकसभा चुनाव के लिए शनिवार को कुल छः उम्मीदवारों ने अपना नामांकन पत्र दाखिल किया। इनको मिला कर अब तक कुल 18 उम्मीदवारों ने अपना नामांकन पत्र दाखिल करवाया है। सोमवार को नामांकन दाखिल करने कि अंतिम तिथि है। जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त माधवी मिश्रा के समक्ष आज उम्मीदवारों ने नामांकन करने




वालो में लाल बहादुर शास्त्री जनहित पार्टी से कृष्ण चन्द्र सिंहराज, आजाद समाज पार्टी के परवेज नैय्यर,सोसिस्ट यूनिटी



सेंटर ऑफ इंडिया कम्युनिस्ट से राजीव तिवारी तथा स्वतंत्र



उम्मीदवार के रूप में नारायण गिरी, कामेश्वर प्रसाद वर्मा और



रियाजूल हक शामिल हैं। अवसर पर अपर समाहर्ता विनोद



कुमार, निदेशक डीआरडीए राजीव रंजन, जिला आपूर्ति



पदाधिकारी प्रदीप कुमार शुक्ला सहित अन्य लोग मौजूद थे।

## गोधर में रोड किनारे होटल से भारी मात्रा में शराब जब्त, तीन गिरफ्तार



जब्त शराब दिखाते पुलिस अधिकारी, पीछे खड़े आरोपी

**आवाज प्रतिनिधि । 4 मई**

**केंदुआ।** केंदुआडीह थाना क्षेत्र अंतर्गत गोधर पावर हाउस की समीप शनिवार की शाम अवैध महुआ दारू एवं अंग्रेजी शराब बिक्री के विरुद्ध छापामारी कर भारी मात्रा में शराबा के साथ तीन धंधेबाजों को गिरफ्तार किया गया। छापामारी के क्रम में सनोज पासवान के गोधर पावर हाउस के पास के झोपड़ी नुमा होटल से किंगफिशर बियर 12 बोतल, मैकडॉनल्ड व्हिस्की 180 एमएल के 51 बोतल , 6 गॉडफादर बियर केन, 8:00 पी.एम व्हिस्की 21 बोतल तथा 5 लीटर महुआ दारू तथा मुन्ना गुप्ता मछली पट्टी के दुकान से 5 लीटर महुआ दारू तथा भोला चौहान गोधर के पास से 5 लीटर महुआ दारू बरामद किया गया है । इसी क्रम में सनोज पासवान, मुन्ना गुप्ता, भोला चौहान को गिरफ्तार कर थाना लाया गया है । इस संदर्भ में सब इंस्पेक्टर धीरज कुमार मिश्रा के लिखित आवेदन पत्र के आधार पर कांड दर्ज कर अग्रिम कार्रवाई की जा रही है।

### गौरखूटी से अवैध शराब की दर्जनों बोतलें बरामद

**पाथरडीह।** सुदामडीह पुलिस ने शुक्रवार की शाम भौंरा गौरखूंटी छपरा मोड़ के एक अवैध शराब दुकान में छापामारी कर दर्जनों बोतल अवैध शराब जब्त किया है। छापामारी के दौरान दुकान मालिक धर्मेन्द्र साव फरार हो गया। पुलिस ने विदेशी आरसी व देसी शराब एवं गौड़ फादर बियर जब्त कर थाना लायी है। छापामारी को लेकर एक्साइज एक्ट के तहत मामला दर्ज किया गया है।

### मोहलबनी से अवैध कोयला लदा स्कूटर पकड़ाया

पाथरडीह। सुदामडीह पुलिस ने शनिवार को मोहलबनी विरसा पुल के निकट अवैध कोयला लोड कर जा रहा एक बिना नम्बर का एक स्कूटर को धर दबोचा है। कोयला लोड स्कूटर को जब्त कर थाना लाया गया है। जबकि कोयला चोर स्कूटर छोड़कर फरार हो गया। बताते है कि शनिवार की शाम गश्ती के दौरान सहायक अवर निरीक्षक उमेश राम ने बिरसा पुल से उस पार भोजूडीह की ओर जा रही लगभग तीन क्विंटल अवैध कोयला लोड स्कूटर को धर दबोचा है। जबकि स्कूटर चालक स्कूटर छोड़कर भाग निकला।

## एसएनएमएमसीएच : फिर पुरानी बिल्डिंग में 7 मई से शुरू होगा इमरजेंसी वार्ड

### कैथलैब से शिफ्टिंग का काम हुआ पूरा

**आवाज प्रतिनिधि । 4 मई**

**धनबाद।** सात माह पहले कैथलैब में शिफ्ट हुआ एसएनएमएमसीएच का इमरजेंसी वार्ड फिर पुरानी बिल्डिंग में शिफ्ट करने की प्रक्रिया लगभग पूरी हो चली है। माना जा रहा है कि अगर सबकुछ ठीक रहा तो शिफ्टिंग का सारा काम सोमवार को पूरा कर लिया जायेगा और मंगलवार 7 मई से पुरानी इमरजेंसी शुरू कर दी जायेगी। अस्पताल प्रबंधन ने इसकी कवायद तेज कर दी है। पुराने भवन में बेड की व्यवस्था कर दी गयी है। शनिवार को कैथ



एसएनएमएमसीएच का इमरजेंसी वार्ड

लैब से कई जरूरी सामान पुराने भवन में लाया गया। इमरजेंसी के मेल वार्ड में कई मरीजों को भर्ती कर इलाज भी किया जा रहा है। वहीं फीमेल वार्ड की बिजली, पंखे आदि दुरूस्त कर दिया गया है। जानकारी के अनुसार 15 मई तक इमरजेंसी एक बार फिर पुराने भवन में शिफ्ट करने की योजना थी लेकिन 7 मई तक वहां इमरजेंसी सेवा शुरू हो जाने की कर्मियों में चर्चा है। पहले भी शिफ्टिंग की प्रक्रिया शुरू की गई लेकिन अचानक कई दिन रोक दी गई थी। बताते चलें कि पुराने इमरजेंसी में बेड की संख्या कम होने के कारण मरीजों को हो रही परेशानी को देखते हुए कैथ लैब बिल्डिंग में शिफ्ट किया गया था। लेकिन कैथ लैब बिल्डिंग का सेंट्रलाइज एसी का कमजोर वायरिंग का हवाला देते हुए इमरजेंसी को पुनः पुराने भवन में शुरू करने का निर्णय लिया गया है।

## कुपोषण उपचार केंद्र से बच्चों को बिना इलाज डिस्चार्ज करने के मामले की हुई जांच

**आवाज प्रतिनिधि । 4 मई**

**धनबाद।** सदर अस्पताल में कुपोषण मरीज बच्चों के साथ दुर्व्यवहार, खराब दूध मिलने व बिना इलाज डिस्चार्ज किए जाने के मामले में शनिवार को अस्पताल के नोडल पदाधिकारी डॉ राजकुमार और एमटीसी के प्रभारी डॉ गौतम ने सेंटर में तैनात चिकित्सक डॉ गोरा चांद, नर्सिंग स्टाफ और एनजीओ के प्रतिनिधि अभिषेक से पूछताछ की। कर्मचारियों ने मरीज के साथ दुर्व्यवहार की बात को नकार दिया। चिकित्सक ने निर्धारित मापदंड के अनुसार बच्चों की देखभाल का हवाला दिया। वहीं एनजीओ प्रतिनिधि अभिषेक ने अस्पताल के नोडल से फोन से बातचीत में कहा कि वह बच्चों को अस्पताल से ले जाना चाहते थे लेकिन अस्पताल से डिस्चार्ज करने की बजाए अपनी मर्जी से बच्चों को ले जाने की बात लिखकर जाने को कह रहे थे। इसके बाद उन्होंने अस्पताल प्रबंधन के नाम आवेदन लिख बच्चों को ले आया।मामले में अस्पताल के नोडल पदाधिकारी डॉ राजकुमार ने कहा कि पूरे मामले में साजिश की बू आ रही है। जांच में इसके तह तक पहुंचने का प्रयास किया जाएगा। यह अस्पताल की छवि धूमिल करने का प्रयास है। वहीं एमटीसी के इंचार्ज डॉ रोहित गौतम ने कहा कि अथक प्रयास से धनबाद को 24 वें नंबर से 13 नंबर पर लाया गया है। लेकिन इस तरह की घटनाओं से केंद्र की विश्वसनीयता पर सवाल उठ गया है। बता दे कि कुपोषण उपचार केंद्र में कुपोषण का शिकार बच्चों को नियमानुसार 15 दिनों तक रखकर देखभाल करनी है। बच्चों को पौष्टिक भोजन देना है। नियमित वजन आदि मापना है। निगरानी करनी है कि बच्चे का वजन बढ़ा या कम हुआ। लेकिन पूछताछ के दौरान एक बात स्पष्ट हुआ कि बच्चों को 7-10 दिन में अस्पताल से डिस्चार्ज किया गया था।

### 10 जून को गुरुद्वारा में शहीदी पर्व

**धनबाद।** जिले के बैंक मोड़ स्थित बड़ा गुरुद्वारा में सोमवार10 जून को सिखों के 5 वें गुरु श्री अर्जन देव जी का शहीदी पर्व गर्व के साथ मनाया जायेगा। इस अवसर पर संगत द्वारा सबद कीर्तन किये जायेंगे। साथ ही गुरुद्वारा के समक्ष शर्बत एवं चना का वितरण भी किया जायेगा। गुरूद्वारा प्रांगण में आयोजित कार्यक्रम में बड़ी संख्या में सिख समुदाय के महिला पुरुष व बच्चे संगत में शामिल होंगे।

## बांग्ला नववर्ष के आगमन पर स्पंदन का सांस्कृतिक कार्यक्रम

- **कलाकारों ने प्रस्तुति से मोहा मन**

**आवाज प्रतिनिधि । 4 मई**

**धनबाद।** धनबाद कोयला नगर स्थित बीसीसीएल के कम्युनिटी हॉल में ह्यस्पंदनह्न द्वारा बांग्ला नए साल के आगमन परह्नबरसो बरोनह्न एक सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के अतिथियों ने सर्वप्रथम दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम को शुरूआत की। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथियों में दीपक सेन, काशीनाथ चटर्जी, तपन रॉय, गोपाल भट्टाचजी उपस्थित थे। स्पंदन द्वारा उद्बोधन गीत गाकर



दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का उद्घाटन करते अतिथि

संस्कृति कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया फिर लगातार सांस्कृतिक कार्यक्रम चलता रहा जिसमे जिले के कोने कोने से आये कलाकारों ने कला का प्रदर्शन किया। इस कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए स्पंदन के अध्यक्ष मनोज मजूमदार, सचिव बोनार्ली सेनगुप्ता के अलावा लिलामॉय गोस्वामी, करुणामोय हलदर, सुरजीत पाल, बबलु गांगुली, देवदास सेनगुप्ता, राहुल हालदार, अरविंदो बनर्जी और नीलकमल खवास ने आम भूमिका निभाई। कार्यक्रम में एकल संगीत इंद्रजीत चटर्जी, अमित दास, चयनिका मित्रा, दिशानी दत्ता, प्रणब मुखर्जी, संजय चटर्जी, श्याम बनर्जी साथ ही साथ तबला में इंद्रनील मित्रा,वायलिन में ब्रतीन कहली, अश्मिता मुखर्जी डांस ग्रुप सोरोशी चंद्रा, सपना,रेशमी साहा, शम्पा मुखर्जी, संचिता बख्शी ,एकल नृत्य मे श्रुति चंद्रा,और सुबोर्ना बनर्जी अंत में समापन संगीत स्पंदन ग्रुप द्वारा प्रस्तुत किया गया। संस्था के मीडिया प्रभारी नीलकमल खवास और अरबिंदो बनर्जी ने धन्यवाद ज्ञापन दिया।

## नगर निगम का फूड फीस्ट गोल्फ ग्राउंड में आज

- **विभिन्न होटल और रेस्टोरेंट परोसेंगे लजीज व्यंजन**

**आवाज प्रतिनिधि । 4 मई**

**धनबाद।** रणधीर वर्मा स्टेडियम गोल्फ ग्राउंड में 5 मई को फूड एंड फीस्ट कार्यक्रम का आयोजन नगर निगम करेगी। नगर आयुक्त रविराज शर्मा ने बताया कि लोकसभा चुनाव में मतदाताओं को जागरूक करने के लिए कार्यक्रम किया जा रहा है। कार्यक्रम संध्या 6 बजे से रात्रि




10 तक चलेगी। लोग इसमें स्वादिष्ट व्यंजन और नृत्य का आनंद उठा सकते हैं। छऊ नृत्य और सोलो डांस इत्यादि सहित कई तरह के सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन भी किया जाएगा। फूड एंड फीस्ट कार्यक्रम में शहर के विभिन्न होटल और रेस्टोरेंट के लजीज व्यंजन भी परोसे जाएंगे। नगर आयुक्त के अनुसार इसमें कई तरह के स्टॉल भी लगाए जाएंगे। जहां लोगों को बाजार शुल्क से कम दरो पर सामान उपलब्ध रहेगा। बच्चों के लिए कई तरह के खेलकूद के आयोजन भी किये गए हैं। नगर आयुक्त ने बताया कि एंट्री निःशुल्क रहेगी।

## संक्षिप्त खबरें

### नन्हे हत्याकांड में सूचक फिर अपने बयान से पलटा, कहा किसने मारी गोली नहीं बता सकता

**आवाज प्रतिनिधि । 4 मई**

**धनबाद।** जमीन कारोबारी नन्हे खान की सरेआम हत्या करने के मामले में शनिवार को अभियोजन ने मामले के सूचक अल्ताफ आलम उर्फ रूमी को बतौर गवाह पेश किया। जिला एवं सत्र न्यायाधीश प्रफुल्ल कुमार की अदालत मे बयान देते हुए रूमी ने कहा कि उसके भाई नन्हे को किसने गोली मारी वह नहीं बता सकता। अदालत ने अभियोजन को गवाह पेश करने का आदेश दिया है। बताते चलें कि 24 नवंबर 2021 के दोपहर करीब 3.20 बजे दो बाइक पर सवार चार शूटरों ने बुलेट से जा रहे 37 वर्षीय नन्हे पर गोलियों की बौछार कर दी थी। घटना को अंजाम देकर अपराधी आराम से भाग निकले थे।

**प्राथमिकी में 12 लोग हैं नामजद:**नन्हे खान के भाई अल्ताफ आलम उर्फ रूमी के फर्द बयान पर प्राथमिकी दर्ज की गई थी। प्राथमिकी में कुल 12 लोग नामजद हैं। जिसमें गोपी खान उर्फ जियाऊर रहमान,गॉडविन खान उर्फ शौकत अली, बंटी खान उर्फ जियाऊल हक, प्रिंस खान उर्फ हैदर अली, शम्मी, इरफान मुखिया, हैदर खान, हीरा ड्राइवर,भोमा रजा, डिक्की,अनवर और डिम्पी नामजद आरोपी बनाए गए थे। पुलिस ने इस मामले में प्रिंस खान की मां नसरीन खातून, बंटी, गोडविन अनवर उर्फ रहमत, डिक्की अंसारी उर्फ मुतुर्जा, हैदर खान, आजाद आलम और शाहबाज आलम समेत 20 के विरुद्ध चार्जशीट दायर किया था। जबकि पुलिस ने गोपी, प्रिंस, समेत अन्य के विरुद्ध अनुसंधान जारी रखा है।

### रंजय हत्याकांड में कोर्ट ने गवाह पेश करने का दिया आदेश

**धनबाद।** विधायक संजीव के करीबी रंजय सिंह उर्फ रवि रंजन सिंह की हत्या के आरोप मे जेल में बंद आरा बेरथ निवासी नंद कुमार सिंह उर्फ बबलू उर्फ रूना सिंह उर्फ मामा को जिला एवं सत्र न्यायाधिश दुर्गेश चंद्र अवस्थी की अदालत में रांची के होटवार जेल से वीसीएस के द्वारा पेश किया गया। वहीं जमानत पर मुक्त हर्ष सिंह हाजिर नहीं हुए। अभियोजन ने गवाह पेश करने के लिए निर्देश दिया है। बताते चलें कि रूना सिंह उर्फ मामा 8 अगस्त से जेल मे बंद है। 5 नवंबर 2018 को सरायढेला थाना प्रभारी निरंजन तिवारी ने मामा को शूटर बताते हुए उसके विरूद्ध अदालत में चार्जशीट दायर किया था। जबकी चंदन शर्मा, हरेन्द्र सिंह के विरूद्ध अनुसंधान जारी रखा है। रंजय सिंह उर्फ राजीव रंजन सिंह की हत्या बिग बाजार के सामने चाणक्य नगर मोड़ पर 29 जनवरी 2017 की शाम करीब 5.30 बजे रामेश्वर तिवारी के घर के समीप गोलियों से भून कर कर दी गई थी।

### ईसीएल कर्मी से रिश्वत लेने वाला अधिकारी गया जेल

**धनबाद।** ट्रांसफर के एवज में ईसीएल कर्मी संजीव कुमार से बीस हजार रुपए रिश्वत लेते रंगे हाथ गिरफ्तार हरियाजाम ईस्ट कुमारधुबी कोलियरी के एजेंट राम प्रकाश पांडे की पुलिस हिरासत अवधि शनिवार को समाप्त होने के साथ ही सीबीआई ने आरोपी को अदालत के समक्ष पेश कर रिमांड वापस कर दिया। सीबीआई के विशेष न्यायाधीश रजनीकांत पाठक की अदालत ने आरोपी पांडे को न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया। 2 मई की शाम को सीबीआई ने आरोपी राम प्रकाश पांडे को कोर्ट में पेश किया था। मामले के अनुसंधानक संदीप सिंह ने कोर्ट में आवेदन दायर कर आरोपी राम प्रकाश पांडे की चार दिनों की सीबीआई हिरासत की मांग की थी। कोलियरी ऐजेंट रामप्रकाश पांडे को एक मई को सीबीआई की टीम ने शाम करीब साढे छह बजे 20 हजार रुपये रिश्वत लेते दबोच लिया था। रामप्रकाश पांडे के पास आय से अधिक संपत्ति अर्जित करने के भी कई सुराग मिले हैं, जिस संबंध में सीबीआई जांच कर रही है।

### क्रेडो वर्ल्ड स्कूल करेगा लॉन टेनिस और क्रिकेट ट्रेनिंग शिविर का आयोजन

**धनबाद ।**क्रेडो वर्ल्ड स्कूल दुसरा धनबाद के बच्चों के लिए गर्मी की छुट्टिओ के दौरान लॉन टेनिस और क्रिकेट शिविर का आयोजन करने जा रहा है। लॉन टेनिस कैंप 10 मई से तथा क्रिकेट कैंप 11 मई से आरम्भ होगा। कैंप महीने तक तक चलेगा और भाग लेन वाले बच्चों को , सप्ताह में तीन दिन लॉन टेनिस कोचिंग में भाग ले सकेगे ।वहीं क्रिकेट कैंप सप्ताह में चार दिन आयोजित किया जाएगा। ज्ञात हो कि इसके पहले विद्यालय ने 1 मई से स्विमिंग समर कैंप का आयोजन किया था ।

## साल 2012 में सोने की कीमत 29,200 रुपए प्रति 10 ग्राम थी, आज 70 हजार के पार

# 10 को अक्षय तृतीया, सोने के बढ़े भाव ने बढ़ाई सराफा व्यापारियों की चिंता



**आवाज प्रतिनिधि । 4 मई**

**धनबाद।** अक्षय तृतीया को लेकर बाजारों में काफी चहल-पहल है। सराफा व्यवसायी कई आकर्षक ऑफर देने की घोषणा कर रहे हैं, लेकिन सोने के दाम में आई अप्रत्याशित वृद्धि कहीं बाजार की रौनक न छीन ले, व्यापारियों को इसका भी डर सता रहा है। सोना-चांदी का भाव तेज होने का असर यह है कि ग्राहक भारी गहनों की बजाए लाइट वेट ज्वेलरी की डिमांड कर रहे हैं या बनवा रहे हैं। सराफा बाजार में 24 कैरेट 10 ग्राम सोने का भाव 73,000 रुपये पहुंच गया है। वहीं एक किलो चांदी का भाव 82,000 रुपये है। हालांकि कुछ सराफा व्यवसायियों का कहना है कि सोने के बढ़े भाव के बीच बेहतर ऑफरों की पेशकश की जा रही है। शादी-ब्याह के लिए भी आभूषणों का एडवांस आर्डर मिल रहा है। अब लोग 20 और 22 कैरेट में गहने बनवाना या खरीदना अधिक पसंद करते हैं।

### 12 सालों में आसमान छुने लगा सोने का भाव

वर्ष 2012 में अक्षय तृतीया के मौके पर सोने की कीमत 29,200 रुपए प्रति 10 ग्राम थी। आज की कीमत से तुलना करें तो सोने का भाव डेढ़ गुणा अधिक हो चुका है। इस साल सोने की कीमत 72 हजार रुपए के पार जा चुका है। साल 2022 अक्षय तृतीया के मौके पर सोने की कीमत 58,000 रुपए थी। मतलब अक्षय तृतीया पर सोना खरीदने के लिए इस साल 10 हजार रुपए से अधिक अतिरिक्त खर्च करना होगा।

### वाहनों की हो रही प्री बुकिंग

ऑटोमोबाइल सेक्टर में शोरूम संचालकों की मानें तो शुभ मुहूर्त के लिए मनपसंद मॉडल की कार और बाइक्स की बुकिंग हो रही है। त्योहार के कारण डिमांड बढ़ी है। अक्षय तृतीया पर धनबाद में अलग-अलग कंपनियों के शो रूम से 300 से अधिक कारें और लगभग एक हजार बाइक्स की डिलीवरी होने का अनुमान कारोबारी लगाते हैं।

### रियल इस्टेट को बेहतर कारोबार की आस

वित्तीय वर्ष की समाप्ति और इसके तुरंत बाद लोकसभा चुनाव की घोषणा से रियल इस्टेट सेक्टर में कारोबार धीमा है। शहर में चुनिंदा प्रोजेक्ट ही शुरू हो पाए हैं। बावजूद अक्षय तृतीया से रियल इस्टेट सेक्टर में भी डिमांड बढ़ने का अनुमान है। धनबाद बिल्डर्स एसोसिएशन के अध्यक्ष विनय कुमार सिंह का कहना है कि डेवलपर्स के पास इंक्वायरी और बुकिंग पहले से बढ़े हैं। त्योहार से रियल इस्टेट सेक्टर में बूम की उम्मीद है।

### 10 मई को 100 साल बाद गजकेसरी योग में अक्षय तृतीया




**धनबाद।** वैशाख माह के शुक्ल पक्ष की तृतीया तिथि यानी 10 मई को इस बार अक्षय तृतीया मनाई जायेगी। इस तिथि का हिंदू धर्म में विशेष महत्व है। अक्षय तृतीया को अबूझ मुहूर्त माना गया है यानी इस दिन बिना मुहूर्त विचार के कोई भी शुभ और मांगलिक कार्य किया जा सकता है। अक्षय मतलब जिसका कोई क्षय नहीं है। इस दिन सोने-चांदी से बने आभूषण की खरीदारी और मां लक्ष्मी की विशेष पूजा करने से अक्षय फल की प्राप्ति होती है। धार्मिक मान्यताओं के अनुसार सोने-चांदी की चीजों की खरीदारी से व्यक्ति के जीवन में खुशियां और धन- संपदा हमेशा बनी रहती है। इस वर्ष अक्षय तृतीया पर गजकेसरी राजयोग का निर्माण भी होगा। वैदिक ज्योतिष शास्त्र में गजकेसरी योग को बहुत शुभ योग माना जाता है। यह योग 100 साल बाद इस दिन बन रहा है।

### पुलिस को दिए बयान में डोरेमोन और पटियाला ने बताया

# प्रिंस के कहने पर संजय सिंह पर चली थी गोली

- **अपसार उर्फ हामिद संभाल रहा प्रिंस का धनबाद में रंगदारी का साम्राज्य**





**आवाज प्रतिनिधि। 4 मई**

**धनबाद।** संजय सिंह की रेकी करने के दौरान हथियार के साथ रंगे हाथ धराये प्रिंस के गुर्गे डोरेमोन उर्फ अयान अंसारी उर्फ अयान शेख और अरमान पटियाला को सरायढेला थाना पुलिस ने शनिवार को अदालत में पेश किया। प्रभारी मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी राजीव त्रिपाठी की अदालत ने दोनों को एक पखवाड़े के लिए न्यायिक हिरासत में लेकर जेल भेज दिया है। 3 मई को पुलिस की स्पेशल टीम ने गुप्त सूचना पर दोनों को कोयला नगर के समीप से हथियार के साथ गिरफ्तार किया था।

**दोनों अपराधी प्रिंस के लिए करते हैं काम :** पुलिस को दिए बयान में डोरेमोन उर्फ अयान अंसारी उर्फ अयान शेख और अरमान पटियाला ने अपना जुर्म कबूल करते हुए स्वीकार किया कि दोनों प्रिंस खान के लिए काम करते हैं। वह पहले से प्रिंस के गिरोह का सदस्य था। प्रिंस खान के लिए फिरौती वसूलने, रकम को प्रिंस तक पहुंचाने और नए लड़कों को गिरोह में शामिल करने का पूरा करोबार वह संभालता है। जमीन के कारोबार के क्रम में इसी वर्ष उसकी मुलाकात अपसार उर्फ सुभान हमीद से हुई थी।

### गोली चलाने के लिए मिलने थे दो लाख रुपये

*दोनों ने खुलासा किया कि प्रिंस के कहने पर अपसार उर्फ सुभान ने संजय पर गोली चलवाई थी। काम के एवज में प्रिंस खान ने दो लाख रुपए देने को बोला था। पहले 40 हजार मिला फिर 1 लाख 60 हजार रुपया काम पूरा होने पर देने की बात हुई थी। 40 हजार रुपए में से 20 हजार रुपए उसने आसिफ उर्फ रिहान को दे दिया था और काम होने पर 1 लाख देने की बात उससे कही थी ।*

### गोली चलाने के लिए दिया गया था पिस्टल और कारतूस

*25 अप्रैल से पांच दिन पहले अपसार के स्विफ्ट डिजायर कार से डोरेमोन, पटियाला और राहुल रांगाटाड़ रेलवे ओवर ब्रिज पहुंचे जहां अपसार ने पांच-पांच सौ रुपए का बंडल कुल डेढ़ लाख रुपए अयान उर्फ डोरेमोन को दिया और कहा कि मित्तल मेडिकल के सामने लड़का खड़ा होगा उसे रुपया दे देना। वह प्रिंस का आदमी है। अपसार के कहने पर गोलू मित्तल मेडिकल के सामने खड़े उन तीनों लडकों को लेकर संजय सिंह के क्वार्टर की तरफ गया। राहुल सिंह ने उन तीनों लड़कों को अपसार के पास से लेकर एक पिस्टल और कारतूस दिया।*

### पैसा नहीं देने पर मारनी थी गोली

*25अप्रैल को योजना के अनुसार डोरेमोन अरमान उर्फ पटियाला और अपसार रात 8:30 बजे मेमको मोड़ पहुंचे वहां तीनों ने बियर पिया अपसार के कहने पर डोरेमोन कोयला नगर संजय सिंह के क्वार्टर पर नजर रखने लगा। इसी बीच टीवीएस राइडर से तीनों लड़के आए और संजय सिंह के क्वार्टर पर गोली चलाई और स्टील को गेट की और मोटरसाइकिल से भाग गया। दोनों ने खुलासा किया कि 3 मई को अपसार उर्फ सुभान हमीद ने डोरेमोन और अरमान पटियाला को कोयला नगर में देसी कट्टा और कारतूस देकर बोला कि संजय सिंह को ढूंढो मिलेगा तो उससे पैसा मांगना अगर पैसा नहीं दिया तो गोली मार देना। संजय सिंह दोनों लड़कों को नहीं मिले दोनों जब स्टील गेट से लौट रहे थे तो पुलिस ने दोनों को गिरफ्तार कर लिया ।*

## चिरकुंडा : बंद घर से 70 हजार नकद समेत लाखों के आभूषणों की चोरी



खुली आलमारी और बिखरे सामान

**आवाज प्रतिनिधि। 4 मई**

**चिरकुंडा।** चिरकुंडा थाना क्षेत्र अंतर्गत बाबूडंगाल में बीसीसीएल की ऑफिसर कॉलोनी में अर्चना सिंह के बंद घर से चोरों ने बीते शुक्रवार की रात 70 हजार नकद सहित लाखों रुपए की संपत्ति की चोरी कर ली। इसकी लिखित शिकायत अर्चना सिंह ने चिरकुंडा थाना में की है। पुलिस त्वरित कार्रवाई करते हुए घटना की जांच प्रारंभ कर दी है। लिखित शिकायत में अर्चना सिंह ने कहा है कि 70 हजार नकद के साथ-साथ सोने चांदी के जेवरात को चोरों ने निशाना बनाया। उन्होंने बताया कि शुक्रवार को कुछ काम से वह घर से बाहर गई हुई थी जब वे रात में आई तो देखा कि उनके घर के मुख्य गेट का ताला टूटा हुआ है। उनके घर में चोरों ने अलमीरा में रखें सभी सामान को तीतर बीतर कर डाला और अलमीरा में रखे 70 हजार नकद सहित 14 चांदी के सिक्के, सोने के दो नाक के टॉप्स, एक कंगन, एक सोने की अंगुठी, सोने के कटे हुए टुकड़े व दो चांदी के पायल व अन्य कीमती सामान पर चोरों ने हाथ साफ कर दिया। प्आवेदन मिलते ही सुनील सिंह घटनास्थल पर पहुंचकर घटना की जानकारी गृह स्वामी से ली। उन्होंने बताया की छापामारी जारी है जल्द ही मामले का उद्भेदन कर लिया जाएगा व रात में चोरी करने वाले गिरोह का पर्दाफाश किया जाएगा।

# महुदा: कोयला समेत तीन तस्करों को ग्रामीणों ने पकड़ा, पुलिस के संरक्षण से भागे

- **आक्रोशित ग्रामीणों ने पुलिस के रवैये पर उठाया सवाल**
- **दिन-रात बोकारो जिला में खपाया जा रहा अवैध कोयला**



कोयला और बाइक जब्त करती पुलिस



फरार तस्कर

**आवाज प्रतिनिधि। 4 मई**

**महुदा।** महुदा थाना क्षेत्र के तेलमोचो बाजार स्थित कुंजी हाई स्कूल के समीप शनिवार की सुबह ग्रामीणों ने अवैध कोयला तस्करी के खिलाफ अभियान चलाकर दर्जनों बाइक से अवैध कोयला ले जा रहे लोगों को रोक दिया और तीन लोगों को पकड़ लिया। पुलिस के संरक्षण में जाते ही तीनों भाग निकले जिससे ग्रामीणों का आक्रोश भड़क गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार ग्रामीणों ने सुबह से कमर कस लिया और कोयला ले जा रहे बाइक सवारों को रोक रहे थे। इस क्रम में पीछे से आ रहे कुछ बाइक सवार भाग निकले। साथ ही कुछ बाइक सवारों ने कोयले को उतारकर ग्रामीणों को चकमा देकर वहां से भाग निकले। ग्रामीणों की सूचना पर महुदा पुलिस पहुंची और तीन बाइक एवं लगभग दो ट्रैक्टर कोयला को अपने कब्जे में ले लिया। ग्रामीणों ने पकड़े गए तीनों बाइक चालक को पुलिस के हवाले कर दिया परंतु तस्कर पुलिस को चकमा देकर वहां से भाग गए। इस पर ग्रामीणों ने आरोप लगाते हुए कहा कि उक्त तीनों युवकों को पुलिस ने संरक्षण देकर भगाया है। क्योंकि 2 घंटे में ग्रामीणों की पकड़ से तस्कर नहीं भाग सके और पुलिस के पास जाते ही भाग निकले। पुलिस के इस रवैये से ग्रामीणों में काफी आक्रोश है। पुलिस तीन बाइक एवं कोयला को ट्रैक्टर में लोडकर थाना ले गई। ग्रामीणों ने बताया कि मधुबन थाना एवं खरखरी ओपी क्षेत्र से प्रतिदिन सैकड़ों की संख्या में बाइक से अवैध कोयला ढोया जाता है। इस कोयले को दामोदर नदी पार कर बोकारो जिला के चास मुफ्फसील थाना क्षेत्र में कई अवैध कोयला डीपो में खपाया जाता है। कोयले की ढुलाई दिन के साथ-साथ रात में भी होती है। ऐसे पुलिस ने इस मामले में केस दर्ज करने की बात कही है।

### बाइक से तेज गति से कोयला लेकर जाते हैं तस्कर

कोयला तस्कर काफी तेज गति से कोयला लेकर रास्ते से गुजरते हैं। इस वजह से दुर्घटना की संभावना हमेशा बनी रहती है। कई बार ग्रामीणों ने कोयला ले जा रहे बाइक सवारों को धीमी गति से बाइक ले जाने की सलाह दी थी, जिसका उन लोगों पर कोई असर नहीं हुआ। इसी से आक्रोशित होकर शनिवार को आसपास के गांव के ग्रामीण एकजुट होकर अवैध कोयला ले जा रहे बाइक सवारों को पकड़कर महुदा पुलिस के हवाले कर दिया।

### मधुबन में एक नेता दे रहा अवैध कोयला कारोबार को संरक्षण

*मधुबन थाना क्षेत्र के एक छुटभैया नेता संरक्षण में अवैध कोयला के कारोबार को चलाया जा रहा है। इस कोयले को चास मुफ्फसील थाना क्षेत्र के एक चर्चित अवैध लोहा कारोबारी के नए नये डीपो में कोयले को खपाया जाता है। वहां से कोयला को भारी वाहनों में लोड कर बाहर की मंडियों में भेज दिया जाता है। कोयले के इस अवैध कारोबार में मधुबन, खरखरी एवं महुदा पुलिस की संलिप्ता से भी इनकार नहीं किया जा सकता है।*




# जलापूर्ति योजना की कछुआ चाल से जनता बेहाल

## नगर निगम की पिट टू ड्रिंक वाटर की योजना फेल

## सीवरेज प्रोजेक्ट से प्यास बुझाने के लिए 4 साल और करना होगा इंतजार

**आवाज प्रतिनिधि, 4 मई**

**धनबाद।** कोयलांचल में पानी का संकट भविष्य के लिए चुनौती बनती जा रही है, लेकिन इससे निबटने का प्रयास कछुए की गति से चल रही है। योजनाएं तो खूब बनती हैं पर अमल में जल्दबाजी नहीं होने के कारण यहां की बड़ी आबादी को संकट का सामना करना पड़ता है। फिलवक्त गर्मी में यहां के लोग भीषण पेयजल संकट का सामना कर रहे हैं। धनबाद नगर निगम में यहां के कोयला खदानों का यानी पिट वाटर को ड्रिंक वाटर में बदलकर लोगों की प्यास बुझाने तथा अन्य कार्यों में उपयोग हेतु आपूर्ति करने की योजना गत वर्ष बनी थी। इस गर्मी में भी यह योजना कारगर नहीं हुई। धनबाद में बीसीसीएल के 12 एरिया के आलावा टाटा स्टील और इंडियन आयरन स्टील कंपनी की भी चासनाला और जीतपुर में कोयला खदानें हैं। हालांकि इन कंपनियों की कुछ खदानें बंद भी हो चुकी हैं, लेकिन सभी को भूमिगत खदान से पानी निकालना जरूरी भी है और बहाया भी जाता है, मगर इसको संग्रहित कर रिचार्ज नहीं किया जाता है। अगर योजनाओं पर क्रियान्वन होता तो आज जो त्राहिमाम मची है, ऐसी स्थिति उत्पन्न नहीं होती। मिली जानकारी के अनुसार अबतक केवल मुनीडीह खदान का पानी ही रिचार्ज कर लोगों को उपलब्ध कराया जा रहा है।



### दिसंबर में शुरू होने वाली सीवरेज प्रोजेक्ट 2028 में होगी पूरी

नगर निगम ने एक योजना और तैयार कर रखी है, जिसके संबंध में कहा जाता है कि धनबाद सीवरेज प्रोजेक्ट पर इस साल के अंत से कम प्रारंभ होगा, जो 2028 तक पूरा होगा। यानी 4 साल तक यहां की शहरी आबादी को पानी के लिए और इंतजार करना पड़ेगा। यह प्रोजेक्ट 2649 करोड़ की है। प्रथम चरण में 792 करोड़ रुपए खर्च होंगे तथा दूसरे चरण में 1857 करोड़ व्यय होंगें, जिसका खाका पूर्व में स्टेक होल्डरों की बैठक में तैयार किया गया था।

### 5 नालों का गंदा पानी होगा साफ

संबंधित योजना के तहत धनबाद शहरी क्षेत्र के 5 प्रमुख नालों से दामोदर नदी में प्रतिदिन डिसचार्ज किए जाने वाला 192 एमएलडी पानी शोधित कर उपयोगी बनाया जाएगा। इस नए प्रयोग से दामोदर सहित इसकी 5 सहायक नदियों के प्रदूषित पानी स्वच्छ बनाया जाना है।

### सांसद- विधायक की उपस्थिति में 5 वाटर ट्रीटमेंट प्लांट निर्माण पर बनी थी सहमति

पूर्व में हुई स्टेक होल्डरों की बैठक में 5 वाटर ट्रीटमेंट प्लांट बनाने पर सहमति जताई गई थे, जिसके गवाह सांसद पीएन सिंह, झरिया विधायक पूर्णिमा नीरज सिंह, टुंडी विधायक मथुरा प्रसाद महतो व अन्य थे। मालूम हो कि कतरी नदी रामपुर से 18, पांडरकानाली के वासुदेव नदी से 21,मटकुरिया नाला से 75, अन्य जोरिया नाला से 60, गोविंदपुर और बलियापुर के नाला से 18 एमएलडी गंदा पानी रोज दामोदर और इसकी सहायक नदियों में गिरता है। इस पानी को ही संग्रहित कर जनोपयोगी बनाना है। यदि योजनाओं को अमल में लाया जाता तो लोगों को काफी राहत मिलती है।

# फरार चल रहे अभियुक्त को अदालत ने दी 15 वर्ष कठोर कारावास की सजा



## नाबालिग का अपहरण व दुष्कर्म का था आरोप

**धनबाद।** नाबालिक का अपहरण कर उसके साथ तीन दिनों तक दुष्कर्म करने के एक मामले में शनिवार को अदालत ने फरार चल रहे अभियुक्त के खिलाफ फैसला सुनाया है। पोक्सो के विशेष न्यायाधीश प्रभाकर सिंह की अदालत ने मामले के नामजद आरोपी ऊपरधौड़ा पुटकी निवासी कारा रजवार को पंद्रह वर्ष कैद और पंद्रह हजार रुपये की सजा सुनाई है। अभियुक्त कारा रजवार इस मामले में फरार चल रहा है। जिसकी अनुपस्थिति में अदालत ने लीगल एंड डिफेंस काउंसिल की दलील सुनने के बाद अपना फैसला सुनाया। प्राथमिकी पीड़िता की शिकायत पर 23 नवंबर 2015 को पुटकी थाने में दर्ज की गई थी। प्राथमिकी के मुताबिक 19 नवंबर 2015 को पीड़िता संध्या में शौच करने के लिए अपने घर से बाहर जंगल की ओर जा रही थी। जंगल के समीप पहुंचते ही एक सफेद रंग की कार आई और उसमे बैठे लोगों ने पीड़िता को जबरन मुंह बंद कर कार मे बिठा लिया। दामोदर नदी पार पानी टंकी के समीप एक कमरे में ले गया। आरोप था कि कारा रजवार ने तीन दिनों तक पीड़िता के साथ दुष्कर्म किया। अनुसंधान के बाद पुलिस ने 29 फरवरी 2016 को आरोप पत्र दायर किया था। 12 अप्रैल 2016 को आरोप तय होने के बाद सुनवाई शुरू हुई थी। इस दौरान अभियोजन ने आठ गवाहों का परीक्षण कराया था। सुनवाई के दौरान आरोपी फरार हो गया। लिहाजा अदालत ने उसकी अनुपस्थिति में हीं सुनवाई शुरू की और उसे सजा सुनाई।

# बेरमो विधायक ने किया दौरा कांग्रेस के पक्ष में मांगा वोट



**धनबाद।** धनबाद लोकसभा क्षेत्र से इंडिया महागठबंधन की प्रत्याशी अनुपमा सिंह की जीत सुनिश्चित करने के लिए जनसंपर्क अभियान के तहत बेरमो विधायक अनूप सिंह ने आज सघन जनसंपर्क अभियान चलाया। श्री सिंह आज कांग्रेस के प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष जलेश्वर महतो, इंडस्ट्री एंड कॉमर्स के अध्यक्ष बीएन सिंह से मुलाकात कर समर्थन प्राप्त किया। धनबाद लोकसभा क्षेत्र में इंडस्ट्रियल ग्रोथ और पॉल्यूशन कंट्रोल को लेकर सकारात्मक वार्ता हुई बैंक मोड़ चैंबर ऑफ कॉमर्स के अध्यक्ष प्रमोद गोयल एवं पदाधिकारी के साथ विचार विमर्श कर समर्थन एवं व्यापारियों की समस्याओं से अवगत होकर उसका निराकरण करने के लिए कांग्रेस की नीतियों से अवगत कराया। सुंदर यादव, नवनीत नीरज, गांधी रोड निवासी वरीय नेता रामाधार यादव से मुलाकात कर आशीर्वाद प्राप्त किया। अनुप सिंह ने कहा कि चाइना के सामान का और मोदी के जुबान की कोई गारंटी नहीं है। कांग्रेस ने देश की जनता को हमेशा उसका अधिकार दिया और आज भी हर वर्ग के लोगों को उसका हक और न्याय दे रही है। कांग्रेस हर युवा को नौकरी देकर उसके भविष्य को सवारने का काम करेगी। अवसर पर नवीन सिंह, कुमार गौरव, राजेश्वर सिंह यादव, शिव शंकर सिंह, प्रभात सुरोलिया, दिनेश सिंह, बाबू अंसारी, शिव शंकर सिंह आदि थे।

# राजधानी एक्सप्रेस की चपेट में आने से लोको पायलट की मौत

**आवाज प्रतिनिधि। 4 अप्रैल**

**गोमो।** धनबाद रेल मंडल के गझंडी रेलवे स्टेशन पर शनिवार की सुबह करीब सवा पांच बजे राजधानी एक्सप्रेस की चपेट में आने से लोको पायलट पंकज कुमार सिंह की मौत हो गई। वह गोमो स्थित हटियाटांड़ में रहते थे। वह बिहार के मुंगेर जिले के जानकी नगर के मूल निवासी थे। लोको पायलट के निधन से रेल कर्मियों और अधिकारियों में मातम है। सूचना पाकर रेलवे के आला अधिकारी मौके पर पहुंचे। लोको पायलट पंकज कुमार सिंह शुक्रवार को गझंडी स्टेशन में डयूटी पर गए थे। शनिवार सुबह ड्यूटी समाप्त होने के बाद वह पैदल रेल लाइन के किनारे-किनारे जा रहे थे। इसी दौरान डाउन लाइन पर जा रही राजधानी एक्सप्रेस की चपेट में आ गये जिससे घटनास्थल पर ही मौत हो गई।

## पार्थिव शरीर भेजा गया पैतृक आवास



**धनबाद।** शनिवार का दिन कोडरमा क्षेत्र के रेल कर्मचारियों के लिए दुखद दिन रहा। तड़के सुबह गोमो के लोको पायलट पंकज कुमार सिंह का गझंडी में राजधानी एक्सप्रेस से दुर्घटना होने के कारण मृत्यु हो गई। मृत्यु के उपरांत पोस्टमार्टम एवं अन्य कागजात संबंधी प्रक्रिया पूर्ण कर उनके पार्थिव शरीर को तिरंगा में लपेटकर सम्मान के साथ उनके पैतृक आवास मुंगेर के लिए दोपहर 1:30 बजे विदा कर दिया गया। पार्थिव शरीर के साथ उनके परिजन के अलावा चालक सहायक चालक एवं मुख्य लोको निरीक्षक पंकज चौरसिया रवाना हुए। मौके पर कोडरमा आरपीएफ प्रभारी जवाहरलाल मुख्य लोको निरीक्षक कोडरमा एके सिंह पहुंचे। ईस्ट सेंट्रल रेलवे कर्मचारी यूनियन के एनके खवास ने बताया कि कोडरमा शाखा सचिव बीबी सिंह, लोको पायलट एवं उपाध्यक्ष अजय कुमार, संयुक्त सचिव एवं लोको पायलट संजीव नयन, लोको पायलट अजीत कुमार, प्रेम कुमार, दीपक कल्याण, निरीक्षक राहुल कुमार सिंह, सहायक चालक मुकेश कुमार सहित ट्रैकमैन संतोष राय, विनय कुमार ने उन्हें श्रद्धा सुमन अर्पित किया।

# खरियो फाटक पर युवक का शव मिलने से फैली सनसनी



**गोमो/बाघमारा।** आद्रा रेल मंडल के खरियो स्टेशन स्थित खरियो फाटक के समीप रेलवे ट्रैक पर एक युवक का क्षत-विक्षत शव मिलने से क्षेत्र में सनसनी फैल गयी। खबर फैलते ही युवक के शव को देखने के लिए लोगों का हुजूम उमड़ पड़ा। जानकारी मिलने पर परिजन भी पहुंचे और शव की पहचान खेराबेड़ा निवासी राजेश कुमार महतो (22 वर्ष) के रूप में की। मृत युवक के परिजनों ने बताया कि देर शाम अपने घर से निकला था उसके बाद वापस घर नहीं आया। राजेश मजदूरी करता था। उसकी शादी 2020 में हुई थी। उसकी कोई संतान नहीं थी। फिलहाल मौत के पीछे क्या कारण है इसका पता नहीं चल पाया है। घटना की सूचना पाकर रेलवे पुलिस पहुंची और जांच में जुट गयी।

# पुलिस ने गेस्ट हाउस से हथियारों के साथ तीन अपराधियों को दबोचा

## पिस्टल समेत जिंदा कारतूस, मोबाइल और एक कार भी जब्त



**गोविंदपुर।** मां शांति गेस्ट हाउस के कमरा नंबर 102 में शुक्रवार की रात करीब 11.30 बजे गोविंदपुर पुलिस ने छापेमारी कर अपराध की योजना बनाते तीन अपराधियों को हथियारों के साथ धर दबोचा। अपराधियों के पास से एक पिस्टल 7.65 एमएम, तीन जिंदा कारतूस, तीन मोबाइल और एक कार भी जप्त किया गया। इनमें से एक अपराधी 28 वषीय इमरान अंसारी उर्फ नेपाली पिता सकुर मियां मंदारडीह, महेशमरवा गांडेय निवासी है। उस पर चोरी, डकैती लूट-पाट और आर्म्स एक्ट के ढेड़ दर्जन से अधिक मामले दर्ज है। इमरान उर्फ नेपाली के खिलाफ ताराटांड़, अहिल्यापुर, बेंगाबाद, गांडेय और मारगोमुण्डा समेत अन्य थानों में कई केस दर्ज हैं। इसके अलावा गिरिडीह जिला के अहिल्यापुर का रहने वाला संजु कुमार साव और गांडेय जिला के परमाडीह का मो जमशेद उर्फ मो जमशेद शेख की पुलिस के हत्थे चढ़ा। उक्त जानकारी शनिवार को गोविंदुपर थाना में एक प्रेस वार्ता के दौरान सिटी एसपी अजीत कुमार ने दी। सिटी एसपी ने कहा कि शांतिपूर्ण तरीके से लोकसभा चुनाव संपन्न कराने के लिए गोविंदपुर पुलिस लगातार क्षेत्र में आम सूचना संग्रह कर छापामारी कर रही है। इसी क्रम में थाना प्रभारी सह इंस्पेक्टर रविकांत प्रसाद के नेतृत्व में एक टीम ने सूचना पाकर छापामारी की ओर तीनों अपराधियों को अपराध की योजना बनाते गिरफ्तार किया और जेल भेज दिया। छापामारी में दारोगा शैलेंद्र कुमार, अमृता खलको,दिनेश प्रसाद मेहता, मनीता कुमारी, गुरुदयाल सबर, सुरबाला भृंगराज, आरक्षी संजय कुमार महतो, नंदलाल साह, सरयु राम और पंकज कुमार सिंह शामिल थे।

# राजगंज इंटर कॉलेज के उर्दू व्याख्याता इनामुद्दीन के निधन से शोक



**राजगंज।** राजगंज इंटर कॉलेज के उर्दू विषय के व्याख्याता इनामुद्दीन का आकस्मिक निधन हो गया। शनिवार की सुबह उन्हें दिल का दौरा पड़ने के बाद निजी अस्पताल ले जाया गया जहां उन्होंने अंतिम सांसें लीं। वे अपने पीछे वे भरापुरा परिवार छोड़ गए। सूचना मिलते ही कॉलेज में शोक की लहर दौड़ गई। प्राचार्य मनोज कुमार ने दुख जताते हुए कहा कि इनामुद्दीन पिछले 9 वर्षों से राजगंज इंटर कॉलेज में उर्दू के शिक्षक के रूप में कार्यरत थे। वे कॉलेज में बर्सर के पद पर भी सेवा दे रहे थे। वे बहुत मिलनसार और कर्तव्य निष्ठ व्यक्ति थे। कॉलेज के सभी कर्मियों के साथ उनका सौहार्दपूर्ण संबंध था। कॉलेज परिवार द्वारा उनकी आत्मा की शांति के लिए 2 मिनट का मौन रखा गया। इस दौरान सभी शिक्षक एवं शिक्षकेतर कर्मी मौजूद थे। इसके बाद शोक में कॉलेज बंद कर दिया गया।

## उपायुक्त ने चेंबर ऑफ कॉमर्स के साथ की बैठक

**धनबाद।** जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त माधवी मिश्रा ने लोकसभा चुनाव में वोटर टर्न आउट बढ़ाने के उद्देश्य से शनिवार को चेंबर ऑफ कॉमर्स, डिस्ट्रिक्ट आइकॉन, सोशल मीडिया इंफ्लूएंसर तथा मीडिया के साथ बैठक कर अभियान की सफलता एवं लोकतंत्र के महापर्व में बढ़चढ़ कर हिस्सा लेने की अपील की। मैं भी इलेक्शन एम्बेसडर पर प्रकाश डालते हुए उन्होंने बताया कि आगामी 7 मई को संध्या 6:00 बजे से 8:00 बजे तक अभियान चलाया जाएगा। इसमें चुनाव को लेकर जो स्वीप गतिविधियों की गई है या की जाएगी, उसे हैश टैग मैं भी इलेक्शन एम्बेसडर के साथ विभिन्न सोशल मीडिया हैंडल्स पर केंद्रीय निर्वाचन आयोग, झारखंड के मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी और जिला निर्वाचन पदाधिकारी को टैग करते हुए अपलोड करें।

# जनसम्पर्क अभियान में विद्यापति परिषद पहुंचे भाजपा प्रत्याशी

**आवाज प्रतिनिधि। 4 अप्रैल**

**धनबाद।** शुक्रवार देर शाम धनबाद लोकसभा भाजपा प्रत्याशी ढुल्लू महतो अपने जन सम्पर्क अभियान के तहत विद्यापति परिषद धनबाद के प्रांगण पहुंचे । कार्यक्रम में परिषद के अध्यक्ष शिवकान्त मिश्रा ने प्रत्याशी का मिथिला के पाग, अंगवस्त्र और पुष्प माला से स्वागत किया और परिषद के गतिविधियों की जानकारी दी। भाजपा आईटी विभाग झारखण्ड के प्रदेश संयोजक अमरनाथ झा ने माँ जानकी की धरती मिथिला के गौरवपूर्ण इतिहास का उल्लेख किया और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा राम के भव्य मंदिर का उद्घाटन और प्राण प्रतिष्ठा की चर्चा करते हुए भाजपा के लिए 400 पार के लक्ष्य को हासिल करने के लिए वोट देने का अनुरोध किया। संबोधित करते हुए प्रत्याशी



ढुल्लू महतो ने यह विश्वास दिलाया कि वो धनबाद की समस्याओं को सुलझाने का भरपूर प्रयास करेंगे और मिथिलांचल के लोगों के साथ कंधे से कंधा मिलाकर सामाजिक, सांस्कृतिक और विकास के हर क्षेत्र में काम करेंगे। इस अवसर पर विद्यापति समिति द्वारा एक स्मारिका का भी विमोचन किया गया और उसकी प्रति मंचासीन सभी अतिथियों को भेंट की गई। विद्यापति परिषद के संरक्षक डॉक्टर के विश्वास, कार्यकारी अध्यक्ष सुरेश झा उर्फ. नेता, उपाध्यक्ष राधा कृष्ण झा, उपाध्यक्ष जयप्रकाश झा, कोषाध्यक्ष आशुतोष झा, संयुक्त सचिव आर के झा, प्रमोद कुमार झा, मिल्टन पार्थसारथी, मनोज कुमार मिश्रा एवं बड़ी संख्या में परिषद के सदस्यगण उपस्थित रहे।

# पूर्णिमा सिंह ने पूर्व पार्षदों के साथ की बैठक, अनुपमा को जिताने की अपील



**धनबाद।** लोकसभा चुनाव को लेकर सरायढेला स्थित रघुकुल आवास पर सचेतक सह झरिया विधायक पूर्णिमा नीरज सिंह के नेतृत्व में धनबाद नगर निगम अंतर्गत झरिया अंचल क्षेत्र के निवर्तमान वार्ड पार्षदों के साथ बैठक हुई। बैठक ने कांग्रेस प्रत्याशी अनुपमा सिंह के समर्थन में अधिक से अधिक वोट दिलाने के लिए विधायक ने वार्ड पार्षदों को दिशा निर्देश दिया। बैठक में हर्ष सिंह, विधायक प्रतिनिधि सूरज सिंह, निवर्तमान पार्षद शिवदत्त, जय कुमार, हरिपद महतो, चंदन महतो, शेख सुलतान, आफताब अंसारी, विनय रजवार, रविंद्र प्रसाद, निरंजन बाउरी तथा बनवारी यादव आदि उपस्थित थे।

# यात्रीगण ध्यान दें : धनबाद झाड़ग्राम मेमू और बर्दवान हटिया रद्द, कई के मार्ग बदले

**आवाज प्रतिनिधि। 4 अप्रैल**

धनबाद : आद्रा मंडल में ट्रैफिक कम पॉवर ब्लॉक लिया गया जायेगा जिस कारण कई ट्रेनों का रद्दीकरण, मार्ग परिवर्तन , आंशिक समापन/ उत्पत्ति और पुनर्निर्धारित किया गया है। 5 मई को ट्रेन संख्या 18019/ 18020 झाड़ग्राम- धनबाद- झाड़ग्राम मेमू एक्सप्रेस और ट्रेन संख्या 13503/ 13504 बर्दवान- हटिया- बर्दवान मेमू एक्सप्रेस रद्द रहेगी। 5 मई को ट्रेन संख्या 13351 धनबाद- अल्लेपी एक्सप्रेस चन्द्रपुरा- गोमिया- बरकाकाना- मूरी होकर मार्ग परिवर्तन किया गया है। बोकारो स्टील सिटी स्टेशन पर आंशिक समापन/ आंशिक प्रारंभ वाली ट्रेनों में 5 मई को ट्रेन संख्या 12365 पटना- राँची जन शताब्दी एक्सप्रेस आंशिक समापन रहेगा। ट्रेन संख्या 12366 राँची- पटना जन शताब्दी एक्सप्रेस आंशिक प्रारंभ होगी। ट्रेन संख्या 13319 दुमका- राँची एक्सप्रेस का आंशिक समापन रहेगा और गाडी संख्या 13320 राँची- दुमका एक्सप्रेस आंशिक प्रारंभ रहेगा। हटिया से 05 मई 24 को खुलने वाली गाड़ी संख्या 12817 हटिया- आनंद विहार टर्मिनल एक्सप्रेस 60 मिनट पुनर्निर्धारित कर चलायी जायेगी।

## रांची-नई दिल्ली के बीच 10 मई से चलेगी एक जोड़ी समर स्पेशल ट्रेन

**आवाज प्रतिनिधि। 4 अप्रैल**



**धनबाद :** यात्री सुविधा के मद्देनजर रेलवे राँची- नई दिल्ली के मध्य एक जोड़ी समर स्पेशल ट्रेन का परिचालन करेगी। गाड़ी संख्या 02877/ 02878 राँची- नई दिल्ली - रांची समर स्पेशल ( मुरी- बरकाकाना- टोरी- लातेहार- डाल्टनगंज- गढ़वा रोड- जपला- सासाराम- डीडीयू- प्रयागराज- कानपुर के रास्ते 10 मई 2024 से 28 जून 2024 तक प्रत्येक शुक्रवार को राँची से 23.55 बजे खुलकर शनिवार को 02.40 बजे बरकाकाना पहुंचेगी और यहाँ से 02.45 बजे आगे के प्रस्थान करेगी। टोरी से 03.55 बजे आगे प्रस्थान करेगी और 04.20 बजे लातेहार पहुंचेगी और यहाँ से 04.22 बजे आगे प्रस्थान होगी। 05.13 बजे डाल्टनगंज पहुंचेगी और यहाँ से 05.15 बजे आगे के प्रस्थान करेगी। 06.00 बजे गढ़वा रोड और यहाँ से 06.05 बजे आगे के प्रस्थान करेगी एवं शनिवार को ही 22.20 बजे नई दिल्ली पहुंचेगी क गाड़ी संख्या 02878 नई दिल्ली झ राँची समर स्पेशल दिनांक 11.मई 2024 से 29जून 2024 तक प्रत्येक शनिवार को नई दिल्ली से 23.45 बजे खुलकर रविवार को 17.08 बजे गढ़वा रोड पहुंचेगी। यहाँ से 17.10 बजे आगे के प्रस्थान होकर 17.40 बजे डाल्टनगंज पहुंचेगी और यहाँ से 17.42 बजे आगे के प्रस्थान करेगी। 18.40 बजे लातेहार और यहाँ से 18.42 बजे आगे के प्रस्थान करेगी। 19.10 बजे टोरी पहुंचेगी और यहाँ से 19.12 बजे आगे के प्रस्थान करेगी। 21.25 बजे बरकाकाना पहुंचेगी और यहाँ से 21.30 बजे आगे के प्रस्थान करेगी एवं सोमवार को 00.15 बजे रांची पहुंचेगी क इस स्पेशल में तृतीय वातानुकूलित श्रेणी के 18 कोच होंगे ।

### रामचंद्र दल में नुक्कड़ सभा का आयोजन, भाजपा प्रत्याशी का किया गया स्वागत

# राज्य की दुर्दशा का जवाब वोटों से देगी जनता : रागिनी सिंह


स्वागत करते कार्यकर्ता

### गरीबों और शोषितों के लिए मैं 24 घंटे खड़ा हूं : ढूलू

*सांसद प्रत्याशी ढुलू महतो ने कहा कि हम सनातन धर्म मानने वाले लोग हैं। देश के पीएम नरेंद्र मोदी के जनहितकारी कार्यों को जन जन तक पहुंचाना हमारा दायित्व है। 70 वर्षों से देश में कांग्रेस का शासन रहा लेकिन अयोध्या में प्रभु श्री राम जी का मंदिर नही बन सका लेकिन पीएम मोदी ने इसे पूरा कर जनभावना का सम्मान किया। चिटाही धाम मंदिर में मैंने भी वर्ष 2019 में प्रभु श्री राम जी से प्रार्थना की थी कि बहुत जल्द आपका भव्य मंदिर अयोध्या धाम में बने। प्रभु श्री राम जी ने मेरी प्रार्थना स्वीकार कर ली। झरिया क्षेत्र में बिजली, पानी और रोजगार की गंभीर समस्या है। कई क्षेत्रों में चल रही आउटसोर्सिंग कंपनियों में स्थानीय लोगों को रोजगार नहीं मिल रहा। दूसरे शहर व राज्यों के लोगों पांच से छह हजार रुपए प्रति माह देकर शोषण किया जा रहा है। कोई आवाज उठाए तो उसपर झूठा मुकदमा दर्ज कर दिया जाता है। लेकिन मैं जनता को आश्वासन देता हूं कि गरीब, मजदूर, शोषित व पीड़ित लोगों के लिए आपका भाई ढुलू चौबीस घंटे खड़ा है। मौके पर राजकुमार अग्रवाल, अरुण साव, राजकिशोर जेना,श्रवण राय, योगेंद्र यादव, राजेश शर्मा, मोनू मंडल, दीपक मंडल, अमित वर्मा, रोहित ठाकुर, पिंकू चंद्रवंशी , मुन्नी देवी, पुनीता देवी, कुसुम वर्मा, लीला देवी समेत कई स्थानीय लोग उपस्थित थे।*

**■ 25 मई को झरिया की जनता बनाएगी इतिहास**

**आवाज प्रतिनिधि। 4 मई**

झरिया। रामचंद्र दल में शनिवार को भाजपा नेता संजू वर्मा की अध्यक्षता में जनसंपर्क सह नुक्कड़ सभा का आयोजन किया गया जिसमें लोकसभा प्रत्याशी ढुलू महतो एवं भाजपा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य रागिनी सिंह का भारी संख्या में मौजूद कार्यकर्ताओं और आम लोगों ने स्वागत किया। सभा को संबोधित करते हुए भाजपा नेत्री रागिनी सिंह ने कहा कि 25 मई को झरिया की जनता इतिहास बनाएगी साथ ही भाजपा प्रत्याशी को रिकॉर्ड मतों से विजयी बनाएगी क्योंकि पूर्व की सरकारों में किसी गरीब ने यह नहीं सोचा होगा कि उनके पास पक्का मकान, घर में नल और रोजगार होगा। पर इसे पीएम नरेंद्र मोदी ने गारंटी के साथ पूरा कर दिखाया है। राज्य की गठबंधन सरकार में हत्या, लूट, फिरौती, रंगदारी, महिला उत्पीड़न समेत कई समस्या से यहां की जनता त्रस्त है। अब समय आ गया जब जनता मतदान से राज्य की दुर्दशा जवाब देगी। उन्होंने कहा कि धनबाद लोकसभा सीट पर कमल खिलाकर प्रधानमंत्री के विकसित भारत के सपने को साकार करना हर भाजपा कार्यकर्ता का दायित्व भी है। घर-घर जाकर मतदाताओं से भाजपा के पक्ष में मतदान करने की अपील करेंगे साथ ही लोगों को केंद्र की मोदी सरकार द्वारा किये गए जनकल्याणकारी कार्यों को बता कर भाजपा के पक्ष में मतदान करने को कहेंगे।

# डीसी और एसएसपी ने किया मतदान केंद्रों का निरीक्षण


लोगों से बात करते डीसी, एसएसपी

**आवाज प्रतिनिधि। 4 मई**

**बलियापुर।** उपायुक्त माधवी मिश्रा व एसएसपी एचपी जनार्दन ने शनिवार की शाम बलियापुर क्षेत्र का दौरा कर कई मतदान केन्द्रों का निरीक्षण किया। उपायुक्त व एसएसपी ने क्षेत्र के सुरूंगा स्थित मतदान केंद्र संख्या 307 का निरीक्षण किया। गांव के मतदाताओं से मतदान संबंधी आवश्यक पूछताछ की। डीसी ने मतदाताओं से कहा बिना किसी दबाव और प्रलोभन के भयमुक्त होकर मतदान करें। मतदाताओं ने इस दौरान मतदान संबंधी किसी प्रकार के शिकायत उपायुक्त से नहीं किया। अपर समाहर्ता विनोद कुमार ने भी सूरूंगा मतदान केंद्र संख्या 277 व 278 का निरीक्षण किया। मतदान केंद्र में पानी, बिजली व अन्य सुविधाओं का जायजा लिया। मौके पर बीडीओ राजेश कुमार सिन्हा, तिसरा थाना प्रभारी, अलकडीहा ओपी प्रभारी अन्य अधिकारी मौजूद थे।

# इंटर की पढ़ाई बंद करने के विरोध में बीबीएमकेयू के कुलपति का पुतला दहन


पुतला जलाने जुटे पंसस और छात्र

**आवाज प्रतिनिधि। 4 मई**

**सिंदरी।** पंचायत समिति सदस्य रोहित कुमार महतो के नेतृत्व में शनिवार को सिंदरी कॉलेज के मुख्य द्वार पर विनोद बिहारी महतो कोयलांचल विवि. के कुलपति का पुतला दहन किया गया। पंसस रोहित कुमार महतो ने कहा कि आज जिस प्रकार से बिनोद बिहारी महतो कोयलांचल विवि. धनबाद के अंगीभूत कॉलेजों में इंटरमीडिएट की पढ़ाई को बंद कर दिया गया है और प्राइवेट कॉलेज में छात्रों मनमाने ढंग से शुल्क लिया जा रहा है उससे जाहिर होता है कि धनबाद जिला के जो भी किसान, मजदूर, दलित, मध्यम वर्गीय परिवार के छात्रों की पढ़ाई को बाधित करने के लिए एक षड्यंत्र रचा जा रहा है। पर इस षड्यंत्र को हमलोग चलने नहीं देंगे। आखिर क्या वजह है कि झारखंड राज्य के अन्य विश्वविद्यालयों के कॉलेजों में इंटरमीडिएट की पढ़ाई को चालू रखा गया है लेकिन बिनोद बिहारी महतो कोयलांचल विवि. में बंद कर दिया गया है। विवि. प्रशासन छात्रहित को देखते हुए सकारात्मक पहल नहीं करती है तो 14 मई को हमलोग सिर मुंडन कराकर आमरण अनशन करेंगे और जब तक छात्र-छात्राओं का नामांकन इस सत्र में नहीं हो जाता है तब तक आंदोलन चलता रहेगा । मौके पर काफी संख्या में छात्र-छात्राएं और अभिभावक मौजूद थे।

# मतदान जागरुकता के लिए भाजपा ने बनाई महिलाओं की टोली

**आवाज प्रतिनिधि। 4 मई**

**सिंदरी।** भाजपा सिंदरी नगर की एक बैठक रोहड़ाबांध भाजपा कार्यालय में नगर अध्यक्ष अरविंद पाठक की अध्यक्षता में आयोजित की गयी जिसमे धनबाद लोकसभा की महिला जनसंपर्क प्रमुख अर्चना सिंह मुख्य रूप से शामिल हुई। बैठक में महिलाओं का एक समूह बनाया गया जिसे भिन्न भिन्न क्षेत्रों में जनसंपर्क हेतु 15 भागों में विभक्त किया गया और सभी महिला शक्ति को निर्देशित किया गया कि 20 दिन पाटी के लिए समर्पित करें ताकि अबकी बार 400 पार का नारा सफल हो सके। अर्चना सिंह ने महिलाओं को संबोधित करते हुए कहा कि आप सभी अपने अपने आस पड़ोस, सगे संबंधियों को भाजपा के पक्ष में मतदान करने को प्रेरित करें और


रैली में शामील लोग

सिंदरी में टोली बनाकर मजबूती से घर घर जनसंपर्क करें जिससे हमारा प्रत्याशी अत्यधिक मतों से चुनाव जीत सके। नगर अध्यक्ष अरविंद पाठक ने भी महिला कार्यकर्ताओं से कहा कि आप सभी सिंदरी के हर घरों में रसोई घरों तक लोगो से संपर्क करें और मोदी जी की योजनाओं के विषय में बताएं। बैठक के बाद जुलूस निकालकर पत्रक का भी वितरण किया गया । बैठक में राकेश तिवारी,राघव तिवारी, संजय महतो, रंजना शर्मा अणिमा सिंह, चुमकी देवी, सुषमा देवी, किशोर कुमार, सुनीता उपाध्याय, शारदा सिंह, दैवंती देवी, ईश्वर यादव,पूजा कुमारी, सुनीता घोष,कमला देवी,विश्वनाथ महतो आदि कार्यकर्ता उपस्थित थे ।

# बस्ताकोला में पूर्व मंडल अध्यक्ष को ढुलू ने अर्पित की श्रद्धांजलि

**■ महिलाओं ने भाजपा प्रत्याशी से की जल संकट के निदान की मांग**

**आवाज प्रतिनिधि। 4 मई**

**भगतडीह।** झरिया के प्रति गलत मानसिकता रखने वालों को जवाब दिया जाएगा। आउटसोर्सिंग के अत्याचार को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। यह बातें भाजपा प्रत्याशी ढुलू महतो ने शनिवार को बस्ताकोला मे नुक्कड़ सभा के दौरान कहीं। बस्ताकोला वर्मा बंगला में मंडल अध्यक्ष अनिल सिंह की चौथी पुण्यतिथि मनाई गई। ढुलू महतो ने भी उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए कहा कि किसी


श्रद्धांजलि अर्पित करते ढुलू महतो और अन्य

भी कार्यकर्ता की मेहनत बेकार नहीं जाने दी जाएगी। हर कार्यकर्ता के लिए खड़ा रहूंगा। नुक्कड़ सभाओं को विभिन्न समाज और क्लब ने प्रत्याशी का स्वागत किया। ढुलू ने कहा कि जो आज मेरे साथ खड़े हैं, कल मैं उनके दरवाजे पर खड़ा नजर आऊंगा। सिर्फ आवाज देने की जरूरत है। बस्ताकोला मे महिलाओं ने ढुल्लू के समक्ष पानी की समस्याओं को रखा तो कहा जल्द इस समस्या का निदान होगा। बस्ताकोला मोड़, इंडस्ट्री ग्राउंड, संजय चाय दुकान, डोम बस्ती, भुइंया बस्ती, एना विवेकानंद क्लब, बाउरी समाज, हरि मंदिर कमिटी, ऐना वारियर्स क्लब, श्री श्री नरसिंह दलदल अखाड़ा द्वारा ढुलू महतो का स्वागत किया गया। जिलाध्यक्ष श्रवण राय, राजकुमार अग्रवाल, मनोज चौहान, संतोष शर्मा, बप्पी बाउरी, भोलानाथ गोस्वामी, तरुण राय, रामदेव शर्मा, संजय रवानी, संतोष रवानी, रूपेश कुमार सहित अन्य थे।

# वरुथिनी एकादशी पर श्री श्याम मंदिर झरिया से निकली शोभा यात्रा



**आवाज प्रतिनिधि। 4 मई**

**झरिया।** वैशाख माह की वरुथिनी एकादशी (कृष्ण पक्ष) के अवसर पर शनिवार को लाल बाजार स्थित श्री श्याम मंदिर झरिया धाम प्रांगण से भव्य निशान शोभा यात्रा निकाली गई। निशान शोभा यात्रा में महिलाएं पुरुष समेत कई बाबा श्याम भक्त शामिल हुए। विधिवत पूजा अचर्ना कर लगभग 71 निशान निकाली गई। जिसमे की भक्तों के द्वारा लाल बाजार, लक्ष्मणीया मोड़,बाटा मोड़,चार नंबर, धरमशाला रोड होते हुए झरिया शहर भ्रमण कर श्री श्याम मंदिर मे अर्पण की गई। सभी भक्तों ने बाबा को निसान अर्पित कर आशीर्वाद लिया। मौके पर रघुवीर गोयल, शिवकुमार अग्रवाल, अभिषेक अग्रवाल, विवेक सिंगल, आयुष जालान, संदीप कथूरिया आदि सदस्य मौजूद थे।

### मनाई गयी झामुमो के पूर्व जिलाध्यक्ष मोहम्मद शमीम की 21वीं पुण्यतिथि

*बलियापुर। झारखंड आंदोलन के अग्रणी नेता एवं झामुमो के पूर्व जिलाध्यक्ष व शेख बिरादरी इस्लामिया कमेटी के जिला अध्यक्ष मोहम्मद शमीम की 21वीं पुण्यतिथि शनिवार को भिखराजपुर गांव में मनाई गई। वक्ताओं ने कहा कि स्वगीय शमीम अलग राज्य के आंदोलन में हमेशा आगे रहते थे। वह झारखंड अलग राज्य के सच्चे सिपाही थे। साथ ही साथ वे समाज के कार्यों में भी बढ़-चढ़कर हिस्सा लेते थे। उनके तस्वीर पर श्रद्धा सुमन अर्पित करने वालों में झामुमो प्रदेश कार्यसमिति सदस्य धरनीधर मंडल, झामुमो जिला सचिव मन्नू आलम, जिला उपाध्यक्ष मुकेश सिंह, युद्धेश्वर सिंह, झामुमो किसान मोर्चा जिला उपाध्यक्ष महावीर महतो, 20 सूत्री प्रखंड अध्यक्ष राजेंद्र किस्कू, प्रखंड अध्यक्ष सूरजकांत सोरेन, सचिव गौउर चंद्र मंडल, निर्मल रजवार, राजेंद्र हेम्ब्रम, समीर मुर्मू, ईश्वर मरांडी, अविलाल किस्कू, मोहम्मद नूरुद्दीन, प्रोफेसर सरफुद्दीन, मोहम्मद कलीमुद्दीन, मोहम्मद सुल्तान, अब्दुल कादिर, मोहम्मद सलीम, नादिर संस आदि शामिल हैं।*

### हर घर नल जल योजना बलियापुर क्षेत्र में फेल, सूखे सभी जल स्रोत

# जलसंकट से त्रस्त कोड़ाहीर के लोगों में आक्रोश, किया प्रदर्शन


विरोध जताते कोड़ाहीर के ग्रामीण

**■ पीएचईडी के खिलाफ की नारेबाजी**

**आवाज प्रतिनिधि। 4 मई**

**बलियापुर।** भीषण गर्मी से बलियापुर क्षेत्र में जलसंकट विकराल रूप ले रहा हैं। क्षेत्र के अधिकतर तालाब, जोड़ियां, कुआं व चापाकल सूख गये हैं। लोगों को पेयजल के लिए दूर-दराज जाना पड़ता है। सिंदूरपुर पंचायत में हर घर नल जल योजना का पाइप बिछाया गया है। हर घर में नल कनेक्शन लगाया गया है फिर भी पानी नहीं मिल रहा है। इसे देखते हुए सिंदूरपुर पंचायत के कोड़ाहीर कुम्हार टोला में नल जल योजना का पानी आपूर्ति करने की मांग को ले आक्रोशित ग्रामीणों ने शनिवार को खाली हड़िया, बाल्टी के साथ पीएचईडी के खिलाफ नारेबाजी की। ग्रामीणों का कहना है कि चार साल पूर्व टोला में नल जल के लिए पाइप बिछाया गया था। अभी तक नल जल योजना का लाभ लोगों को नहीं मिला। मामले को लेकर ग्रामीण एक माह पूर्व पीएचईडी के एसडीओ समेत कई अधिकारियों से मिले थे। अधिकारियों द्वारा आश्वासन दिए जाने के बाबजूद अभी तक पानी की आपूर्ति नहीं की गई है। इसे लेकर ग्रामीणों में विभाग के प्रति आक्रोश है। टोला में लगभग पांच सौ की आवादी हैं। गांव के चापाकल खराब हं। ग्रामीणों को पेयजल के लिए एक किलोमीटर दूर जाना पड़ता है। ग्रामीणों का कहना है कि व्यवस्था में सुधार नहीं किया गया तो इसको लेकर प्रखंड कार्यालय परिसर में प्रदर्शन किया जाएगा। मौके पर दिवाकर कुंभकार, अर्जुन कुंभकार, सतीश कुंभकार, वासुदेव कुंभकार, धर्मेंद्र कुंभकार, धनंजय कुंभकार, रूपचंद कुंभकार, सुनील कुंभकार, चंपा देवी, मेनका देवी, आदोरी देवी, निर्मला देवी, चंपा देवी, माधुरी देवी, पिंकी देवी, नमिता देवी, मिट्ठू देवी, सुंदरी देवी, सुनीता देवी आदि मौजूद थे।

## संक्षिप्त खबरें

### बीआईटी सिंदरी के संधान कार्यक्रम में दिखा छात्रों का उत्साह

**सिंदरी।** बीआईटी सिंदरी के मॉडल क्लब द्वारा आयोजित कार्यक्रम संधान - 2024 के दूसरे दिन का कार्यक्रम प्रतिस्पर्धा एवं उत्साह भरा रहा। कार्यक्रम के दूसरे सत्र में छात्रों ने एल्गोएरेना राउंड टू, टेकी ऑफ द ईयर, हाइड्रोफ्लाइट, ड्रोन ए थॉन और रोबोसागा राउंड-2 प्रस्तुत किया। तकनीकी कौशल के रोमांचक प्रदर्शन के लिए आयोजित यह कार्यक्रम प्रतिभाशाली छात्रों के मस्तिष्क में रोबोटिक्स और ड्रोन के प्रति छात्र- छात्राओं बीच देखने लायक था। मौके पर सीडीसी के अध्यक्ष डॉ घनश्याम, मॉडल क्लब के प्रभारी डॉ विनीत शेखर, आरके वर्मा एवं क्लब के चेयरपर्सन विकाश कुमार, पायल कुमारी एव अन्य गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे। संधान कार्यक्रम के बीआईटी सिंदरी छात्रों द्वारा तकनीकी एवं विज्ञान प्रस्तुत प्रर्दशन को देखने व समझने के लिए सिंदरी विभिन्न स्कूल (डी नोबली,डीएवी, सरस्वती शिशु मंदिर) से आए छात्रों देखा एवं जानकारी प्राप्त की।

### तारा देवी ने दिया अन्नू कुमारी को आर्थिक सहयोग

**बलियापुर ।** बाघमारा पंचायत के मोदीडीह निवासी सुभाष चंद्र महतो की बेटी अन्नू कुमारी ने मुंबई के अमरावती मॉडर्न पेंटाथेलोन फेडरेशन ऑफ़इंडिया द्वारा आयोजित लेजर रन प्रतियोगिता में नेशनल अवार्ड प्राप्त करने पर शनिवार को पहाड़पुर स्थित सिंदरी विधायक इन्द्रजीत महतो के आवास में विधायक पत्नी भाजपा नेत्री तारा देवी ने उन्हें शाल ओढ़ाकर सम्मानित किया। साथ ही साथ आर्थिक सहयोग भी किया। आगे भी हरसंभव सहयोग का भरोसा दिया। तारा देवी ने कहा कि अन्नू कुमारी ने नेशनल अवार्ड प्राप्त कर बलियापुर का नाम रोशन किया है। शत्रुघ्न महतो, धर्मेंद्र महतो समेत भाजपा की कार्यकर्ता मौजूद थे।

### ठेला लगाने वाले की पुत्री अनन्या ने लेजर गन प्रतियोगिता में राष्ट्रीय स्तर पर जीता रजत पदक

**झरिया।** भागा बाजार निवासी सुभाष गुप्ता की बेटी अनन्या कुमारी गुप्ता ने राष्ट्रीय स्तर पर रजत पदक जीतकर धनबाद संग पूरे झारखंड के नाम ऊंचा किया। अनन्या के पिता सुभाष गुप्ता नाश्ता का ठेला लगाते हैं। अनन्या 27 से 29 तारीख तक महाराष्ट्र के अमरावती में मॉडर्न पेटाथलोन फेडरेशन ऑफ इंडिया की ओर से कराई गयी राष्ट्रीय लेज़र गन प्रतियोगिता में अंडर 13 बालिका ग्रुप में रजत पदक पर कब्जा किया था। अनन्या डिगवाडीह के टाटा फीडर सेंटर में कोच जयराम भगत से ट्रैनिंग ले रही है।

### स्वास्थ्य विभाग की टीम ने सालपातरा आयुष्मान आरोग्य केंद्र का किया निरीक्षण

**बलियापुर।** धनबाद स्वास्थ्य विभाग की दो सदस्य टीम ने शनिवार को दुधिया पंचायत के सालपतरा स्थित आयुष्मान आरोग्य मंदिर केंद्र का निरीक्षण किया। जानकारी के अनुसार निरीक्षण टीम में धनबाद स्वास्थ्य विभाग की डॉ मंजू दास व डॉ विकास राणा शामिल थे। सूत्रों के अनुसार जांच टीम के सदस्यों ने इस दौरान आयुष्मान आरोग्य मंदिर केंद्र के दवा स्टॉक का मिलान किया व स्वास्थ्य केंद्र के अन्य कामकाजों का निरीक्षण किया। इस दौरान अगल-बगल के लोगों से आवश्यक पूछताछ भी किया। सूत्रों का कहना है कि कुछ माह पूर्व सालपतरा गांव में स्वास्थ्य उपकेंद्र के बगल झाड़ियां में काफी मात्रा में दवाइयां जलने की सूचना मिली थी। संभवत: इसी मामले पर जिला स्वास्थ्य विभाग की ओर से मामले की जांच के लिए टीम भेजी गई। जांच टीम में शामिल चिकित्सको ने इस संबंध में कुछ भी बताने से इनकार किया।

### जमसं बच्चा गुट के शाखा सचिव वेद प्रकाश ने खोली पनशाला

**सिंदरी।** जनता मजदूर संघ ( बच्चा गुट ) सिंदरी शाखा सचिव वेद प्रकाश ओझा के सौजन्य से शनिवार को बढती धुप एवं गर्मी को देखते हुए राहगीरों के लिए रोहड़ाबांध अंबेडकर चौक एसबीआई शाखा के पास पनशाला खोली गयी। जनता मजदूर संघ बच्चा गुट सिंदरी नगर के सचिव वेद प्रकाश ओझा ने बताया कि शहर के रोड के किनारे कहीं पानी की व्यवस्था नहीं है, तो उन्होंने सोचा क्यों ना यह व्यवस्था मैं खुद कर दू,ताकि इस भयानक गमी में हमारे सिंदरी के लोग आने जाने के समय में प्यास बुझे। उन्होंने कहा रोहड़ाबांध के साथ सिंदरी के जय हिन्द मोड़, आई टी आई मोड़ पर प्याऊ की व्यवस्था की गयी है। मौके पर लोगन हेंब्रम, पप्पू सिंह, अंशु सिंह आदि थे।

### भाजपा बस्ताकोला मंडल के पूर्व अध्यक्ष अनिल सिंह को रागिनी ने दी श्रद्धांजलि

**धनबाद।** भारतीय जनता पार्टी पूर्व बस्ताकोला मंडल अध्यक्ष अनिल सिंह की तीसरी पुण्यतिथि पर भाजपा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य रागिनी सिंह से उनके बस्ताकोला स्थित आवास पहुंची एवं उनकी तस्वीर पर पुष्प अर्पित कर उन्हें अपनी भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की। साथ ही उनकी धर्मपत्नी से मिलकर अपनी गहरी संवेदनाएं व्यक्त की।

### बागडिगी में नुक्कड़ सभा में पहुंची रागिनी सिंह

**अलकडीहा।** शनिवार को भाजपा नेत्री रागिनी सिंह द्वारा बागडिगी कोलियरी में नुक्कड़ सभा आयोजित की गयी। रागिनी सिंह ने सभी स्थानीय लोगों से कहा कि भारतीय जनता पार्टी धनबाद के लोकसभा के प्रत्याशी ढुलू महतो को अपना वोट देकर भारी से भारी मतों से विजयी बनाएं। मौके पर लोदना म२२डल के मेवालाल रजक, बब्लू भगत, शैलेन्द्र सिंह, राजाराम पासवान, रोहित बिद, गोपाल चौधरी, प्रेम नोनिया, छोटेलाल पासवान, संजय चौहान सिकंदर पासवान, परमा सिंह तथा सभी कार्यकर्ता एवं स्थानीय निवासी उपस्थित थे।

## मतदाताओं को अपना प्रतिनिधि चुनने का है अधिकार

*भारतीय संविधान में मतदाताओं को अपना प्रतिनिधि चुनने का अधिकार दिया गया है। निर्वाचित प्रतिनिधि अपने संसदीय अथवा विधानसभा क्षेत्र में मतदाताओं के अधिकार का प्रयोग करते हुए संसद और विधानसभा में जो भी कानून बनाए जाते हैं उसमें मतदान करते हैं। बहुमत के आधार पर लोकतांत्रिक व्यवस्था के कानून और नियम बनाने के अधिकार मिलते हैं। जब भी संसद और विधानसभा में कानून बनाए जाते हैं, बहुमत के आधार पर कानून और नियमों को स्वीकृति प्रदान की जाती है। तभी वह लागू होते हैं। मतदाता जब तक अपने इस अधिकार को गंभीरता के साथ नहीं समझेगा तब तक उसके साथ हमेशा इसी तरह का धोखा होता रहेगा जैसा कि पिछले वर्षों से होता चला आ रहा है। मतदान केवल मतदाता का कर्तव्य नहीं है। मतदान उसका अधिकार है। केंद्र एवं राज्य में जो भी सरकारें बनती हैं, उसमें मतदाता और राजनीतिक दलों की बड़ी भूमिका होती है। क्योंकि मतदाता के मतदान करने के बाद जिस पार्टी को बहुमत मिलता है, उसी की केंद्र एवं राज्य में सरकार बनती है। वही बहुमत के आधार पर सरकार बनाती है। मतदाताओं को संविधान की बुनियादी बातों को समझना बहुत जरूरी है। मतदाताओं को उनके अधिकार से भी परिचित कराया जाना जरूरी है। जब कोई भी राजनीतिक दल मतदाताओं के लिए घोषणा पत्र जारी करता है। चुनाव लड़ने वाला उम्मीदवार मतदाताओं को क्षेत्र का विकास करने और क्षेत्र की समस्याओं को दूर करने का जो आश्वासन देता है। मतदाता उसी से प्रभावित होकर अपना वोट उसके पक्ष में देता है। मतदाता राजनीतिक दल की विचारधारा, राजनीतिक दल के घोषणा पत्र में किए गए वायदे और उम्मीदवार द्वारा किए गए वायदों को ध्यान में रखते हुए अपना मत देता है। उसे संसदीय या विधानसभा क्षेत्र से बहुमत के आधार पर वह चुनाव जीतता है। लोकसभा और विधानसभाओं में उस क्षेत्र का प्रतिनिधित्व करता है। निर्वाचित प्रतिनिधि और राजनीतिक दल यदि मतदाताओं से जो वायदे किए गए थे जिस विचारधारा के आधार पर उससे मत मांगा गया था यदि वह उसके विपरीत जाकर काम करता है तो वह मतदाताओं के साथ एक तरह की धोखाधड़ी है। निर्वाचित सांसद अथवा विधायक राजनीतिक दल को छोड़कर दूसरे दल में जाता है, तो यह मतदाताओं के साथ धोखाधड़ी है। इसी तरीके से निर्वाचित प्रतिनिधि यदि अपने वायदे से मुकर जाता है, तो यह भी मतदाताओं के साथ एक तरह की धोखाधड़ी है। मतदाताओं को अपने इस अधिकार को समझते हुए मतदान करना चाहिए। मतदाता सजग होगा तो राजनीतिक दल और निर्वाचित प्रतिनिधि मतदाताओं के प्रति अपनी जिम्मेदारी को समझेंगे निर्वाचित प्रतिनिधि नैतिकता के साथ काम करेंगे। संविधान ने नागरिकों को जो मौलिक अधिकार दिए हैं। कोई भी सरकार इन अधिकारों को कम या खत्म नहीं कर सकती है। संविधान की मूल संरचना या आत्मा निष्पक्ष चुनाव कराने और हर नागरिक के अधिकारों को सुरक्षित बनाने का काम करती है। इस अधिकार की रक्षा करना मतदाता का ही कर्तव्य और अधिकार है। जब मतदाता अपने कर्तव्य और अधिकार को समझ लेगा सही मायने में तभी वह सही सरकार को चुन पाएगा। तभी उसके मौलिक अधिकार सुरक्षित रह पाएंगे। भारतीय नागरिकों को चाहे वह किसी भी जाति, धर्म का स्त्री, पुरुष ट्रांसजेंडर अपंग अथवा किसी भी आयु वर्ग का हो सभी को समान अधिकार दिए गए हैं। संविधान की इस संरचना को बदलने का अधिकार किसी के पास भी नहीं है। यह तभी सुरक्षित रह पाएंगे जब नागरिक स्वयं अपने अधिकारों और मतदान के कर्तव्य को लेकर सजग होंगे।*

# निर्वाचन आयोग का ध्यान मतदान प्रतिशत बढ़ाने पर

**मुकुंद**

इस समय भारत निर्वाचन आयोग का सारा ध्यान आम चुनाव में मतदान प्रतिशत को बढ़ाने पर केंद्रित है। आयोग ने इस बार अब तक के सबसे बड़े जागरुकता एवं सुविधा संबंधी उपायों को और भी अधिक सुदृढ़ करने पर जोर दिया है। सार्वजनिक और निजी संगठनों और मशहूर हस्तियों को मतदाता संपर्क अभियानों में शामिल किया गया है। भारत मौसम विज्ञान विभाग के तीसरे चरण के लिए गर्म मौसम के पूवार्नुमान की स्थिति से निपटने के लिए विशेष कदम उठाए गए हैं। इस बारे में भारत सरकार के पत्र सूचना कार्यालय (पीआईबी) की रिपोर्ट में विस्तार से चर्चा की है। इसमें कहा गया है कि लोकसभा चुनाव के पहले दो चरणों में मतदान में मामूली गिरावट से आयोग चिंतित है। पहले चरण में 66.14 प्रतिशत और दूसरे चरण में 66.71 प्रतिशत मतदान हुआ है। यह चुनाव में भागीदारी के भारतीय इतिहास की दृष्टि से बेहतर है, लेकिन 2019 में स्थापित उच्च मानक से कहीं न कहीं कम ही है। इसे गंभीरता से लेते हुए भारत निर्वाचन आयोग ने अपना सारा ध्यान मतदाताओं के मतदान प्रतिशत को बढ़ाने पर केंद्रित किया है। आयोग ने कहा है कि वह अगले पांच चरणों में मतदान प्रतिशत को बढ़ाने के लिए सभी संभव उपायों के लिए प्रतिबद्ध है। मुख्य निर्वाचन आयुक्त राजीव कुमार, निर्वाचन आयुक्त (द्वय) ज्ञानेश कुमार और सुखबीर सिंह संधू देशभर के मुख्य निर्वाचन अधिकारियों और निर्वाचन सदन के वरिष्ठ अधिकारियों से सतत संपर्क कर 2019 के मानक से कहीं अधिक वोटिंग फीसद बढ़ाने



की हर संभव कोशिश कर रहे हैं। गौरतलब है कि मुख्य निर्वाचन आयुक्त राजीव कुमार के नेतृत्व में व्यक्तिगत रूप से चलाए गए स्वीप अभियानों की एक उल्लेखनीय विशेषता प्रमुख विभागों, कंपनियों, मशहूर हस्तियों और संगठनों का निःशुल्क सहयोग है। पिछले एक वर्ष के दौरान आयोग ने अपने प्रमुख कार्यक्रम सिस्टमैटिक वोटर्स एजुकेशन एंड इलेक्टोरल पार्टिसिपेशन (एसवीईईपी) को सशक्त रूप से संचालित किया है। राज्यों और जिलों ने कम मतदान प्रतिशत वाले निर्वाचन क्षेत्रों को लक्षित कर मतदान प्रतिशत बढ़ाने की योजना के तहत नागरिकों की भागीदारी को बढ़ावा देने के लिए कई स्थानीय विशिष्ट क्रियाकलाप किए हैं। आयोग ने दूसरे चरण की मतदान प्रक्रिया में कुछ महानगरीय शहरों में मतदान प्रतिशत में आई गिरावट को गंभीरता से लिया है। आयोग को उम्मीद है कि अगले चरणों में शहरी मतदान केंद्र में मतदान के प्रति मतदाताओं की रुचि काफी बढ़ेगी। पहले चरण के मतदान में गिरावट के बाद आयोग ने महाराष्ट्र, बिहार, उत्तर प्रदेश, राजस्थान और कर्नाटक राज्यों के मुख्य निर्वाचन अधिकारियों (सीईओ) को अतिरिक्त योजनाओं को लागू करने का निर्देश दिया। मतदान प्रतिशत बढ़ाने के तरीकों की पहचान करने के लिए तीसरे और चौथे चरण में कम मतदान वाले जिलों (2019 के आंकड़ों के आधार पर) के जिला निर्वाचन अधिकारियों के साथ अलग-अलग बातचीत की। आयोग का कहना है कि यह सुखद है कि भारत मौसम विज्ञान विभाग ने सात मई को होने वाले आम चुनाव के तीसरे चरण के लिए गर्मी को लेकर कोई बड़ी चिंता नहीं जताई है। मौसम सामान्य रहने का पूवार्नुमान किया है। यह सुनिश्चित करने के लिए विस्तृत परामर्श जारी किया गया है कि मतदाताओं को गर्मी के मौसम में हर हाल में श्रेष्ठतम सुविधा मिले। आयोग के सोशल मीडिया सेल ने अभियान आई एम इलेक्शन एम्बेसडर शुरू किया है। बीसीसीआई के सहयोग से आईपीएल 2024 के दौरान विभिन्न स्टेडियमों में मतदाता जागरुकता संदेश और गाने बजाए जा रहे हैं। क्रिकेट के दिग्गज सचिन तेंदुलकर द्वारा पूर्व-रिकॉर्ड किए गए वीडियो संदेश में मतदाता प्रतिज्ञा विभिन्न आईपीएल स्थानों पर दिलाई जा रही है। सभी फेसबुक यूजर्स को मतदान दिवस के लिए सतर्कता संदेश भेजा गया है। आयोग डाकघरों और बैंकिंग संस्थानों के विशाल नेटवर्क का उपयोग भी इसके लिए कर रहा है। रेल मंत्रालय के सहयोग से संसदीय चुनाव अभियान लोगो ₹चुनाव का पर्व, देश का गर्व₹ को आईआरसीटीसी पोर्टल और टिकटों के साथ एकीकृत किया गया है। पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय के सहयोग से लगभग 16,000 खुदरा पेट्रोल पंपों पर मतदाता जागरुकता संबंधी होर्डिंग्स लगाए गए हैं। नागर विमानन मंत्रालय के सहयोग से एयरलाइंस आगामी चुनाव में भाग लेने के लिए संदेश के साथ एक इनफ्लाइट घोषणा कर रही हैं। मतदाता गाइड विमान की सीट की जेबों में रखी जा रही है। दिल्ली, मुंबई, कोलकाता, बेंगलुरु, हैदराबाद, अहमदाबाद, लखनऊ, पटना, चंडीगढ़ आदि 10 प्रमुख शहरों में हवाई अड्डों पर सेल्फी-प्वाइंट बनाए गए हैं। देश भर के सिनेमा थियेटर नियमित अंतराल पर ईसीआई मतदाता जागरुकता फिल्में और ईसीआई गीत मैं भारत हूं, हम भारत के मतदाता हैं चला रहे हैं। अमूल और मदर डेयरी ने 'चुनाव का पर्व, देश का गर्व' संदेश के साथ अपने दूध के पाउच की ब्रांडिंग शुरू कर दी है। दूरसंचार ऑपरेटर भी मोबाइल नेटवर्क के माध्यम से एसएमएस भेजकर मतदाता जागरुकता गतिविधियों में योगदान दे रहे हैं। जोमैटो और स्विगी जैसे खाद्य वितरण प्लेटफार्मों ने भी अपनी अनूठी शैली में मतदाता जागरुकता संदेशों को प्रसारित करने के लिए आयोग के साथ साझेदारी की है।

## आज का राशिफल

**मेष** — व्यापार में स्थिति नरम रहेगी। शत्रुभय, चिंता, संतान को कष्ट, अपव्यय के कारण बनेंगे। भ्रातृपक्ष में विरोध होने की संभावना है। आय-व्यय की स्थिति समान रहेगी। स्वास्थ्य का पाया भी कमजोर बना रहेगा। कामकाज सीमित तौर पर ही बन पाएंगे। अभी आश्वासनों से संतोष करना पड़ेगा। शुभांक-2-6-8

**वृष** — मेल-मिलाप से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। अपने काम में सुविधा मिल जाने से प्रगति होगी। समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा। यात्रा का दूरगामी परिणाम मिल जाएगा। कामकाज में आ रही बाधा को दूर कर लेंगे। सुविधा और समन्वय बना रहने से कामकाज में प्रगति बनेगी। शुभांक-4-6-8

**मिथुन** — यात्रा प्रवास का सार्थक परिणाम मिलेगा। मेल-मिलाप से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। अपने काम में सुविधा मिल जाने से प्रगति होगी। समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा। नवीन जिम्मेदारी बढ़ने के आसार रहेंगे। परिवारजनों का सहयोग बना रहेगा। मेहमानों का आगमन होगा। शुभांक-5-7-8

**कर्क** — राजकीय कार्यों से लाभ। पैतृक सम्पत्ति से लाभ। नैतिक दायरे में रहें। पुरानी गलती का पश्चाताप होगा। दाम्पत्य जीवन सुखद रहेगा। ले देकर की जा रही काम की कोशिश ठीक नहीं। धीरे-धीरे लाभ का मार्ग प्रशस्त होगा उचित समय का इन्तजार करें। मेहमानों का आगमन होगा। छात्रों को लाभ। शुभांक-4-6-7

**सिंह** — आय के अच्छे योग बनेंगे। संतान की उन्नति के योग हैं। स्त्री-संतान पक्ष का सहयोग मिलेगा। पुराने मित्र से मिलन होगा। स्वविवेक से कार्य करें। शत्रुपक्ष से सावधान रहें। भाई-बहनों का प्रेम बढ़ेगा। आत्मविश्वास बढ़ेगा। इच्छित कार्य सफल होंगे। इच्छित स्थान की यात्रा का योग है। शुभांक-2-5-6

**कन्या** — आगे-आगे गौरख जागे वाली कहावत चरितार्थ होगी। मेहमानों का आगमन होगा। परिवारजन का सहयोग व समन्वय काम को बनाना आसान करेगा। अपना काम दूसरों के सहयोग से पूरा होगा। कारोबारी काम में नवीन तालमेल व समन्वय बनाय। मीठे बोलने वालों से संभल कर रहें। शुभांक-4-5-7

**तुला** — जीवन साथी अथवा यार-दोस्तों के साथ साझे में किए जा रहे काम में लाभ मिल जाएगा। पूर्व नियोजित कार्यक्रम सरलता से संपन्न हो जाएंगे। जोखिम से दूर रहना ही बुद्धिमानी होगी। ले देकर की जा रही काम की कोशिश ठीक नहीं। महत्वपूर्ण कार्य को समय पर बना लें तो अच्छा ही होगा। शुभांक-3-5-7

**वृश्चिक** — लाभ में आशातीत वृद्धि तय है मगर नकारात्मक रुख न अपनाएं। आशा और उत्साह के कारण सक्रियता बढ़ेगी। स्वास्थ्य मध्यम रहेगा। समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा। आय-व्यय समान रहेगा। व्यापार व व्यवसाय में ध्यान देने से सफलता मिलेगी। विशिष्ट जनों से मेल-मुलाकात होगी। शुभांक-2-4-6

**धनु** — जीवनसाथी का परामर्श लाभदायक रहेगा। व्यापार व नौकरी में स्थिति अच्छी रहेगी। शुभ कार्यों का लाभदायक परिणाम होगा। कामकाज की अधिकता रहेगी। व्यवसायिक अभ्युदय भी होगा और प्रसन्नताएं भी बढ़ेगी। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। अर्थपक्ष मजबूत रहेगा। धर्म-कर्म के प्रति रुचि जागृत होगी। शुभांक-4-6-7

**मकर** — प्रियजनों से समागम का अवसर मिलेगा। अवरुद्ध कार्य संपन्न हो जाएंगे। कामकाज की व्यस्तता से सुख-आराम प्रभावित होगा। मानसिक एवं शारीरिक शिथिलता पैदा होगी। श्रेष्ठजनों की सहानुभूतियां होगी। यात्रा प्रवास का सार्थक परिणाम मिलेगा। आनन्ददायक वातावरण बनेगा। शुभांक-1-3-5

**कुंभ** — कारोबारी यात्रा को फिलहाल टालें। आय-व्यय की स्थिति समान रहेगी। अपने हितैषी समझे जाने वाले ही पीठ पीछे नुकसान पहुंचाने की कोशिश करेंगे। होश में रहकर कार्य करें। कामकाज सीमित तौर पर ही बन पाएंगे। स्वास्थ्य का पाया भी कमजोर बना रहेगा। कुछ आर्थिक संकोच पैदा हो सकते हैं। शुभांक-3-4-6

**मीन** — राजकीय कार्यों से लाभ। पैतृक सम्पत्ति से लाभ। कारोबारी यात्रा को फिलहाल टालें। शैक्षणिक कार्य आसानी से पूरे होते रहेंगे। व्यापार व व्यवसाय में ध्यान देने से सफलता मिलेगी। श्रम साध्य कार्यों में सफल होंगे। कुछ महत्वपूर्ण कार्य बनाने के लिए भाग-दौड़ रहेगी। मनोरथ सिद्धि का योग है। शुभांक-2-4-6

# वोट जिहाद से डर गए महाबली

राकेश अचल

मजबूरी है 4 जून तक बेतुकी सियासत के साथ आपके साथ बने रहना। बीते रोज कांग्रेस ने गांधी परिवार की पारम्परिक कहें या पुश्तैनी सीट से राहुल गांधी को अपना उम्मीदवार बनाकर भाजपा की मुश्किलें बढ़ा दीं। भाजपा वैसे ही तमाम मुद्दों के हाथ से फिसलने के बाद हलकान है और विपक्ष के पाले में आकर खेलने या खेला करने के लिए विवश है। ऊपर से बकौल भाजपा कांग्रेस के शाहजादे ने एक और तुरुप चल दी। भाजपा राहुल गाँधी को शाहजादा क्यों कहती है ,इसके बारे में शोध की जरूरत है। मुझे तो राहुल किसी भी कोण से शाहजादे नजर नहीं आते। बहरहाल अब भाजपा राहुल को अमेठी से चुनाव न लड़ने के लिए रणछोड़ बनाने पर उतारू है।

भाजपा जिसे जो चाहे सो बना देती है। उसके पास शायद बंगाल का काला जादू है। भाजपा ने पहले राहुल को पप्पू बनाया ,बेचारे राहुल पप्पू बन भी गये । जब पूरा देश पप्पू बन सकता है तो राहुल किस खेत की मूली हैं ? लेकिन ये राहुल ही थे जो अपने ऊपर चस्पा किये गए पप्पू के लेबिल को खींचने में कामयाब रहे और उन्होंने फेंकू के सामने खुद को मुकाबले में ला खड़ा किया। भाजपा की मुसीबत सचमुच राहुल और उनकी कांग्रेस ही है । बाकी दलों से तो भाजपा निबट भी ले किन्तु कांग्रेस से निबटना उसके लिए अभी तक मुमकिन नहीं हुआ। कांग्रेस को निबटने में भाजपा ने अपने बहुमूल्य दस साल बर्बाद कर लिये । इस समय का इस्तेमाल भाजपा अगर देश को बनाने में करती तो मुमकिन है कि आज उसे हांफना न पड़ता। कांग्रेस ने राहुल को रायबरेली से प्रत्याशी बनाकर भाजपा की तमाम रणनीति को नाकाम कर दिया। आप जानते हैं कि उत्तर प्रदेश को जीते बिना भाजपा का तीसरी बार सत्ता में वापस आने का सपना पूरा नहीं हो सकता। 2019 में भाजपा ने जैसे -तैसे अमेठी से राहुल गांधी को पराजित कर यूपी से बाहर करने में कामयाबी हासिल कर ली थी,लेकिन भाजपा तमाम कसबल के बावजूद रायबरेली से श्रीमती सोनिया गाँधी को नहीं हरा पाई थी । राहुल ने इसीलिए वायनाड से चुनाव लड़ा। भाजपा ने राहुल की सांसदी छीनने के लिए दूसरे हथकंडे भी अपनाये थे, सांसदी छीन भी ली थी किन्तु माननीय बड़ी अदालत आड़े आ गयी।अब राहुल ने उत्तर प्रदेश में दोबारा वापसी दर्ज कराकर भाजपा की नींद हराम कर दी है। राहुल की उत्तर प्रदेश वापसी का मतलब भाजपा की आधी ताकत राहुल को संसद जाने से रोकने में खर्च करना है। भाजपा ने अमेठी से तो राहुल को बेदखल कर दिया था लेकिन रायबरेली से शायद ये मुमकिन न हो। मैंने शायद शब्द का इस्तेमाल किया है ,क्योंकि मै किसी भी चीज को असम्भव नहीं मानता ,क्योंकि अभी देश में मोदी जी हैं जो कुछ भी मुमकिन कर सकते हैं। भाजपा कांग्रेस और राहुल से किस कदर परेशान है इसका उदाहरण खुद प्रधानमंत्री मोदी जी के भाषण हैं। मोदी जी ने उत्तरप्रदेश से दूर अपने गृहराज्य गुजरात के टाटा मैदान में कांग्रेस के उस वोट जिहाद को लेकर अपनी चिंता जताई जो पूर्व केंद्रीय मंत्री सलमान खुर्शीद ने चलाने की बात कही थी। खुर्शीद न कांग्रेस हैं और न कोई मौलवी। वे एक जननेता हैं और उन्होंने जिस वोट क्रांति की बात कही है उसे लेकर भाजपा की यानि माननीय प्रधानमंत्री तक की नींद उड़ गयी है। चुनाव प्रचार में हिन्दू-मुसलमान का जुमला उछलने के लिए केंद्रीय चुनाव आयोग के नोटिस की परवाह किये बिना मोदी जी और उनकी पूरी पार्टी देश के बाहुसंख्यक हिन्दुओं को अल्पसंख्यक मुसलमानों से डराने की कोशिश कर रही है ।वोट जिहाद ने तो भाजपा को और भयभीत कर दिया है और अब भाजपा ने इसे भी चुनावी मुद्दा बना लिया है। भारतीय जनता पार्टी की ह्यमहा विजय संकल्प सभाह्न को संबोधित करते हुए मोदी ने कहा, ह्यह्यकांग्रेस आपकी संपत्ति वोट जिहाद में शामिल लोगों को बांटना चाहती है लेकिन मोदी सुनिश्चित करेगा कि गरीबों, दलितों और आदिवासियों का देश की संपत्ति पर पहला अधिकार हो. पृथ्वी पर किसी भी ताकत को हमारे संविधान को बदलने या उससे छेड़छाड़ की अनुमति नहीं दी जाएग। सवाल ये है की मोदी ये सब सुनिचित किस हैसियत से करेंगे ? क्या वे भारत के भाग्यविधाता हैं।? क्या उन्हें देश ने तीसरी बार जनादेश दे दिया है ? या उन्होंने खुद जनादेश हड़पने की पूरी तैयारी कर ली है ? ह्न। मोदी जी तीसरी क्या चौथी बार प्रधानमंत्री बनें हमें क्या फर्क पड़ने वाला है ,लेकिन उनके दम्भ और उसके पीछे छिपे भय को देखकर मुझे और मेरे जैसे तमाम संवेदनशील लोगों को मोदी जी पर अब दया आने लगी है।

## भारत के ग्रामीण क्षेत्रों में बढ़ती उत्पादों की मांग

**प्रहलाद सबनानी**

भारत में आज भी लगभग 60 प्रतिशत आबादी ग्रामीण क्षेत्रों में निवास करती है एवं अपने जीवन यापन के लिए मुख्य रूप से कृषि क्षेत्र पर ही आश्रित रहती है। पिछले कुछ वर्षों के दौरान केंद्र सरकार एवं राज्य सरकारों द्वारा ग्रामीण क्षेत्रों में लगातार किये जा रहे विकास कार्यों के चलते इन क्षेत्रों में विभिन्न योजनाओं के अंतर्गत व्यय की जाने वाली राशि में अतुलनीय वृद्धि दर्ज हुई है। इससे, ग्रामीण क्षेत्रों में भी रोजगार के नए अवसर निर्मित होने लगे हैं एवं ग्रामीण क्षेत्र से शहरी क्षेत्रों की ओर पलायन कुछ कम हुआ है। विशेष रूप से कोरोना महामारी के खंडकाल में शहरों से ग्रामीण इलाकों की ओर शिफ्ट हुए नागरिकों में से अधिकतर नागरिक अब ग्रामीण क्षेत्रों में ही बस गए हैं एवं अपने विशेष कौशल का लाभ ग्रामीण क्षेत्रों में नागरिकों को प्रदान कर रहे हैं। हाल ही में जारी किए गए कुछ सर्वे प्रतिवेदनों के अनुसार, भारत के ग्रामीण क्षेत्रों में उपभोग की एक नई कहानी लिखी जा रही है क्योंकि अब विभिन्न उत्पादों की मांग ग्रामीण क्षेत्रों में तेजी से बढ़ती दिखाई दे रही है। उपभोक्ता वस्तुओं एवं ऑटो निमार्ता कम्पनियों द्वारा प्रदान की गई जानकारी के अनुसार, भारत के ग्रामीण क्षेत्रों में हाल ही के समय में उपभोग की जाने वाली विभिन्न वस्तुओं एवं दोपहिया एवं चार पहिया वाहनों (ट्रैक्टर सहित) की मांग में तेजी दिखाई दे रही है, जो कि वर्ष 2023 में लगातार कम बनी रही थी। यह संभवतः रबी फसल के सफल होने के चलते भी सम्भव हो रहा है। उक्त तथ्यों को ध्यान में रखते हुए भारतीय रिजर्व बैंक ने भी हाल ही में सम्पन्न अपनी द्विमासिक मोनेटरी पॉलिसी की बैठक में रेपो दर में किसी भी प्रकार की वृद्धि नहीं की है, ताकि बाजार, विशेष रूप से ग्रामीण क्षेत्रों के बाजार में, उत्पादों की मांग विपरीत रूप से प्रभावित नहीं हो, ताकि इससे अंततः वित्तीय वर्ष 2024-25 में देश के आर्थिक विकास की दर भी अच्छी बनी रहे। भारत में पिछले कुछ समय से ग्रामीण क्षेत्रों में विभिन्न उत्पादों की मांग, शहरी क्षेत्रों में उपलब्ध मांग की तुलना में कम ही बनी रही है। परंतु, वित्तीय वर्ष 2023-24 की तृतीय तिमाही के बाद से इसमें कुछ परिवर्तन दिखाई दिया है एवं अब ग्रामीण क्षेत्रों में उत्पादों की मांग में तेजी दिखाई देने लगी है।

## अंकजाल - 7538

*खाली स्थानों में 1 से 9 तक के अंक लिखकर दाएँ से बाएँ एवं ऊपर से नीचे जोड़ना है जिसका सही उत्तर मटमैले रंग के खानों में दिया गया है.*

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 14 | 21 | 21 | | 32 | 21 | 12 | 19 | |
| 12 | | 7 | | | | 5 | | 9 | 22 |
| 14 | 2 | | 5 | | 8 | | 5 | | 23 |
| 16 | | 2 | | | | 9 | | 7 | 26 |
| 21 | 2 | | 7 | | 5 | | | | |
| | | | | 7 | | 9 | | 3 | 29 |
| 26 | 8 | | 6 | | | | 6 | | 13 |
| 18 | | 2 | | 6 | | 3 | | 7 | 14 |
| 29 | 8 | | 5 | | | | 6 | | 18 |
| | 21 | 15 | 16 | 30 | | 19 | 18 | 22 | |

*अंकजाल 7537 का हल*

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | [illegible] | [illegible] | [illegible] | | [illegible] | [illegible] | [illegible] | [illegible] | |
| [illegible] | [illegible] | [illegible] | [illegible] | | [illegible] | [illegible] | [illegible] | [illegible] | [illegible] |
| [illegible] | [illegible] | [illegible] | [illegible] | | [illegible] | [illegible] | [illegible] | [illegible] | [illegible] |
| [illegible] | [illegible] | [illegible] | [illegible] | | [illegible] | [illegible] | [illegible] | [illegible] | [illegible] |
| [illegible] | [illegible] | [illegible] | [illegible] | [illegible] | [illegible] | | | | |
| | | | | [illegible] | [illegible] | [illegible] | [illegible] | [illegible] | [illegible] |
| [illegible] | [illegible] | [illegible] | [illegible] | [illegible] | | [illegible] | [illegible] | [illegible] | [illegible] |
| [illegible] | [illegible] | [illegible] | [illegible] | [illegible] | | [illegible] | [illegible] | [illegible] | [illegible] |
| [illegible] | [illegible] | [illegible] | [illegible] | [illegible] | | [illegible] | [illegible] | [illegible] | [illegible] |
| | [illegible] | [illegible] | [illegible] | [illegible] | | [illegible] | [illegible] | [illegible] | |

Jagrutidaur.com, Bangalore

# हंसी ही दुनिया को एकजुट करने में सक्षम

**ललित गर्ग**

विश्व हास्य दिवस एक उपहार है एवं बिना खर्च के खुशियाँ मनाने एवं हंसकर तनाव दूर करने का विलक्षण एवं अद्भुत दिन है। यह हमें एकजुट करता है, जीवन को बेहतर बनाता है। मई महीने के पहले रविवार को मनाये जाने वाला यह दिन हंसने-हंसाने के बहुत सारे अवसर प्रदत्त कर अच्छे स्वास्थ्य, मानसिक शांति एवं समग्र विकास को सुनिश्चित करता है। हंसने-हंसाने से तन-मन में उत्साह का संचार होता है, वहीं दिल से हंसना भी किसी दवा से कम नहीं है। अध्ययन के मुताबिक, जो लोग अक्सर हंसते हैं वे अधिक समय तक जीवित रहते हैं, बेहतर, समृद्ध और खुश रहते हैं साथ ही उनकी ऊर्जा भी काफी सकारात्मक होती है। दूसरे आप पर हंसकर आपको दुःखी करें, तनाव दें, उससे पहले खुद पर हंसना सीखें। आप खुद अपनी कमियों पर हंसकर उसे अवसर के रूप में देखें। ज्यादातर लोग दूसरों की हंसी को काफी गंभीरता से लेते हैं और दुखी हो जाते हैं। जबकि खुद पर हंसना आपको अधिक संवेदनशील, जुझारू, जीवट वाला, स्वस्थ और अधिक प्रामाणिक होने में सक्षम बनाता है। विश्व हास्य दिवस मुस्कुराने का बहाना ही नहीं, एक प्रेरणा एवं जिजीविषा है। इस दिन को अमल में लाने का क्रेडिट हास्य योग आंदोलन के संस्थापक डॉ. मदन कटारिया को जाता है। जिन्होंने ही मुंबई में पहली बार 11 जनवरी 1998 को विश्व हास्य दिवस को मनाया था। जिसका खास उद्देश्य समाज में बढ़ते तनाव, अशांति, चिन्ता एवं परेशानियों को कम करके उन्हें सुखी जीवन जीने की सीख देना था। क्योंकि हँसना सभी के शारीरिक, मानसिक, भावनात्मक एवं बौद्धिक विकास में अत्यंत सहायक है। हंसी हमारे जीवन की सफलता की चाबी है, वह अनेक समस्याओं का समाधान भी है। हंसी दुखी दिल के घावों को भरने वाला मलहम है। हमारे चेहरे का व्यायाम है और मन का आराम। शोध कहते हैं कि जैसे-जैसे हम बड़े हो रहे हैं, हमारा हंसना कम हो रहा है। इसी पर लेखक मिशेल प्रिटचार्ड कहती हैं, ह्यहम इसलिए कम नहीं हंसते कि हम बूढ़े हो गए हैं। हम बूढ़े ही इसलिए हुए कि हमने हंसना बंद कर दिया है। आज का इंसान अपनी मुस्कुराहट व हँसी को भूलता जा रहा है, फलस्वरूप तनावजन्य बीमारियाँ, जैसे- उच्च रक्तचाप, शुगर, माइग्रेन, हिस्टीरिया, पागलपन, डिप्रेशन आदि को निमंत्रण दे रहा है। हँसने से ऊर्जा और ऑक्सीजन का संचार अधिक होता है। शरीर में से दूषित वायु बाहर निकल जाती है। हमेशा खुलकर हँसना शरीर के सभी अवयवों को ताकतवर और पुष्ट करता है। साथ ही शरीर में रक्त संचार की गति को बढ़ाता है। इसके अलावा पाचन तंत्र अधिक कुशलता से कार्य करता है। इसलिये डॉक्टर भी हर बीमारी के रोगी के लिये हास्य को उपयोगी बताते हैं। जो लोग हमें हंसाते हैं, वे हमारी स्मृतियों में रच-बस जाते हैं। हम किसी को पसंद या नापसंद कई कारणों से कर सकते हैं। पर लंबे समय तक हमारे प्रेम के हकदार वे लोग बनते हैं, जो हमें हंसाते हैं और हमारे चेहरे की हंसी बन जाते हैं। शायद इसीलिए विक्टर बोर्ग कहते हैं, हंसी दो लोगों के बीच की दूरी को पार करने का सबसे छोटा पुल है। हंसना एक ऐसा बेशकीमती उपहार है, जो कुदरत ने केवल मनुष्य को ही बख्शा है। हास्य एक सार्वभौमिक भाषा है। इसमें जाति, धर्म, रंग, लिंग से परे रहकर मानवता को समन्वय करने की क्षमता है। यह इंसान से इंसान को जोड़ने का उपक्रम है। हंसी विभिन्न समुदायों को जोड़कर नए विश्व का निर्माण करने में सक्षम हैं। यह विचार भले ही काल्पनिक लगता हो, लेकिन लोगों में गहरा विश्वास है कि हंसी ही दुनिया को एकजुट कर सकती है। इसीलिये मार्टिन लूथर ने कहा है कि यदि मुझे स्वर्ग में हंसने की आज्ञा न हो तो मैं स्वर्ग नहीं जाऊंगा। उदासी और बेचैनियों के बादल छाए रहते हैं, हंसी की धूप खिल नहीं पाती। लेखिका एमिली मिचेल कहती हैं, ह्यहंसी के बिना बीता दिन, अंधेरे में रहने जैसा है, आप अपना रास्ता ढूंढ़ने की कोशिश तो करते हैं, पर उसे साफ-साफ नहीं देख पाते।ह्न हंसना एक ऐसा सकारात्मक भाव एवं ऊर्जा है जो व्यक्ति के न केवल आंतरिक बल्कि बाहरी स्वरूप को प्रभावी, समृद्धिशाली एवं तेजस्वी बनाता है। हास्य एक शक्तिशाली भावना है जिसमें व्यक्ति को ऊजार्वान और संसार को शांतिपूर्ण बनाने की क्षमता हैं। यह व्यक्ति के विद्युत-चुंबकीय क्षेत्र को प्रभावित करता है और व्यक्ति में सकारात्मक ऊर्जा का संचार करता है। जब व्यक्ति समूह में हंसता है तो उसकी हंसी से सकारात्मक ऊर्जा सम्पूर्ण परिवेश में व्याप्त हो जाती है। दुनिया में सुख एवं दुःख दोनों ही धूप-छाँव की भाँति आते-जाते हैं। यदि मनुष्य दोनों परिस्थितियों में हँसमुख रहे तो उसका मन सदैव काबू में रहता है व वह चिंता से बचा रह सकता है। हंसने से आत्मा खिल उठती है। इससे आप तो आनंद पाते ही हैं दूसरों को भी आनंदित करते हैं। हास-परिहास पीड़ा का दुश्मन है, निराशा और चिंता का अचूक इलाज और दुःखों के लिए रामबाण औषधि है। हंसी एक उत्तम टॉनिक का काम करती है। लंदन विश्वविद्यालय की प्रोफेसर सोफी स्कॉट कहती हैं कि, ह्यहंसी के द्वारा हमारा अवचेतन मन ये संकेत देता है कि, हम सुकून में हैं और सुरक्षित महसूस कर रहे हैं। जापान में भगवान बुद्ध के शिष्य थे होतेई। वह बड़े अलमस्त स्वभाव के भिक्षुक थे। वह बेहद निर्लिप्त और निरपेक्ष भाव से जीवन जीने में विश्वास रखते थे। वह जिस कार्य को करते, उसमें पूरी तरह डूब जाते थे, तन्मय हो जाते। जापान में ऐसी मान्यता है कि एक बार होतेई मेडिटेशन करते-करते इतने रोमांचित हो गए कि ध्यानावस्था में जोर-जोर से हंसने लगे। इस अद्भुत घटना के उपरांत ही लोग उन्हें लाफिंग बुद्धा के नाम से संबोधित करने लगे। घूमना-फिरना, देशाटन करना, लोगों को हंसाना व खुशी प्रदान करना लाफिंग बुद्धा का ध्येय बन गया। चीन में लाफिंग बुद्धा को पुताई के नाम से भी जाना जाता है। चीनी लोग उन्हें एक ऐसे भिक्षुक के नजरिए से देखते हैं, जो एक हाथ में धन-धान्य का थैला लिए, चेहरे पर खिलखिलाहट बिखेरे अपना बड़ा पेट और थुलथुल बदन दिखाकर सभी को हंसाते हुए सकारात्मक ऊर्जा देते हैं। वे समृद्धि व खुशहाली के संदेशवाहक और घरों के वास्तुदोष निवारण के प्रतीक भी माने जाते हैं।

## सूडोकु नवताल- 6782

✱✱✱✱✲ मध्यम

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 5 | | | | | 9 | 6 | | |
| | | | | | | 1 | 4 | |
| | | | 2 | 8 | | | | |
| | | | 8 | | | | 5 | 2 |
| 6 | | | | | | | | 7 |
| 1 | 4 | | | | 3 | | | |
| | | | | 4 | 1 | | | |
| | 2 | 5 | | | | | | |
| | | 3 | 7 | | | | | 4 |

Jagrutidaur.com, Bangalore

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते .
- पहेली का केवल एक ही हल है.

**सूडोकु नवताल -6781 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 3 | 6 | 5 | 1 | 8 | 2 | 7 | 4 | 9 |
| 7 | 9 | 2 | 3 | 5 | 4 | 1 | 8 | 6 |
| 4 | 1 | 8 | 6 | 7 | 9 | 5 | 3 | 2 |
| 6 | 5 | 9 | 2 | 4 | 8 | 3 | 7 | 1 |
| 8 | 4 | 7 | 9 | 3 | 1 | 6 | 2 | 5 |
| 1 | 2 | 3 | 5 | 6 | 7 | 4 | 9 | 8 |
| 2 | 7 | 6 | 4 | 9 | 5 | 8 | 1 | 3 |
| 5 | 8 | 1 | 7 | 2 | 3 | 9 | 6 | 4 |
| 9 | 3 | 4 | 8 | 1 | 6 | 2 | 5 | 7 |

# कतरास में अतिक्रमण के हटाने के खिलाफ जोरदार हंगामा




दुकान हटाते निगम के कर्मी, नीचे मौजूद निगम अधिकारी और पुलिस बल



## ■ हटाये गये कई दुकान

**आवाज प्रतिनिधि। 4 मई**

**कतरास।** कतरास थाना चौक पर नगर निगम की इनफोर्समेंट टीम द्वारा शनिवार को अतिक्रमण हटाने के लिए अभियान चलाया गया। इसके तहत शहर के कई दुकानों को हटाकर सड़क को अतिक्रमण मुक्त किया गया। अतिक्रमण हटाए जाने के खिलाफ दुकान दुकानदार और उनके परिजनों ने जमकर हंगामा किया। प्राप्त जानकारी के अनुसार दुकान के मालिक साजिद अंसारी ने नगर निगम को एक लिखित शिकायत देकर अपने दुकान के सामने झोपड़ीनुमा दुकान को हटवाने का आग्रह किया था। इसी शिकायत के आलोक में नगर निगम की इंफोर्समेंट टीम का नेतृत्व कर रहे धनबाद फूड इंस्पेक्टर अनिल कुमार ने हुए दुकान को तोड़कर हटवाया। झोपड़ीनुमा दुकान के संचालक ने कहा कि यह दुकान कई दशकों से यहां थी। कार्रवाई के पहले सूचना देना चाहिए था,ताकि दुकान के सामानों को सुरक्षित हटाया जा सके। फिलहाल दुकान को हटा दिया गया है। साथ ही टीम का नेतृत्व कर रहे फूड इंस्पेक्टर ने कहा कि इस तरह की शिकायतें आने पर लगातार कार्रवाई की जाएगी। अब अग्रिम सूचना देकर कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

## *खरखरी में कुआं की घेराबंदी को लेकर दो पक्षों में विवाद*

*__फुलारीटांड़।__ मधुबन थाना क्षेत्र के खरखरी में कुआं की घेराबंदी करने को लेकर शनिवार को दो पक्षों में मित्ता परिवार व पड़ोसी रामकुमार गुप्ता में जमकर विवाद हो गया और दोनों पक्षों के लोग आमने-सामने आ गए। बाद में दोनों पक्ष अलग अलग थाना पहुंचकर अपना पक्ष पुलिस के समक्ष रखा। पुलिस ने दोनों पक्षों की शिकायत के बाद मौके पर पहुंचकर जांच पड़ताल की। इसके बाद दोनों पक्षों को समझाबुझा कर शांत कराया। इस संबंध में मित्ता परिवार की महिलाओं ने गुप्ता परिवार पर दबंगई का आरोप लगाते हुए कहा कि घर के आंगन परिसर में विवादित कुआं मेरे पूर्वजों के समय से है जिसमे परिवार के सभी लोग पानी लेते हैं। कुछ समय पूर्ब मित्ता परिवार के एक हिस्सेदार ने अपनी हिस्से की जमीन व संपत्ति रामकुमार गुप्ता को बेचकर अन्यत्र चले गए। आज गुप्ता परिवार के द्वारा मेरे पूर्वजों के द्वारा बनाये गए सार्बजनिक कुआं की घेराबंदी करना चाहते है जो अनुचित है। इधर गुप्ता परिवार के अनुसार उसके द्वारा खरीदे गए प्रॉपर्टी और जमीन के अंदर विवादित कुआं आता हैं, फिर भी रास्ता को छोड़कर घेराबंदी की जा रही है जिसका बिरोध किया जा रहा है। मामले की शिकायत पुलिस से की गई ।*

# पासमंदा मुस्लिम भी इस बार बीजेपी को देंगे वोट : कैयूम अंसारी



कैयूम अंसारी

**आवाज प्रतिनिधि। 4 मई**

**तोपचांची।** भाजपा ने लोकसभा चुनाव को लेकर अल्पसंख्यक मोर्चा के राष्ट्रीय मुस्लिम पासमंदा महाज के प्रदेश अध्यक्ष कय्यूम अंसारी को एक नई जिम्मेदारी सौंपी है। इनके पार्टी के प्रति समर्पित छवि को और पार्टी के लिए सक्रिय रूप सेवा कार्य को देखते हुए लोकसभा चुनाव में सक्रिय रूप से कार्य करने और एनडीए प्रत्याशियों के पक्ष में चुनाव प्रचार को लेकर दुमका लोकसभा क्षेत्र का सह प्रभारी एवं गिरिडीह लोकसभा क्षेत्र का संयुक्त प्रभारी बनाया गया है। इस संबंध में कय्यूम अंसारी ने बताया कि अल्पसंख्यक मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष अनवर हयात के निर्देशानुसार प्रदेश महामंत्री एस एम ताजदार आलम ने यह जिम्मेदारी दी है। अंसारी ने कहा कि पार्टी ने जिस विश्वास से यह जिम्मेदारी मुझे सौंपी है उसका ईमानदारी पूर्वक निर्वहन करने का प्रयास करूंगा। इस बार पसमांदा मुस्लिमों ने भी भाजपा को अपना वोट देने का मन बना लिया है और गिरिडीह लोकसभा में एनडीए समर्थित प्रत्याशी चंद्र प्रकाश चौड़ी को विजयी बनाएंगे।

# लोयाबाद क्षेत्र के कई बूथों का किया गया स्थानांतरण



मतदान केंद्र

## ■ लोगों में आक्रोश

**आवाज प्रतिनिधि। 4 मई**

**लोयाबाद।** लोयाबाद बाजार के बूथ संख्या 347 तथा पंचायत भवन के बूथ संख्या 348 और 349 का स्थानांतरण लोयाबाद नौ नंबर स्थित बासुदेव गांधी स्मृति उच्च विद्यालय में कर दिया गया है। इस स्कूल मे अव छह बूथ हो गए है। भवन जर्जर होने के कारण तीनों बुथों को बदला गया है। बुथों को बदल दिए जाने से वोटरों में आक्रोश है। इसी तरह कनकनी प्राथमिक विद्यालय और सेन्द्रा भीटीसी भवन केन्द्र भी बदले हैं इन तीनों बूथों के वोटरो को करीब डेढ़ किलोमीटर दूर वोट डालने के लिए जाना पडेगा। कनकनी चार नंबर प्राथमिक विद्यालय के 337 व 338 बूथ संख्या को मध्य विद्यालय कनकनी हनुमान बाजार मे समायोजित कर दिया गया है। कनकनी प्राथमिक विद्यालय के वोटरों को अब आधा किलोमीटर दूर हनुमान बाजार जाकर वोट देना होगा। सेन्द्रा वीटीसी सेंटर के बीसीसीएल द्वारा ध्वस्त कर दिए जाने के बाद दो सौ मीटर दूर सेन्द्रा जीएम बंगला मे शिफ्ट कर दिया गया है। पंचायत भवन और बाजार के बूथों को बदल दिए जाने से करीब तीन हजार वोटरों को परेशानी का सामना करना पडेगा। खास कर महिला वोटरों को काफी परेशानी होगी। बुथ दूर हो जाने से वोट डालने का प्रतिशत भी घट जाएगा। बाघमारा के सीओ रवि भूषण प्रसाद ने कहा कि लोयाबाद के तीन बूथों की स्थिति देख बदला गया है।

# शीतला मंदिर में दो दिवसीय वार्षिक पूजन का शुभारंभ



पूजा-अर्चना करते श्रद्धालु

**आवाज प्रतिनिधि। 4 मई**

**चिरकुंडा।** चिरकुंडा स्थित तालडांगा हाउसिंग कॉलोनी के पानी टंकी के समीप शीतला मंदिर में दो दिवसीय वार्षिक धार्मिक अनुष्ठान का शुभारंभ शनिवार से प्रारंभ हुआ। वैदिक मंत्रोच्चार के बीच माता शीतला की पूजा-अर्चना की गयी। मंदिर कमेटी के सदस्यों ने बताया कि यह पूजा लगातार 51 वर्षों से होती आ रही है। यह हाउसिंग कॉलोनी की नगर देवी के रूप में पूजी जाती हैं तथा उन्होंने यह भी बताया कि शनिवार की संध्या में पूजन के बाद खिचड़ी महाभोग प्रसाद के रूप में भक्तों के बीच वितरण किया गया। मौके पर वरुण दे, पप्पू सिंह, शंभू नाथ शर्मा, रितेश वर्मा, संजय सिन्हा, बाबू पाल, जीतू शर्मा, रामदेव सिंह, श्यामल बनजी, राजेश शर्मा आदि कमेटी से जुड़े सदस्य मौजूद थे।

## संक्षिप्त खबरें

### पत्रकार के पिता के निधन पर जनप्रतिनिधियों ने जताया शोक

**गोविंदपुर।** अवकाश प्राप्त राजस्व उप निरीक्षक एवं पत्रकार राजेश कुमार सिन्हा के पिता शिवनारायण प्रसाद 84 वर्ष का निधन शुक्रवार को उनके गोविंदपुर स्थित आवास पर हो गया। वह दो पुत्रों सुनील सिन्हा एवं राजेश सिन्हा तथा तीन पुत्रियों सुशीला देवी, ममता देवी एवं जूली देवी समेत भरपूरा परिवार छोड़ गये हैं। उनकी अंतिम संस्कार खुदिया घाट पर हुआ जिसमें बड़ी संख्या में लोगों ने भाग लिया। उनके निधन पर भाजपा नेत्री तारा देवी, शकुंतला मिश्रा, सुमिता दास, धर्मजीत सिंह बलदेव महतो, रतिरंजन गिरि, दिनेश मंडल, मुखिया गोविंद साव, गोविंद राय, तालेश्वर महतो, विवेकानंद पांडे,जयप्रकाश मिश्रा चुन्नी मजूमदार , कमलेश सिंह आदि ने संवेदना जताई है।

### कलावती देवी ने गिरिडीह से निर्दलीय उम्मीदवार के रूप में किया नामांकन



**तोपचांची।** इस बार गिरिडीह संसदीय क्षेत्र का चुनाव में शंकरडीह मुखिया कलावती देवी भी अपना भाग्य आजमा रही हैं। शनिवार को अपने सैकड़ों समर्थकों साथ कलावती देवी निमियाघाट से अपना नामांकन पत्र दाखिल करने बोकारो के लिए निकली और बोकारो निर्वाचन अधिकारी के समक्ष अपना नामांकन पत्र दाखिल कर संसदीय चुनाव में शामिल हो गई। कलावती देवी पूरे जोश खरोश के साथ महिला उत्थान की बात करती है। उन्होंने कहा कि गिरिडीह का संपूर्ण विकास तभी संभव है जब गिरिडीह के लोकल उम्मीदवार यहां का प्रतिनिधित्व करे। साथ ही उन्होंने कहा की महिला सशक्तिकरण की दिशा में मेरी पहली प्रथिमिकता होगी और गिरिडीह के लोगों को पलायन रोक कर रोजगार सृजन की दिशा में काम करेंगी। इस दौरान सैकड़ों समर्थक मौजूद थे।

### लोकसभा चुनाव को लेकर जेएमएम का बूथ स्तरीय सम्मेलन

**तोपचांची।** लोकसभा चुनाव को लेकर झारखंड मुक्ति मोर्चा का बूथ स्तरीय कार्यकर्ता सम्मेलन में कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए मथुरा महतो ने कहा कि 6 मई को नामांकन में ज्यादा से ज्यादा लोगों की उपस्तिथि दर्ज हो। साथ ही उन्होंने सभी को हिदायत दी के पंचायत स्तर पर जनसंपर्क में तेजी लाएं ज्यादा से ज्यादा लोगों से संपर्क कर राज्य सरकार की उपब्धियों से अवगत कराएं । अब हर शख्स को अपने पूरे दम खम के साथ चुनाव में लग जाने की जरूरत है। तोपचांची प्रतिनिधि जगदीश चौधरी ने सभी बूथ स्तरीय कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि एनडीए गठबंधन में मंहगाई चरम पर है। जिला सचिव मन्नु आलम ने सभी मौजूद लोगों से कहा कि ये जुमलों की सरकार है। मौके पर केंद्रीय सदस्य अलाउद्दीन अंसारी, जिला समिति सदस्य अकबर अंसारी, अर्जुन रजवार, खोरठा कलाकार सुकुमार, प्रखंड अध्यक्ष लालचंद महतो आदि थे।

### डॉ. मुकेश कुमार राय बाघमारा लायंस क्लब के अध्यक्ष निर्वाचित



**बाघमारा।** हरिना स्थित श्री दुर्गा टाइल्स शोरूम में लायंस क्लब बाघमारा की आम बैठक लॉ सुभाष चंद्र बर्णवाल की अध्यक्षता में हुई। बैठक में आगामी सत्र के लिए नई कार्यकारिणी का निर्वाचन किया गया। सर्वप्रथम सभा द्वारा चुनाव समिति के निर्वाचन पदाधिकारी के रूप के डीलु महतो नियुक्त किया गया। उनके नेतृत्व में निर्वाचन कार्य प्रारम्भ हुआ। इस दौरान क्लब के प्रथम उपाध्यक्ष डॉ मुकेश कुमार राय के नाम का प्रस्ताव जोन चेयर पर्सन मिथिलेश कुमार ने अध्यक्ष पद के लिए प्रस्तावित किया ,जिसे उपस्थित सभी सदस्यों ने मेज थपथपा कर समहती दी एवम सर्वसम्मति से अध्यक्ष का निर्वाचन हुआ। इसी प्रकार कायर्कारणी के शेष सदस्यो का चयन एवम मनोनयन किया गया। नई कायर्कारणी में डॉ मुकेश कुमार राय अध्यक्ष, हिमांशु शेखर जमुआर उपाध्यक्ष प्रथम, किशुन लाल महतो उपाध्यक्ष द्वितीय, सुनील कुमार सचिव, संजय बर्णवाल कोषाध्यक्ष, एस एन राय प्रशासक, मिथिलेश कुमार पीआरओ, प्रबीर राय सर्विस चेयर पर्सन,शशि महथा फंड रेसिंग चेयर पर्सन,उमेश दास टेमर, पी के सिंह टेल ट्विस्टर निदेशक मंडल के सदस्य जय मंगल सिंह,सुभाष अग्रवाल,रघुनाथ महतो,सीताराम सीताराम हेलिवल, गोविंद हेलीवाल आदि शामिल हैं।

### मतदाता जागरूकता को लेकर बीडीओ ने दिलाई शपथ

**पुटकी।** धनबाद सदर ब्लॉक में शनिवार को बीडीओ धनबाद पल्लवी सिन्हा की अध्यक्षता में मतदाता जागरूकता कार्यक्रम के तहत उपस्थित सभी अधिकारियों, कर्मचारियों एवं जनप्रतिनिधियों के बीच शपथ ग्रहण किया गया। इसके तहत 25 मई को सपरिवार मतदान केंद्रों पर जाकर अपने मतों का प्रयोग अवश्य करेंगे तथा आसपास के लोगों से वोटिंग करने के लिए लोगों को प्रेरित करेंगे। मौके पर पुटकी अंचलाधिकारी विकास आनंद,पंचायती राज पदाधिकारी मधु सूदन पासवान ,केदार राम, एवम अन्य बी एल ओ उपस्थित थे।

# अभाविप कतरास ने किया मतदाता जागरुकता अभियान का शुभारंभ



**आवाज प्रतिनिधि। 4 मई**

**कतरास।** शनिवार को अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद (अभाविप) की कतरास नगर इकाई द्वारा मतदाता जागरूकता अभियान का शुभारंभ किया गया। अभियान के पहले दिन आकाशकिनारी कोलियरी के ग्रामीण महिलाओं को मतदान के महत्व के संबंध में जागरूक किया गया। कार्यक्रम में उपस्थित प्रांत विश्वविद्यालय सहसंयोजक शिवम रवानी ने कहा कि हमारा एक मत देश के विकास में मील का पत्थर साबित हो सकता है। इसके लिए एबीवीपी अनुरोध करती है कि सभी मतदाता किसी भी प्रत्याशी अथवा दल के प्रलोभन में न आकर मजबूत राष्ट्र के निर्माण के लिए मतदान करें। मतदान करना हमारा नैतिक कर्तव्य व राष्ट्रधर्म भी है जिसका निर्वहन करने के लिए हमें आगे आना चाहिए। हमें बूथ पर कतारबद्ध होकर तब तक डटे रहना है। मौके पर प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य अक्षय गुप्ता, कतरास नगर मंत्री काजल कुमारी, कतरास कॉलेज अध्यक्ष स्वयं स्वर्ण, सौरभ गुप्ता, अनिकेत गुप्ता, सुशांत कुमार, गोपाल केवट, रोहित राज दे समेत कई कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# सीपी चौधरी ने टुंडी में जनसंपर्क कर मांगा जीत का आशीर्वाद



चंद्रप्रकाश चौधरी का स्वागत करतीं महिलाएं

**आवाज प्रतिनिधि। 4 मई**

**टुंडी।** गिरिडीह लोकसभा क्षेत्र के एनडीए प्रत्याशी चंद्र प्रकाश चौधरी ने टुंडी प्रखंड के कई गांव में तूफानी दौरा किया और लोगों से जीत का आशीर्वाद मांगा। उन्होंने नरेंद्र मोदी को फिर से प्रधानमंत्री बनाने के लिए आजसू के चुनाव चिह्न केला छाप में वोट देने के लिए अपील की। सीपी चौधरी ने टुंडी प्रखंड के पश्चिमी क्षेत्र जीतपुर स्थित बंगारो ,नवादा, जीतपुर, मनियाडीह, शीतलपुर, फतेहपुर, पोस्टमारा, मछियारा, चरक, पाण्डेयडीह , सोनाद, पूर्णाडीह, नौहाट, टुंडी बाजार, रतनपुर, लोधारिया, बहादुरपुर, महाराजगंज होते हुए बरवाटांड़ का दौरा कर जनसंपर्क अभियान चलाया। इस जनसंपर्क अभियान के दौरान स्थानीय ग्रामीणों ने चौधरी का आदिवासी संस्कृति से स्वागत किया। टुंडी बाजार में युवाओं ने गर्म जोशी से उनका स्वागत किया। जय श्रीराम , अबकी बार 400 पार , चंद्रप्रकाश चौधरी जिंदाबाद के नारों ने गूंज उठा। इसके उपरांत टुंडी प्राचीन शिव मन्दिर में पहुंच कर बाबा भोलेनाथ से आशीर्वाद लिया और लोगो से मुलाकात की। इस दौरान काफी संख्या में कार्यकर्ता मौजूद थे।

# जुमलेबाजी से जनता को छला जा रहा : मथुरा महतो



नये सदस्यों के साथ मथुरा महतो

## ■ दूसरे दलों को छोड़ दर्जनों झामुमो में हुए शामिल

**आवाज प्रतिनिधि। 4 मई**

**फुलारीटांड़।** पीएम नरेंद्र मोदी ने जनता को अच्छे दिन का वादा किया, जो पिछले दस वर्षों मे सपना बनकर रह गया। केंद्र सरकार सिर्फ अंबानी अडानी के लिए अच्छे दिन लाने का काम किया है। उक्त बातें इंडिया गठबंधन से गिरीडीह संसदीय क्षेत्र के प्रत्याशी मथुरा महतो ने खरखरी दुर्गा मंदिर प्रांगण में शनिवार शाम को आयोजित जनसंपर्क अभियान में कही। उन्होंने कहा कि जनता जुमलेबाजी से पस्त हो गयी है। महंगाई,बेरोजगारी चरम पर है। देश की संपत्ति को निजी हाथों में बेच कर पूंजीपतियों को लाभ पहुंचाया जा रहा और जनता को छला जा रहा है। उन्होंने कहा कि पिछले चुनाव में मोदी जी के हाथ को मजबूत करने वाला केला क्षेत्र के लिए झमेला बनकर रह गया। वहीं झारखंड सरकार ने अपने चुनाव के दौरान जो वादे राज्य की जनता से की थी उसे पूरा करने का काम किया। अध्यक्षता कर रहे युवा मोर्चा नेता कारू यादव ने कहा कि इस चुनाव में हम सभी को गरीबों के नेता मथुरा महतो को भारी मतों से जीता कर दिल्ली भेजना है। इसके पूर्व युवा मोर्चा नेता कारू यादव के नेतृत्व मे मथुरा महतो का डुमरा मोड़ मे जोरदार तरीके से स्वागत किया गया।उसके बाद सैकड़ो वाहनो के काफिले संग कार्यकर्ता खरखरी दुर्गा मंडप मैदान पहुंचे। मौके पर दूसरे दलों के दर्जनों लोग झामुमो में शामिल हुए जिन्हे इंडिया गठबंधन के प्रत्याशी मथुरा महतो ने माला पहना कर स्वागत किया। जनसंपर्क अभियान मे कारू यादव, प्रखंड अध्यक्ष अजमुल अंसारी, दयाल महतो, मो आजाद, राजकुमार यादव, मदन रवानी, रॉकी मोदक,ओमप्रकाश कुंवर, प्रदीप यादव, मरियम बीबी, प्रदीप चौहान समेत दर्जनों लोग शामिल थे।

# इंटर कला की जिला टॉपर सुहाना को रतीलाल ने किया सम्मानित



सुहाना को सम्मानित करते लोग

**आवाज प्रतिनिधि। 4 मई**

**कतरास।** अंगार पथरा की रहने वाली सुहाना परवीन ने जैक इंटरमीडिएट के आर्ट्स में पूरे जिले में 87 प्रतिशत अंक लाकर कतरास कॉलेज सहित जिला टॉपर बनने पर शनिवार को जेएमएम के पूर्व प्रखंड अध्यक्ष सह वरीय नेता रतिलाल टुडू और अजमूल अंसारी ने परवीन के घर पहुंच कर गुलदस्ता डायरी पेन देकर बधाई दी और उज्ज्वल भविष्य की कामना की। सुहाना ने बताया कि डीएवी हाई स्कूल कतरास से मैट्रिक में 89% लाकर स्कूल में भी टॉपर बनी थी। मेरे पिता शाहनवाज अंसारी पेशे से कार पेंटर हैं और मां गृहणी है। मौके पर उपाध्यक्ष घलटू त्रिगुणायत,पानू अंसारी, संजय रजवार, रौनक सिन्हा, पंकज दिनकर, जाहिद अंसारी, पारस ठाकुर, ऋतिक सिंह, डब्लू बस्की, सोनू कुमार आदि मौजूद थे।

बाइडन के भारत को 'जेनोफोबिक' कहने पर जयशंकर की दो टूक, बोले

# मेहमाननवाजी के लिए जाना जाता है देश

■ जयशंकर ने की पश्चिमी मीडिया की आलोचना

एजेंसी । 4 मई

**नई दिल्ली :** अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडन ने हाल ही में भारत को जेनोफोबिक (विदेशियों के प्रति अत्यधिक नापसंदगी या डर रखने वाला) बताया था। इस पर प्रतिक्रिया देते हुए केंद्रीय विदेश मंत्री ने बाइडन की टिप्पणी को खारिज कर दिया। जयशंकर ने बताया कि भारत विभिन्न समाज के लोगों का स्वागत करता है। यह देश मेहमाननवाजी के लिए जाना जाता है। एक साक्षात्कार में जयशंकर ने इस आरोप का भी खंडन किया कि भारत की अर्थव्यवस्था लड़खड़ा रही है। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व वाली सरकार द्वारा पेश किया गया नागरिकता संशोधन अधिनियम यह दर्शाता है कि भारत हर समाज के लोगों का स्वागत करता है। बाइडन के बयान पर केंद्रीय विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने पलटवार किया। उन्होंने बताया कि देश की अर्थव्यवस्था लड़खड़ा नहीं रही है। जयशंकर ने आगे कहा कि भारत हमेशा से एक अनोखा देश रहा है। मैं वास्तव में कहना चाहता हूं कि यह एक ऐसा देश रहा है, जिसने सभी का स्वागत किया है। विभिन्न समाज के विभिन्न लोग भारत में आते हैं। जयशंकर ने बताया कि नागरिकता संशोधन अधिनियम इसका उदाहरण है। सीएए को लेकर जारी आलोचनाओं पर जयशंकर ने कहा कि सार्वजनिक तौर पर कई लोगों का कहना है कि सीएए के कारण दस लाख मुसलमान इस देश में अपनी नागरिकता खो देंगे। उन्होंने आगे कहा कि उनसे हिसाब क्यों नहीं लिया जा रहा है? क्योंकि कोई भी नागरिकता नहीं खोने वाला



है।अमेरिका की यूनिवर्सिटी में जारी इस्राइल विरोधी प्रदर्शन पर भी जयशंकर ने प्रतिक्रिया दी। उन्होंने इसके लिए पश्चिमी मीडिया की आलोचना की। उन्होंने कहा कि यहां एक विचारधारा से प्रेरित होकर रिपोर्टिंग की जा रही है, जो कि निष्पक्ष नहीं है। मीडिया का यह वर्ग वैश्विक परिप्रेक्ष्य को आकार देना चाहता है और भारत को निशाना बना रहा है।

### बाइडन ने भारत को बताया था जेनोफोबिक प्रकृति वाला देश

*दो अप्रैल को जो बाइडन ने कहा था कि भारत, चीन, रूस और जापान की जेनोफोबिक प्रकृति ही उनकी आर्थिक परेशानियों के लिए जिम्मेदार है। उन्होंने आगे कहा कि अमेरिका की अर्थव्यवस्था इसलिए बढ़ रही है, क्योंकि वह अपनी धरती पर अप्रवासियों का स्वागत करता है। बाइडन ने यह बयान राष्ट्रपति चुनाव प्रचार के लिए वॉशिंगटन में फंड रेजिंग कार्यक्रम के दौरान दिया था। बाइडन ने कहा कि रूस और चीन के साथ जापान की भी अर्थव्यवस्था मजबूत हो सकती है, अगर ये भी अपनी धरती पर अप्रवासियों का स्वागत करने लगें।*

### व्हाइट हाउस ने दी थी प्रतिक्रिया

*बाइडन के जेनोफोबिक वाले बयान पर व्हाइट हाउस ने प्रतिक्रिया दी थी। व्हाइट हाउस की प्रेस सचिव कैरिन जीन पियरे ने बताया कि राष्ट्रपति बाइडन इस बारे में टिप्पणी कर रहे थे कि आप्रवासियों का देश में होना कितना जरूरी है और यह हमारे देश को कैसे मजबूत बनाते हैं। वह इस बारे में इसलिए बात कर रहे थे क्योंकि यह हमारे सहयोगियों के साथ हमारे संबंधों से जुड़ा है। हमारे निश्चित तौर पर जापान और भारत के साथ मजबूत संबंध हैं। राष्ट्रपति ने बीते तीन वर्षों में इन देशों के साथ राजनयिक संबंधों को मजबूत करने पर फोकस किया है।*

# दिल्ली शराब घोटाला मामला : गिरफ्तार वकील विनोद चौहान की बढ़ी हिरासत

■ 'आप' की और बढ़ेंगी मुश्किलें

एजेंसी । 4 मई

**नई दिल्ली :** दिल्ली शराब नीति से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग मामले में गिरफ्तार वकील विनोद चौहान को राउज ऐवन्यू कोर्ट ने 7 मई तक ईडी की हिरासत में भेज दिया है। गिरफ्तार किए गए आरोपी विनोद चौहान को शनिवार को ईडी ने दिल्ली की राउज एवेन्यू कोर्ट में पेश किया था। ईडी ने आरोपी विनोद चौहान की 4 दिन की कस्टडी की मांग की थी, जिसे कोर्ट ने मंजूर कर लिया है। विनोद चौहान पर आरोप था कि उसने कथित तौर पर गोवा चुनावों के लिए आम आदमी पार्टी को रिश्वत पहुंचाई थी। विनोद चौहान पर ईडी ने आरोप लगाया कि विनोद चौहान से 1.06 करोड़ रुपये जब्त किए गए थे। जांच एजेंसी ने अदालत को बताया कि विनोद चौहान को पता था कि ये पैसा दिल्ली शराब



घोटाले से अपराध की आय से प्राप्त हुआ है। कोर्ट में ईडी ने यह भी कहा कि विनोद चौहान ने गोवा चुनावों के लिए हवाला के माध्यम से यह पैसा पहुंचाया था। इन दलीलों को सुनने के बाद अदालत ने विनोद चौहान को 7 मई तक हिरासत में भेज दिया है।

### सीएम सहित पार्टी के कई नेता जेल में हैं

*बता दें कि कथित तौर पर दिल्ली में हुए शराब नीति में घोटाला मामले में इससे पहले मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल, आम आदमी पार्टी के नेता और पूर्व उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया, बीआरएस की नेता और तेलंगाना के पूर्व मुख्यमंत्री के.चंद्रशेखर राव की बेटी के. कविता सहित कई शराब व्यवसायियों को संघीय एजेंसी ने गिरफ्तार किया है। लोकसभा चुनाव के बीच सीएम अरविंद केजरीवाल को गिरफ्तार किए जाने को लेकर सुप्रीम कोर्ट ने ईडी से सवाल भी पूछा है। इसी मामले में आम आदमी पार्टी के नेता संजय सिंह को जमानत मिल गई है और अब पार्टी को उम्मीद है कि अरविंद केजरीवाल और मनीष सिसोदिया को भी जमानत मिल जाएगी।*

# जीतू पटवारी पर लटकी गिरफ्तारी की तलवार

■ इमरती देवी के लिए किया था अभद्र शब्दों का प्रयोग

एजेंसी । 4 मई

**भोपाल :** लोकसभा चुनाव के बीच इमरती देवी पर दिए गए अभद्र बयान के बाद मध्य प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी की मुश्किलें बढ़ सकती हैं। एक तरफ महिला विरोधी बयानबाजी को लेकर भाजपा नेता पटवारी और कांग्रेस पर हमलावर हैं। वहीं, दूसरे तरफ पटवारी पर गिरफ्तारी की तलवार लटक रही है। ग्वालियर एडिशनल एसपी निरंजन शर्मा ने कहा कि मामले की विवेचना की जा रही है। अगर, मामला सही पाया जाता है तो जीतू पटवारी की गिरफ्तारी भी की जाएगी। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी का 16 सेकेंड का एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुआ था। इसमें मीडिया द्वारा पूर्व मंत्री इमरती देवी को लेकर पूछे गए सवाल पर जीतू पटवारी हंसते हुए विवादित बात कह रहे थे। विवाद बढ़ने और वीडियो वायरल होने के बाद जीतू पटवारी ने अपने बयान पर माफी मांगी थी। उन्होंने कहा था- गुरुवार को मैं ग्वालियर में था। वहां एक ऑडियो को लेकर पत्रकारों ने सवाल किया, मेरी भावना केवल सवाल को टालने की थी। उस संदर्भ में मैंने जो वक्तव्य दिया उसको तोड़-मरोड़कर गलत प्रस्तुत कर दिया गया।

# डबल मर्डर, डबल रेप कांड में कोर्ट ने 4 को सुनायी फांसी की सजा

■ डिंगरहेडी केस ने पूरे देश में मचा दिया था हड़कंप

एजेंसी । 4 मई

**नूंह/पंचकूला :** हरियाणा के बहुचर्चित डिंगरहेडी डबल मर्डर, डबल रेप कांड में करीब साढ़े सात साल बाद फैसला आया है। पंचकूला की विशेष सीबीआई कोर्ट ने चार दोषियों को फांसी की सजा सुनाई है, जबकि 6 आरोपियों को बरी कर दिया गया है। वहीं सीबीआई विशेष कोर्ट के इस फैसले को पीड़ित परिवार अपने वकीलों के जरिए हाईकोर्ट में चुनौती देना वाला है। गत 10 अप्रैल



को सीबीआई कोर्ट ने फैसला सुनाते हुए 4 को मामले में दोषी करार दिया था, जबकि 6 आरोपियों को बरी कर दिया था। दोषियों को शनिवार को कोर्ट ने सजा सुनाई है। इधर, पीड़ित परिवार ने बताया कि दोषियों को फांसी की सजा के फैसले से तो वे खुश है, लेकिन जिन 6 आरोपियों को बरी कर दिया है, उन्हें भी वे दोषी मानते हैं।

### दो परिजनों की हत्याकर लड़कियों से किया था रेप

*बता दें कि साल 2016 में 24-25 अगस्त की रात को नूंह के तावडू के डिंगरहेडी गांव में बदमाशों ने धावा बोलते हुए एक परिवार पर हमला कर दिया था और इस दौरान नाबालिग समेत दो महिलाओं के साथ रेप किया गया था। वहीं दंपति की हत्या कर दी गई थी। इसके अलावा वारदात के दौरान 5 लोग घायल भी हो गए थे। क्षेत्र में इस सनसनीखेज घटना से हड़कंप मच गया था और मामले में एसआईटी की टीम बनाई गई थी। टीम ने जांच के दौरान 4 स्थानीय युवकों को आरोपी मानते हुए गिरफ्तार कर लिया था जिनकी गिरफ्तारी के बाद क्षेत्र में तनाव का माहौल भी बन गया था। इस घटना से राज्य सरकार पर भी जांच कोताही के आरोप लगने लगे थे। बाद में हंगामा मचने पर सरकार ने पूरा मामला सीबीआई को सौंप दिया था। सीबीआई ने मामले में 12 लोगों को आरोपी बनाया था लेकिन बाद में एक आरोपी ने खुदकुशी भी कर ली थी। करीब साढ़े सात साल तक मामले की सुनवाई चली और पंचकूला सीबीआई कोर्ट ने अपना फैसला सुनाते हुए विनय उर्फ लंबू, जय भगवान, हेमंत चौहान, और अयान चौहान को मामले में दोषी माना और इन्हें फांसी की सजा सुनाई।*

## खबरें एक नजर में

### उज्जैन के डिप्टी कलेक्टर दुष्कर्म के आरोप में गिरफ्तार

**बड़वानी :** उज्जैन में पदस्थ डिप्टी कलेक्टर डॉ. अभय सिंह खराड़ी को दुष्कर्म के आरोप में बड़वानी की महिला थाना पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। एक महिला कर्मचारी ने गत 29 अप्रैल को उनके खिलाफ बड़वानी के महिला थाने में केस दर्ज कराया था। जिसके बाद से ही खराड़ी फरार चल रहे थे। जानकारी के मुताबिक, डॉ. अभय सिंह खराड़ी बड़वानी में वर्ष 2016 से एसडीएम के रूप में पदस्थ था। एक माह पूर्व ही उज्जैन ट्रांसफर हुआ था। आरोप है कि बड़वानी में पदस्थ रहने के दौरान पीड़ित युवती से दुष्कर्म कर उसे डराता- धमकता था। पीड़ित यवती की शिकायत पर चार दिन पूर्व 29 अप्रैल को खराड़ी के विरुद्ध प्रकरण दर्ज किया गया था। इसके बाद पुलिस ने दबिश देकर बीती रात भोपाल से उसे गिरफ्तार किया। पुलिस अधीक्षक पुनीत गेहलोद ने बताया कि शनिवार को महिला थाने में संबंधित आरोपित अधिकारी के प्रकरण की फाइल तैयार कर पुलिस ने जिला न्यायालय में पेश किया, जहां से शाम को उसे केंद्रीय जेल भेज दिया गया। पुलिस द्वारा आरोपित का मुंह ढंकते हुए बाइक पर बैठाकर केंद्रीय जेल में दाखिल करवाया गया।

### भाजपा एमएलए की बेटी, नगर परिषद अध्यक्ष रिश्वत लेते गिरफ्तार

**दमोह :** मध्य प्रदेश के पन्ना जिले की बीजेपी विधायक उमा देवी खटीक की बेटी सारिका खटीक को 30 हजार रुपए रिश्वत लेते सागर लोकायुक्त की टीम ने रंगे हाथ गिरफ्तार कर लिया। सारिका खटीक वर्तमान में पन्ना जिले की नगर परिषद अमानगंज की अध्यक्ष हैं, जबकि उनकी मां उमा देवी खटीक दमोह जिले के हटा विधानसभा सीट से बीजेपी विधायक हैं। सारिका खटीक की गिरफ्तारी के बाद राजनीतिक हलके में हड़कंप मचा हुआ है। लोकायुक्त की टीम के अनुसार, राघवेंद्र राज मोदी ने दर्ज कराई शिकायत में बताया था कि उनकी लिफ्टर मशीन नगर पंचायत के तहत ठेके पर लगाई गई थी। नगर परिषद में उनका चार महीने का बिल बकाया है। बिल पास होने को लेकर वह लंबे समय से परेशान हो रहे हैं। अमानगंज नगर परिषद अध्यक्ष सारिका खटीक बिलों के भुगतान के एवज में 30 हजार रुपए की रिश्वत मांग रही थी। इस शिकायत को लोकायुक्त की टीम ने अपने स्तर से वेरिफाई कराया और घूस लेते सारिका खटीक को गिरफ्तार कर लिया।

### बदमाशों ने लिक्विड पिलाया, इंजेक्शन लगाया, कांस्टेबल की 3 दिन बाद मौत

**ठाणे :** मुंबई के ठाणे में ट्रेन में सफर कर रहे 30 साल के कांस्टेबल विशाल पवार पर बदमाशों ने हमला किया। इससे उनका मोबाइल गिर गया। एक आरोपी ने फोन उठा कर भागने लगा। पुलिसकर्मी ने उसका पीछा किया तो आगे कई बदमाशों ने उन्हें घेर कर पुलिसकर्मी की पीठ पर बदमाशों ने जहरीला इंजेक्शन लगा दिया। इससे उनकी तबीयत खराब हो गई। पुलिसकर्मी को अस्पताल में भर्ती करवाया गया। लेकिन तीन दिन बाद उनकी मौत हो गई। एक पुलिस के अधिकारी ने बताया कि यह घटना 28 अप्रैल को रात की थी। पवार सादे कपड़ों में जब एक लोकल ट्रेन में सवार होकर ड्यूटी के लिए जा रहे थे। पवार जब लोकल ट्रेन के दरवाजे के पास खड़े होकर अपने फोन पर बात कर रहे थे तो आरोपियों ने अचानक उनके हाथ पर हमला किया। जिससे उनका मोबाइल फोन नीचे गिर गया। एक आरोपी ने फोन उठाया और पटरियों के बीच भागने लगा। हालांकि, ट्रेन धीमी होने पर पवार भी नीचे उतर गए और चोर का पीछा करने लगे तो बदमाशों ने पकड़कर इंजेक्शन लगा दिया और उनके मूंह में कोई तरल पदार्थ डाल दिया, जिससे वे बेहोश हो गए थे।

### प्रतिबंधित संगठन सिमी के सदस्य को कोर्ट ने सुनाई 5 साल की सजा

**इंदौर :** लगभग 16 साल पहले पकड़े गए प्रतिबंधित संगठन स्टूडेंट इस्लामिक मूवमेंट ऑफ इंडिया के एक सदस्य आरोपी अमान पिता सलीम निवासी छोटी ग्वालटोली को मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट लोकेंद्रसिंह की कोर्ट ने दोषी पाते हुए सजा सुनाई है। उसे विधि विरुद्ध क्रियाकलाप (निवारण) अधिनियम की धारा 3, सहपठित धारा 10 में 2 वर्ष के सश्रम कारावास और 2 हजार रुपए अर्थदंड एवं इसी अधिनियम की धारा 13 में तीन वर्ष के सश्रम कारावास और 3 हजार रुपए अर्थदंड से दंडित किया। उल्लेखनीय बात यह है कि कोर्ट ने दोनों सजाएं एक के बाद एक भुगताई जाने के आदेश किए हैं, यानी उसे कुल 5 वर्ष का सश्रम कारावास भुगतना होगा। छोटी ग्वालटोली पुलिस ने उसे 19 अगस्त 2008 को गणेश लॉज चौराहे के पास से उस समय गिरफ्तार किया था, जब वह भारत विरोधी नारेबाजी करते हुए सांप्रदायिक वैमनस्यता फैलाने वाले पर्चे बांट रहा था। उससे पूछताछ में यह बात भी सामने आई थी कि सिमी से जुड़े अन्य कई सदस्य, जो पूर्व में पकड़े गए थे, उनकी जमानत के लिए भी प्रयासरत था।

# नारायण राणे का दावा : केजरीवाल के बाद अब गिरफ्तार होंगे उद्धव ठाकरे

■ भाजपा नेता ने ठाकरे पर लगाए कई गंभीर आरोप

एजेंसी । 4 मई

**मुम्बई :** लोकसभा चुनाव 2024 के तीसरे चरण के मतदान से पहले भारतीय जनता पार्टी (बीजेपी) के एक वरिष्ठ नेता ने अब महाराष्ट्र के पूर्व मुख्यमंत्री उद्धव ठाकरे की गिरफ्तारी की चेतावनी दी। नारायण राणे ने कहा कि दिल्ली आबकारी नीति भ्रष्टाचार के मामले में मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की गिरफ्तारी के बाद अब महाराष्ट्र के पूर्व सीएम उद्धव ठाकरे के जेल जाने की बारी है। उन्होंने महाराष्ट्र में भ्रष्टाचार के कई मामलों का ज़िक्र किया और कहा कि अब उद्धव ठाकरे की जेल जाने की बारी है। उन्होंने दावा किया कि जल्द ही



वह सलाखों के पीछे होंगे। केंद्रीय मंत्री नारायण नारायण राणे ने कहा कि उद्धव ठाकरे केजरीवाल के बाद जेल जा सकते हैं। उद्धव ठाकरे के खिलाफ भ्रष्टाचार के मामलों का जिक्र करते हुए उन्होंने कहा कि मनी लॉन्ड्रिंग केस, दिशा सालीयन मामला, सुशांत सिंह सुसाइड मामला, महानगरपालिका करप्शन समेत कई सारे मुद्दे हैं, ये मुद्दे जल्द ही ठाकरे को जेल भेज सकते हैं। नारायण राणे ने कहा कि उद्धव ठाकरे मुझे कोंकण में आकार चेतावनी न दें। हिम्मत है तो प्रोटक्शन निकाल के मेरे सामने आए। उन्होंने कहा कि अमित शाह को चेतावनी देना इतना आसान नहीं है। उद्धव ठाकरे में इतनी हिम्मत नहीं है।

# एल्विश यादव की मुश्किलें बढ़ीं, ईडी ने दर्ज किया मनी लॉन्ड्रिंग का केस

■ महंगी कारों के काफिले की भी होगी जांच

एजेंसी । 4 मई

**नई दिल्ली :** बिग बॉस फेम और फेमस यूट्यूबर एल्विश यादव की मुश्किलें बढ़ गई हैं। ईडी ने एल्विश के खिलाफ मनी लॉन्ड्रिंग का केस दर्ज किया है। ईडी एल्विश के पास मौजूद महंगी कारों के काफिले की भी जांच करेगी। मिली जानकारी के मुताबिक, एल्विश के खिलाफ बड़ी कार्रवाई हो सकती है। इसके अलावा खबर ये भी है कि ईडी एल्विश यादव के साथ-साथ बड़े होटल रिसॉर्ट्स और फार्म हाउस के मालिकों से भी पूछताछ करेगी। बता दें कि नोएडा पुलिस द्वारा एल्विश यादव को गिरफ्तार किया गया था। फिलहाल वह



जमानत पर बाहर हैं। ईडी ने एल्विश पर शिकंजा कसने की तैयारी कर ली है। मालूम हो कि एल्विश यादव को वन्य जीव संरक्षण अधिनियम 1972 के तहत एक मामले में 17 मार्च को गिरफ्तार किया गया था। सांप के जहर तस्करी मामले में एल्विश यादव गौतमबुद्ध नगर की बक्सर जेल में बंद थे। 17 मार्च को एल्विश को पांच अन्य लोगों के साथ पुलिस ने गिरफ्तार किया था। इस मामले में पुलिस ने एक बैंकेट हॉल में छापा मारकर 4 सपेरों समेत 5 लोगों को गिरफ्तार किया था और 9 सांप और उनका जहर बरामद किया गया था। एल्विश यादव पर आरोप है कि वह रेव पार्टी के लिए सांपों के जहर का इंतजाम करते थे और सांपों का इस्तेमाल अपने वीडियो शूट के लिए भी करते थे।

# उत्तराखंड के जंगलों में आग और भड़की, सीएम ने की बैठक

■ 74.67 हेक्टेयर जंगल आग की चपेट में आया

■ दो लोगों की मौत

एजेंसी । 4 मई

**देहरादून :** वनाग्नि की बढ़ती घटनाओं के बीच सीएम धामी ने अहम बैठक की। मुख्यमंत्री दिल्ली से ही वीसी पर जुडे। उन्होंने वन विभाग की कार्ययोजना की समीक्षा की। देहरादून सचिवालय में शासन के आला अधिकारी इस बैठक में मौजूद रहे। मुख्यमंत्री धामी ने अधिकारियों को जरूरी दिशा निर्देश दिए। मालूम हो उत्तराखंड में शुक्रवार को जंगलों की आग और भड़क गई। 24 घंटे के भीतर वनाग्नि की 64 घटनाएं सामने आई हैं। वहीं, सोमेश्वर के स्यूनराकोट के जंगल में लगी आग दो नेपाली परिवारों पर भारी पड़ी है। जंगल की आग की चपेट में आने से एक श्रमिक की बृहस्पतिवार को मौके पर ही मौत हो गई थी। दूसरे श्रमिक ने बृहस्पतिवार देर रात बेस



अस्पताल में तो महिला श्रमिक ने हल्द्वानी के सुशीला तिवारी अस्पताल (एसटीएच) में दम तोड़ दिया है। एक और महिला श्रमिक का हल्द्वानी में इलाज चल रहा है। जिसके बाद आज शनिवार को मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने वनाग्नि रोकथाम को लेकर उच्च स्तरीय बैठक बुलाई। शुक्रवार को प्रदेश में सामने आई वनाग्नि की 64 घटनाओं में गढ़वाल में 30, कुमाऊं में 29 और वन्यजीव क्षेत्रों में पांच घटनाएं शामिल हैं। 24 घंटे के भीतर 74.67 हेक्टेयर जंगल आग की चपेट में आया।

### असामाजिक तत्वों ने लगाई आग, 16 घंटे तक धधकते रहे नैनीताल के जंगल

***नैनीताल :** नैनीताल जिले में वनाग्नि के मामले लगातार बढ़ते जा रहे हैं। धारी के मटियाल, पदमपुरी और नैनीताल के खुपार्ताल, देवीधुरा के जंगल में आग से वन संपदा को काफी नुकसान पहुंचा है। मटियाल के गोविंद गुणवंत ने बताया कि पदमपुरी में आग से बांज, चीड़, देवदार के पेड़ जल गए। मुक्तेश्वर, रामगढ़ और धानाचूली के जंगल में लगी आग को वन विभाग और ग्रामीणों ने कड़ी मशक्कत के बाद बुझा लिया। वहीं बेतालघाट के कोसी रेंज के जंगल में लगी आग शुक्रवार दोपहर बाद बारगल के जंगल में फैल गई। जंगल में लगी आग देर शाम तक नहीं बुझ पाई थी। उधर, नैनीताल-कालाढूंगी मार्ग पर खुपार्ताल क्षेत्र के जंगल में अराजक तत्व ने आग लगा दी। खड़ी चट्टान होने के चलते आग पर काबू पाने में वन विभाग के कर्मचारियों को काफी मशक्कत करनी पड़ी। इसी बीच आग आवासीय क्षेत्र के करीब पहुंची तो वन विभाग को दूसरे रेंज से टीम बुलनी पड़ी। मुख्य वन संरक्षक पीके पात्रो, वन संरक्षक दक्षिणी कुमाऊं वृत टीआर बीजू लाल भी आग बुझाने में जुटे गए। दोपहर दो बजे तक आग पर काबू पाया जा सका। खुर्पाताल में आग बुझाने के लिए दो रेंज की टीम को जुटी रहीं। फॉरेस्ट ट्रेनिंग इंस्टीट्यूट के 28 प्रशिक्षुओं ने भी सहयोग किया।*

# खाई में गिरा सेना का वाहन, एक जवान की मौत और नौ घायल

**श्रीनगर :** दक्षिण कश्मीर के अनंतनाग जिले के वेरीनाग इलाके में एक वाहन के खाई में गिर जाने से एक सैन्यकर्मी की मौत हो गई और नौ अन्य घायल हो गए। एक अधिकारी ने बताया कि 19 आरआर का सेना वाहन बटागुंड वेरिनाग में सड़क से फिसलकर खाई में गिर गया। अधिकारी ने कहा कि अभी तक सेना के एक जवान की मौत की पुष्टि हुई है, जबकि नौ अन्य को अलग-अलग चोटें आई हैं। उन्होंने कहा कि सभी घायल सैनिकों को तत्काल इलाज के लिए नजदीकी अस्पताल ले जाया गया है। घायल जवानों में कुछ की हालत गंभीर बताई जा रही है। हांलाकि समाचार संकलन तक जवानों की चिकित्सा हो रही थी। इधर, हादसे के बाद सेना की ओर से दुर्घटना की जांच के आदेश दे दिए गए हैं। सेना के एक अधिकारी ने कहा कि अभी उनका ध्यान घायल जवानों पर है।

## दरभंगा में कांग्रेस-आरजेडी पर प्रधानमंत्री मोदी का बड़ा हमला, कहा

# एक शहजादा दिल्ली में है, एक शहजादा पटना में

**एजेंसी। 4 मई**

**दरभंगा।** बिहार के दरभंगा में जनसभा को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि 21वीं सदी में ये ऐसा कालखंड आया है, जब भारत फिर से अपनी सारी बेड़ियां तोड़ कर उठ खड़ा हुआ है लेकिन विपक्षी दलों का गठबंधन भारत को पीछे धकेलना चाहता है।झारखंड के बाद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी बिहार के दरभंगा पहुंचे. यहां उन्होंने कांग्रेस और आरजेडी गठबंधन पर निशाना साधा। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने यहां आरजेडी और कांग्रेस पर समाज को बांटने का आरोप लगाया. पीएम मोदी ने कहा कि आरजेडी ने अब ये गिनना शुरू कर दिया है कि सेना में कौन हिंदू है, कौन मुसलमान है. प्रधानमंत्री मोदी ने इसी के साथ राहुल गांधी और तेजस्वी यादव पर तंज कसा। उन्होंने कहा कि एक शहजादे ने बचपन से पूरे देश को और दूसरे शहजादे ने पूरे बिहार को अपनी जागीर समझ रखा है।



प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि इन दोनों शहजादों के रिपोर्ट कार्ड एक जैसे हैं। इनके रिपोर्ट कार्ड में सिवाय घोटालों और बेलगाम कानून-व्यवस्था के कुछ नहीं है। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि विपक्षी दलों के नेता आज समाज को बांटने का काम कर रहे हैं, देश की एकता तोड़ने के लिए ये लोग कुछ भी कर सकते हैं। पीएम ने कहा कि मां भारती की रक्षा के लिए जो सीने पर गोली खाता है, वो पहले भारतीय होता है लेकिन आरजेडी के लोग उसे हिंदू-मुसलमान की नजर से देखते हैं।प्रधानमंत्री मोदी ने कांग्रेस पर धर्म के आधार पर आरक्षण लागू करने का भी आरोप लगाया. प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि बाबा साहेब के नेतृत्व में संविधान सभा ने 75 साल पहले तय किया था कि धर्म के आधार पर आरक्षण नहीं दे सकते। उन्होंने कहा कि पंडित नेहरू ने भी धर्म के आधार पर आरक्षण का विरोध किया था लेकिन आज की कांग्रेस पंडित नेहरू जी की भावना के विरुद्ध जा रही है।प्रधानमंत्री मोदी ने इसी के साथ कांग्रेस पर संविधान की आत्मा के साथ खिलबाड़ करने का भी आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि कांग्रेस ओबीसी कोटे को कम करके धर्म के आधार पर मुसलमानों को आरक्षण देने की साजिश रच रही है। हैरत है कि आरजेडी भी इस रणनीति में शरीक है।प्रधानमंत्री मोदी ने इसी के साथ विरासत कर पर भी कांग्रेस को घेरा। उन्होंने कहा कि कांग्रेस ऐसा कानून बनाना चाहती है कि दिल्ली में उनकी सरकार बनेगी तो आपके मां बाप ने जो कमाया है, वो अब आपकों नहीं मिलेगा। आधी संपत्ति पर इनकी सरकार का कब्जा होगा। कांग्रेसी 55 फीसदी विरासत पर ये फतवा जारी करना चाहते हैं।

## प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का वायदा महज जुमला : तेजस्वी



**एजेंसी। 4 मई**

**पूर्वी चंपारण।** ऐतिहासिक गांधी मैदान में प्रतिपक्ष के नेता तेजस्वी यादव ने कहा कि बिहार में हमारी 17 महीने की सरकार में पांच लाख युवक-युवती को सरकारी नौकरी दी। नियोजित शिक्षकों को सरकारी कर्मी का दर्जा दिया। आशा, सेविकाओं का मानदेय बढ़ाया। हमारे चाचा को भाजपा हाइजेक नहीं करती तो अबतक लाखों युवाओं को सरकारी नौकरी दे देते।

प्रधानमंत्री मोदी पर कटाक्ष करते हुए कहा कि उन्होंने जो जनता से वादा किया था, वह सब जुमला ही साबित हुआ है। महंगाई आसमान छू रही है, बेरोजगारी चरम पर है। किसानों की हालत दिन-प्रतिदिन खराब होती जा रही है। परंतु हमारे प्रधानमंत्री को इससे कोई फर्क नहीं पड़ता है। मोदी सरकार तानाशाह हो गई है, जो भी इनके विरुद्ध आवाज उठाता है। उसे जेल में डाल देते हैं। दो-दो मुख्यमंत्री को उन्होंने जेल में डाल दिया, लेकिन हमलोग उनसे डरने वाले नहीं हैं। जब लालू ही उनसे नहीं डरते हैं तो उनका बेटा डरेगा क्या। अंत में उन्होंने कहा कि हमारे प्रत्याशी रितु जायसवाल घर की बहन-बेटी हैं। डॉ. राजेश कुशवाहा घर के बेटे हैं। इसलिए अधिक से अधिक मतों से जिताएं।वीआईपी पार्टी के मुकेश सहनी ने कहा कि हमारी लड़ाई ऐसी सरकार से है, जो देश का संविधान बदलने व गरीबों से आरक्षण छिनना चाह रही है। आज देश में बेरोजगारी महंगाई बढ़ा रही है। इंडिया गठबंधन की सरकार बनी तो एक करोड़ शिक्षित बेरोजगारों को सरकारी नौकरी देने का काम करेंगे।इस अवसर पर शिवहर से राजद प्रत्याशी रितु जायसवाल एवं पूर्वी चम्पारण से वीआईपी के डॉ. राजेश कुशवाहा सहित कईयों ने अपने विचार रखे।

# मुजफ्फरपुर में 20 घरों को आग ने लिया अपने आगोश में, लाखों की संपत्ति जलकर राख

**एजेंसी। 4 मई**

**मुजफ्फरपुर।** बिहार के मुजफ्फरपुर में आग लगने से बीस घर जलकर राख हो गए। आग का कारण सिलेंडर विस्फोट था. घर में खाना बनाने के दौरान सिलेंडर में आग लग गई। मौके पर पहुंची अग्निशमन की टीम ने आग पर काबू पाया. मुजफ्फरपुर के औराई के परसम टोला में खाना बनाने के दौरान भयंकर आग लग गई। इस आग में करीब बीस घर जलकर राख हो गए।जानकारी के मुताबिक, एक-एक कर चार गैस सिलेंडरों में विस्फोट हो गया. जैसे ही ये सिलेंडर विस्फोट हुए, तेज आवाज से अफरा-तफरी मच गई. आस पास के गांव में दहशत का माहौल है। लोगों ने आग बुझाने का प्रयास किया, लेकिन आग की लपटें तेज देखकर अग्निशमन को सूचना दी गई।मौके पर पहुंची अग्निशमन की टीम ने ग्रामीणों की मदद से आग पर काबू पाया। आग लगने की इस घटना में चार बाइक जलकर स्वाहा हो गईं जबकि, आठ बकरियों की भी जलकर मौत हो गई। घटना के बाद मौके पर लोगों की भीड़ जुट गई। भीषण गर्मी और चिलचिलाती धूप से रोज आग लगने की घटनाएं सामने आ रही है. इससे लोगों में दहशत का माहौल है।घटना में वहीं पर रहने वाले फेकन सहनी के घर में बेटी के शादी के लिए रखे सोने के जेवर और कैश और पड़ोसी शौखी सहनी के घर में रखी तंबाकू की तैयार फसल जलकर राख हो गई। मुखिया प्रतिनिधि रामाधार राय और पूर्व मुखिया बाबर अली राइन ने जिला प्रशासन से मुआवजा देने की मांग की है। इस आग की घटना में लाखों का सामान जलकर खाक हो गया है। जिनके घर जले उनके परिवार के लोगों का रो-रो कर बुरा हाल है। राजस्व कर्मी रत्नेश कुमार ने सूचना मिलने के बाद घटना स्थल पर पहुंचकर क्षति का आकलन किया है। उन्होंने कहा की पीड़ितों को सरकार के प्रावधान के तहत मुआवजा दिया जाएगा।



# खूनी झड़प में बदली छात्रों की वर्चस्व की लड़ाई, स्कूल के बाहर चाकूबाजी में दो घायल

**एजेंसी। 4 मई**

**सहारनपुर।** यूपी के सहारनपुर में एक स्कूल के छात्रों के दो गुटों के बीच खूनी झड़प हो गई. छात्रों के दो गुटों के बीच शनिवार दोपहर जमकर चाकू बाजी हुई. इसमें दो छात्र लहूलुहान हो गए. छात्रों के बीच सरेआम हुई चाकूबाजी से पूरे इलाके में भगदड़ मच गई। चाकूबाजी की घटना के पीछे स्कूल के छात्रों के बीच पुरानी कहासुनी, वजह बताई जा रही है।

यूपी के सहारनपुर में स्कूल के छात्रों के दो गुटों के बीच खूनी झड़प हो गई। घटना कुतुबशेर क्षेत्र में मिगलानी बिल्डिंग के पास अम्बाला रोड पर एक स्कूल की है। छात्रों के दो गुटों के बीच शनिवार दोपहर जमकर चाकूबाजी हुई। इसमें दो छात्र लहूलुहान हो गए। छात्रों के बीच सरेआम हुई चाकूबाजी से पूरे इलाके में भगदड़ मच गई। एक छात्र चाकू लगने से घायल हो गया तो दूसरे के साथ मारपीट की गई। दोनों को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। वहीं हमलावर छात्र अपने हथियार को वहीं मौके पर छोड़कर भाग निकले। चाकूबाजी की घटना के पीछे स्कूल के छात्रों के बीच पुरानी कहासुनी एक वजह बताई जा रही है। शनिवार दोपहर स्कूल से छुट्टी के बाद स्कूल का एक छात्र अपने कुछ बाहरी दोस्तों को लेकर स्कूल के पास पहले से ही खड़ा था। जैसे ही स्कूल की छुट्टी हुई तो पहले से ही घात लगाए बैठे छात्र जैद और उसके साथियों ने समर और एक दूसरे छात्र को घेर लिया और उनके साथ मारपीट शुरू कर दी।



मारपीट के बाद हमलावरों ने चाकू निकाल लिया और समर के पेट में घोपने की कोशिश की. समर ने अपना बचाव किया इसके चलते चाकू समर के पेट में ना लगकर उसके हाथ पर लगा जिससे वो घायल हो गया। समर के दूसरे साथी छात्र पर भी लात घूंसे बरसाए गए। दोनों छात्रों को गंभीर हालत में छोड़कर आरोपी छात्र और उसके साथी फरार हो गए। फरार होते वक्त आरोपी चाकू भी मौके पर छोड़कर भाग गए।

## सुसाइड नहीं मर्डर: दबाया गया था गला, भोजपुरी एक्ट्रेस अमृता पांडे की पोस्टमार्टम रिपोर्ट में खुलासा

**एजेंसी। 4 मई**

**भागलपुर।** दो नाव पर सवार थी उसकी जिंदगी, हमने अपनी नाव को डुबाकर उसके सफर को आसान कर दिया। मौत से ठीक पहले भोजपुरी अभिनेत्री अमृता पांडे ने इस पंक्ति को अपने वाट्सऐप पर स्टेटस लगाया था. फ्लैट में अमृता का शव मिलने से इलाके में सनसनी मच गई थी. शुरू में सुसाइड की बात कही जा रही थी, लेकिन पोस्टमार्टम रिपोर्ट में बड़ा खुलासा हुआ है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट में हत्या की बात सामने आई है। अमृता की गला दबाकर हत्या की गई थी।भागलपुर के जोगसर थाना क्षेत्र अंतर्गत दिव्य धाम अपार्टमेंट में 27 अप्रैल की शाम भोजपुरी अभिनेत्री अमृता पांडे का संदिग्ध अवस्था में शव बरामद हुआ था, लेकिन अभिनेत्री अमृता के पोस्टमार्टम रिपोर्ट ने जो खुलासा किया है, उससे पुलिस की चुनौती भी बढ़ गई है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट के मुताबिक, अमृता की गला दबाकर हत्या की गई थी. वहीं एफएसएल रिपोर्ट ने इसे आत्महत्या बताया है। टीम की रिपोर्ट के मुताबिक, अमृता ने आत्महत्या की थी। अब दोनों रिपोर्ट से गुत्थी अनसुलझ सी गई है।मामले में भागलपुर के वरीय पुलिस अधीक्षक आनंद कुमार ने कहा कि एफएसएल और पोस्टमार्टम रिपोर्ट सामने आया है. दोनों रिपोर्ट में कॉन्ट्रडिक्शन है। मामले की जांच के लिए फोरेंसिक साइंस के एचओडी से पैनल बनाकर जांच के लिए रिकवेस्ट किया गया है।



पुलिस भी पूरे मामले की जांच में जुटी है।वहीं, अमृता पांडे के परिजनों के मुताबिक वह ओसीडी जैसी गंभीर बीमारी से ग्रसित थी, इससे पहले भी उसने मुम्बई में दो दफा आत्महत्या करने की कोशिश की थी।

अभिनेत्री अमृता पांडे कई भोजपुरी फिल्मों में काम कर चुकी थी। खेसारी लाल यादव के साथ दीवानापन फिल्म में लीड रोल निभाया था. वहीं वेब सीरीज को लेकर भी काम कर रही थी।अमृता पांडे अपनी बहन की शादी में मुंबई से भागलपुर आई थी जिसके बाद उसी फ्लैट में यह घटना हुई।

## बिहार की शम्मा परवीन बनी पूनम, यूपी के शिवम शर्मा संग लिए सात फेरे

**एजेंसी। 4 मई**

**पटना।** बिहार के औरंगाबाद की रहने वाली शम्मा परवीन, पूनम देवी बन गई है। युवती ने बलिया के रहने वाले अपने प्रेमी शिवम वर्मा से शादी की। शादी से पहले शम्मा परवीन ने इस्लाम त्यागा और हिंदू धर्म को अपनाया. इसके बाद उसने अपना नाम शम्मा से बदलकर पूनम देवी रखा। इसके बाद अपने प्रेमी शिवम वर्मा से शादी कर ली।उत्तर प्रदेश के बरेली में मुस्लिम युवती ने प्यार की खातिर सनातन धर्म अपनाया. अपना नाम शम्मा परवीन से बदलकर पूनम देवी रखा. फिर प्रेमी शिवम शर्मा से शादी कर ली। ये शादी अब बरेली में चर्चा का विषय बना हुआ है. जानकारी के मुताबिक, युवती मूल रूप से बिहार के औरंगाबाद की रहने वाली है. जबकि, शिवम शर्मा यूपी के बलिया का रहने वाला है।शम्मा से पूनम बनी युवती का कहना है कि उसने तीन तलाक के डर और कजिन मैरिज के डर से ये कदम उठाया है. युवती का कहना है कि उसे इस्लाम में ये सब कुरीति पसंद नहीं है। इसलिए उसने हिंदू धर्म अपनाकर अपने प्रेमी शिवम से शादी की है।युवती का कहना है कि उसकी शिवम से एक शादी के दौरान मुलाकात हुई थी, जिसके बाद दोनों में फोन नंबर की अदला-बदली हो गई थी। शम्मा से पूनम बनी युवती का कहना है कि फोन पर बात करते-करते दोनों को एक-दूसरे से प्यार हो गया। दोनों के परिवार वालों को भी इस रिश्ते के बारे में पता चल गया। युवती के मुताबिक, उसका परिवार इस रिश्ते के खिलाफ था। शिवम का परिवार भी हामी नहीं भर रहा था. ऐसे में उन दोनों ने बरेली के अगस्त मुनि आश्रम में पहुंचकर शादी की है।युवती का कहना है कि उसे इस्लाम में कजिन मैरिज पसंद नहीं है। उसे तीन तलाक से भी डर लगता था. ऐसे में उसने अपना धर्म त्याग दिया और हिंदू धर्म अपनाकर अपने प्रेमी शिवम से विवाह कर लिया। पूनम देवी का कहना है कि उसे जानवरों से बहुत प्यार है। गाय को वो सबसे ज्यादा पसंद करती है। जबकि, हिंदुओं में गाय को पूजा जाता है। ये बात उसे बहुत पंसद आई।



## बिहार ने जिनको 15 साल मौका दिया वे परिवार को आगे बढ़ाने में ही लगे रहे : नीतीश कुमार



**एजेंसी। 4 मई**

**पटना/मुंगेर।** बिहार में मुंगेर लोकसभा सीट से जदयू उम्मीदवार ललन सिंह के पक्ष में शनिवार को चुनावी सभा को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने कहा कि जिनको 15 साल (लालू यादव) मौका मिला, उन्होंने कुछ काम नहीं किया और सिर्फ परिवार को ही आगे बढ़ाते रहे।मुंगेर लोकसभा सीट के राजग उम्मीदवार राजीव रंजन सिंह उर्फ ललन सिंह के समर्थन में वोट मांगने पहुंचे नीतीश ने हवेली खड़गपुर के खंड बिहारी में राजद सुप्रीमो लालू यादव पर जमकर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि जिन लोगों को 15 साल मौका मिला वह बिहार में क्या काम किए, सबको मालूम है। शाम होने के बाद लोग घर बाहर नहीं निकल पाते थे। इनके शासनकाल में लोग डरे रहते थे। वर्ष 2005 के पहले क्या हाल था। सिर्फ प्रचार करते रहते थे। हम ही बनवाए थे। गड़बड़ करने लगे तो हम ही छोड़ दिए। लालू ने पत्नी को सीएम बनाया। बाल-बच्चा को बनाया, परिवारवाद को बढ़ावा दिया। कांग्रेस भी परिवारवाद पर चल रही है।सीएम ने कहा कि पहले बिहार में सबसे ज्यादा हिंदू-मुस्लिम के बीच तनाव होता रहता था और हमें जब मौका मिला तो बिहार के हित में सिर्फ काम किया जो सबके सामने है। हमने 2005 में सबसे पहले कानून का राज्य कायम किया। सभी जगहों पर हिंदू-मुस्लिम मामले को समाप्त कर मुस्लिम समुदाय के लिए सभी जगहों पर कब्रिस्तान का घेराबंदी किया, मदरसे के लिए भी काम किया। उनके हित में कई काम किए लेकिन ये लोग तो सिर्फ नाम पर वोट का इस्तेमाल किया।अशोक महतो की पत्नी को मुंगेर लोकसभा सीट से राजद उम्मीदवार बनाने पर मुख्यमंत्री ने कहा कि चुनाव के लिए कोई ब्याह कर लिया और कोई जेल में रहे। ये सब कोई चुनाव लड़ेगा, इसका कोई मतलब है। आज बिहार में चारों तरफ विकास की रोशनी जगमगा रही है। चाहे वह पुल-पुलिया और सड़क मार्ग का मामला हो। सभी जगहों पर लगातार कार्य चल रहा है। उन्होंने कहा कि मुंगेर में हर प्रकार का कार्य किया जा रहा है। भाजपा से हमारा संबंध पुराना है। बीच में इधर-उधर चले गए थे लेकिन अब हम कहीं नहीं जायेंगे।

## अपराधियों ने युवक की हत्या कर शव को गोबर में छुपाया

**बेगूसराय।** बिहार के बेगूसराय में दिल दहला देने वाली घटना सामने आई है. यहां अपराधियों ने एक लड़के की बेरहमी से हत्या कर दी और शव को खेत में रखे गोबर के ढेर में छिपा दिया. वहीं, पुलिस ने इस मामले में केस दर्ज कर लिया है और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है. घटना मंझौल थाना क्षेत्र के पबड़ा की है।जानकारी के अनुसार, शव मंझौल थाना क्षेत्र अंतर्गत एसएच 55 से पबड़ा जाने वाली सड़क के पास एक खेत में रखे मवेशी के गोबर के ढेर से बरामद किया गया है। मृतक का चेहरा कुचला हुआ है. वहीं शव की पहचान वभनगामा गांव निवासी हरेराम सिंह के 13 वर्षीय पुत्र दीवांशु कुमार उर्फ भुल्ला के रूप में हुई है।गोबर के ढेर से शव मिलने की खबर जंगल के आग की तरह फैल गई। देखते ही देखते शव को देखने के लिए लोगों की भारी भीड़ उमड़ पड़ी। शव मिलने की सूचना पर मंझौल थाना के एएसआई विशंभर सिंह एवं चेरियाबरियारपुर थाना अध्यक्ष विवेक भारती ने घटनास्थल पर पहुंचे और जांच पड़ताल की.परिजनों के पहुंचने के बाद शव की शिनाख्त हो पाई।

# जिन्हें जेहाद से प्यार, वे पाकिस्तान चले जाएं: योगी आदित्यनाथ

**एजेंसी। 4 मई**

**फर्रूखाबाद।**उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि जेहाद की बात करने वालों को शर्म आनी चाहिए। इनके आकाओं ने पहले देश का बंटवारा किया था और आज यह लोग जेहाद की बात कर लोकतंत्र को कलंकित कर रहे हैं। मुख्यमंत्री ने चेतावनी दी कि जेहाद से प्यार है तो भूखे मरने वाले भिखमंगे पाकिस्तान के पास जाइए, जो दो जून रोटी के लिए तरस रहा है। सपा, कांग्रेस व बसपा पर हमलावर मुख्यमंत्री ने कहा कि जिन लोगों ने गरीबों के हकों पर डकैती डाली और दिव्यांगों को भी नहीं छेड़ा। ऐसे लोगों को जेहाद की बात याद आने लगी है। वे जान लें कि भारत की धरती राम-कृष्ण की है, जेहाद की नहीं।

मुख्यमंत्री फर्रूखाबाद से सांसद व भाजपा प्रत्याशी मुकेश राजपूत के लिए शनिवार को जनसभा कर वोट मांगा। योगी के आह्वान पर फर्रूखाबाद वालों ने फिर से कमल खिलाने का आश्वासन दिया।

मुख्यमंत्री ने कहा कि आपने 2014 के पहले और बाद का भारत देखा है। 2014 के पहले का भारत दुनिया में विश्वास खो चुका था। आतंकवाद व नक्सलवाद से त्रस्त था। गरीबों को शासन की योजनाएं नहीं मिल पाती थीं। यह अराजकता वे लोग करते थे, जिन्हें भारत के लोकतंत्र पर विश्वास नहीं था और जिन्हें विश्वास था वे "एक भारत, श्रेष्ठ भारत" के साथ जुड़कर देश को मजबूत बनाने के लिए आगे बढ़ते थे। जिन्हें भारत की प्रगति अच्छी नहीं लगती थी, वे हर योजना में भ्रष्टाचार करते थे।



मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि 2014 के बाद भारत का नया रूप दिख रहा है। पहले कहीं विस्फोट और आतंकवादियों को देखकर सरकारें कहती थीं कि यह सीमा पार से है, लेकिन आज जोर से पटाखा फटने पर सीमा पार से उनका आका भी सफाई देने को मजबूर होता है। हर किसी को पता है कि नया भारत छेड़ता नहीं, लेकिन छेड़ने वाले को छोड़ता नहीं है।मुख्यमंत्री ने भारत व उप्र के विकास की चर्चा की। बोले कि 2022 में यहां आकर कहा था कि गंगा मैया पर बनने वाला पुल जल्द शुरू होगा। अब कार्य प्रारंभ हो चुका है। पहले नारा लगता था कि फर्रूखाबाद चूसे गन्ना, लेकिन अब फरुर्खाबाद को एक्सप्रेसवे से जोड़ने की कार्रवाई आगे बढ़ा दी है। उन्होंने कहा कि 2022 में भी यहीं आया था और कहा था कि अयोध्या में रामलला का भव्य मंदिर भी बनेगा और माफिया का रामनाम सत्य भी होगा।

मुख्यमंत्री ने कहा कि कांग्रेसी कहते थे कि राम हुए ही नहीं, सपा वाले कहते थे कि अयोध्या में परिंदा पर नहीं मार सकता, लेकिन आज वहां लाखों लोग दर्शन कर रहे हैं। यूपी में कर्फ्यू और दंगा मुक्त वातावरण है। नए भारत में गांव, गरीब, किसान, नौजवान व महिलाओं के सम्मान-संरक्षण के लिए कार्य हो रहा है तो दूसरी तरफ इंडी गठबंधन हकों पर डकैती डालने की योजना बना रहा है। जब सपा-कांग्रेस के नेतृत्व की यूपीए सरकार थी तब इन लोगों की तरफ से ओबीसी, एससी-एसटी के आरक्षण में सेंध लगाने की कोशिश हो रही थी।

मुख्यमंत्री ने कहा कि सपा-कांग्रेस के लोग धार्मिक आधार पर बंटवारा करने का प्रयास कर रहे हैं। यह भारत के इस्लामीकरण की साजिश है और इसी के तहत वोट जेहाद की बात करते हैं। वोट में जेहाद नहीं होता, हमें दुनिया के सबसे मजबूत लोकतंत्र के लिए वोट करना होता है, जिससे हमारा अधिकार सुरक्षित रहे। अपने अधिकार का सदुपयोग करते हुए विकास, सम्मान, लोक आस्था और भावी पीढ़ी के विकास के लिए जो कार्य कर सके। वोट उसे ही दें। विकास और सुरक्षा की जिम्मेदारी हमारी है। उन्होंने विकसित भारत के लिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को तीसरा कार्यकाल देने की अपील की।

इस अवसर पर फरुर्खाबाद के सांसद व भाजपा प्रत्याशी मुकेश राजपूत, विधान परिषद सदस्य व भारतीय जनता युवा मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष प्रांशु दत्त द्विवेदी, विधायक नागेंद्र सिंह राठौर, मेजर सुनील दत्त द्विवेदी, सुशील शाक्य, सत्यपाल सिंह, डॉ. सुरभि, जिला पंचायत अध्यक्ष मोनिका यादव, भाजपा जिलाध्यक्ष रूपेश गुप्ता आदि मौजूद रहे।

# गिरिडीह लोकसभा से 5 प्रत्याशियों ने किया नामांकन

■ नाम निर्देशन के छठवें दिन कुल 4 ने लिया नामांकन पत्र

**आवाज प्रतिनिधि। 4 मई**

**बोकारो।** 6 गिरिडीह लोकसभा संसदीय क्षेत्र की अधिसूचना जारी होने के छठवें दिन शनिवार को नाम निर्देशन के लिए कुल 04 लोगों ने नामांकन प्रपत्र लिया। जबकि, 05 उम्मीदवारों ने निवार्ची पदाधिकारी के समक्ष नामांकन प्रपत्र दाखिल किया। जिला निर्वाचन पदाधिकारी बोकारो सह निवार्ची पदाधिकारी 06 गिरिडीह लोकसभा संसंदीय क्षेत्र विजया जाधव ने कहा कि छठवें दिन कुल 04 लोगों ने नामांकन प्रपत्र जिला नजारत शाखा से विधि सम्मत शुल्क भुगतान कर लिया। वहीं, 05 उम्मीदवारों ने अपना नामांकन प्रपत्र दाखिल किया। जिनका नाम निम्न है। कलावती देवी, पति धनेश्वर महतो, पो. गलागी, पीएस. निमियाघाट, जिला गिरिडीह, पार्टी-निर्दलीय। सुभाष कुमार ठाकुर, पिता



धनेश्वर ठाकुर, ग्राम बाधाडीह, पो. चिकसिया, पीएस चास (मु.), जिला बोकारो, पार्टी-सर्व समाज पार्टी। पप्पु कुमार निषाद, स्व. छोटे लाल मल्लाह, मल्लाह बस्ती रंगुनी, पो. श्रमिक नगर भूली, पीएस. तेतुलमारी कतरास, जिला धनबाद, पार्टी-भारतीय लोकमत राष्ट्रवादी पार्टी। कमल प्रसाद, पिता भोला प्रसाद साहू, ग्राम पोस्ट-बिरनी, पीएस नावाडीह, जिला बोकारो, पार्टी-बहुजन समाज पार्टी। धीरन मदक, पिता स्व. तारू मदक, ग्राम मंडरो, पो. हरलाडीह, पीएस. खुखरा (पीरटांड), जिला गिरिडीह, पार्टी - निर्दलीय। तुलसी महतो, स्व. खीरू महतो, ग्राम लक्ष्मीपुर, पीएस/पो. बेंगाबाद, जिला गिरिडीह, पार्टी-निर्दलीय। सुभाष कुमार ठाकुर, पिता धनेश्वर ठाकुर, ग्राम बाधाडीह, पो. चिकसिया, पीएस चास (मु.), जिला बोकारो, पार्टी-सर्व समाज पार्टी। जयराम महतो, पिता स्व. बंशी महतो, ग्राम भतुआ बस्ती, पो. बैधमारा, पीएस हरला, जिला बोकारो, पार्टी-निर्दलीय। ऐनूल अंसारी, पिता मो. जैनुल अंसारी, ग्राम तेतुलिया, पो. भाटडीह, पीएस महुदा, जिला धनबाद, पार्टी-बहुजन मुक्ति पार्टी। उल्लेखनीय हो कि, 06 गिरिडीह लोकसभा संसदीय क्षेत्र में अब तक कुल 26 लोगों ने नामांकन प्रपत्र लिया है, जबकि कुल 13 उम्मीदवारों ने नामांकन प्रपत्र दाखिल किया है।

## कलश यात्रा के साथ हनुमान मंदिर में प्राण-प्रतिष्ठा शुरू

**आवाज प्रतिनिधि। 4 मई**

**जैनामोड़।** जरीडीह प्रखंड स्थित बारहमसिया गांव में प्रांगण स्थित हनुमान मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा को लेकर शनिवार को भव्य कलश यात्रा निकाली गई। इसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने इसमें भाग लिया। इसे लेकर श्रद्धालुओं में उत्साह का माहौल है। जहां कलश यात्रा हनुमान मंदिर परिसर से प्रारंभ हुई। अपने सिर पर कलश सजाए सैकड़ों महिलाओं ने इसमें भाग लिया। इस दौरान पूरा गांव भगवान राम और हनुमान के जयकारों से गूंजता रहा। जहां यात्रा बलरामपुर डुडरू नदी पहुंचने के योगाचार्य श्याम शंकर ओझा के द्वारा विधि विधान से जल भर पुनः शोभायात्रा हनुमान मंदिर पहुंची जहां कलशों को स्थापित किया गया। इसके बाद से ही मंदिर में प्रतिमा की प्राण प्रतिष्ठा को लेकर कार्यक्रम प्रारंभ हो गए हैं। वहीं गांव को हनुमान ध्वजों की श्रृंखला से सजाया गया है। वहीं



मनसु राम महतो ने बताया कि 5 मई को मंदिर परिसर में अंजनी गोस्वामी के द्वारा प्रवचन कथा का आयोजन किया जाएगा। जिसके बाद अंतिम दिन भंडारे का आयोजन होगा। मौके पर भाजपा प्रखंड अध्यक्ष मनोज ठाकुर, महादेव रवानी, जगतपति सिंह, मेघनाथ गोसाई, शीतला देवी, रवींद्रनाथ नायक, उमेश प्रसाद नायक, भोला रवानी, पूर्व उप प्रमुख रमाकांत महतो, संतोष महतो, हंसमुख पांडे, सोनू कुमार, प्रमोद महतो, धीरेन महतो आदि शामिल थे।

## अपने ही जाल में फंस गए टाइगर जयराम महतो

■ नामांकन रद्द होगा या जाएंगे जेल

**आवाज प्रतिनिधि। 4 मई**

**बोकारो।** जेबीएस के संस्थापक जयराम महतो अपने ही जाल में फंस गए हैं। अब उन्हें तय करना है कि जेल जाएंगे या उनका नामांकन रद्द होगा। 1 मई को नामांकन के दिन यदि अपनी गिरफ्तारी दे देते तो उन पर धारा 353 की तरत कार्रवाई नहीं होती, तथा विधानसभा घेराव के मामले में उन्हें जमानत मिल जाती। लेकिन उन्होंने लगभग तीन घंटा तक पुलिस को गुमराह करना उचित समझा। जिसका खमियाजा उन्हें पड़ रहा है। 7 मई को उन्हें निर्वाचित पदाधिकारी के समक्ष उपस्थित होना है। यदि उपस्थित होते हैं तो उनकी गिरफ्तारी होगी। उपस्थित नहीं होते हैं तो नामांकन रद्द होना तय माना जा रहा है। इस स्थिति में उनका संगठन द्वारा किसी दूसरे का नामांकन सोमवार को करवाने पर विचार किया जा रहा है। उनके घर पर उनके बुलावे का ऐसा नोटिस चुनाव



आयोग ने चिपकाया है कि हर हाल में उनका फंसना तय है। बुलावे पर अगर गिरिडीह के निर्वाची पदाधिकारी सह बोकारो डीसी विजया जाधव के समक्ष वे हाजिर होते है तो जेल और अगर 7 मई 2024 को नहीं हाजिर होते हैं तो उनका नामांकन रद्द होना तय है। ऐसे में पुलिस से फरार जयराम महतो क्या करते हैं, उसका इंतजार है। झारखंड खतियानी भाषा संघर्ष समिति के केंद्रीय अध्यक्ष जयराम महतो को रांची के नगड़ी थाना के केस संख्या-48/22 के मामले में पुलिस ने 01 मई को हिरासत में तब लिया जब वे नॉमिनेशन करने बोकारो जिला मुख्यालय आए थे। उनके आग्रह पर पुलिस ने उन्हें सभा को संबोधित करने की इजाजत दी और इसके बाद टाइगर जयराम फरार हो गए। इस मामले में बोकारो स्टील सिटी थाना में जयराम सहित 11 नामजद और अन्य लोगों पर एक केस दर्ज किया और अब तक आधा दर्जन उनके समर्थक जेल पहुंच चुके है` पुलिस के लाख प्रयास के बाद भी जब जयराम पकड़ में नहीं आये तो झारखण्ड राज्य के मुख्य निवार्ची पदाधिकारी के निर्देश पर गिरिडीह के निवार्ची पदाधिकारी सह बोकारो डीसी विजया जाधव द्वारा अखबारों में एक सूचना प्रकाशित की गयी कि जयराम के नामांकन शपथ पत्र में कुछेक त्रुटियां है और कुछेक संदेह थी। 07 मई 2024 को जयराम उत्पन्न संदेह और त्रुटियों को दूर करने के लिए निम्न कागजतों के साथ हाजिर हो। इस आशय का नोटिस भी जयराम महतो के घर पर चुनाव आयोग की ओर से चिपका दिया गया है। वैसे झारखंड खतियानी भाषा संघर्ष समिति के सूत्र बता रहे है कि पार्टी दोनों हालत पर विचार कर रही है। जयराम के जेल से चुनाव लड़ने या फरार रह कर किसी और को चुनाव लड़वाने पर गहनता के साथ विचार हो रहा है। जिस में भी जीत की अधिक गारंटी होगी, पार्टी वही कदम उठाएगी। खबर यह है कि जयराम के जेल जाने के बाद पार्टी गिरिडीह से किसी महिला को उम्मीदवार बनाएगी। इस मामले में पूजा महतो और उषा महतो का नाम आगे चल रहा है। वहीं दूसरी और उनका संगठन भारतीय जनता पार्टी पर साजिश का आरोप लगाते हुए कह रहा है कि पूरे झारखंड में इसका खामियाजा भारतीय जनता पार्टी को भुगतना पड़ेगा उल्लेखनीय है कि गिरिडीह के कामेश्वर पासवान नामक एक भाजपा नेता ने उनकी गिरफ्तारी की मांग करते हुए वर्ष 2022 में झारखंड विधानसभा में हुए घेराव से संबंधित नगरी थाने में दर्ज प्राथमिक की की ओर प्रशासन का ध्यान आकृष्ट कराया था जयराम के समर्थक सोशल मीडिया में भाजपा की जमकर आलोचना कर रहे हैं।

## रोटरी क्लब ने मनाया विश्व प्रेस स्वतंत्रता दिवस

**आवाज प्रतिनिधि। 4 मई**

**बोकारो।** विश्व प्रेस स्वतंत्रता दिवस के उत्सव के अवसर पर, रोटरी क्लब द्वारा एक समारोह का आयोजन कर मीडिया कर्मियों को सम्मानित किया गया। रोटरी क्लब की अध्यक्ष अमीषा अग्रवाल ने कहा कि प्रेस एवं मीडिया लोकतंत्र के चौथे स्तंभ है, और इनकी स्वतंत्रता लोकतंत्र को मजबूत बनाने के लिए बहुत जरूरी हैं, और आज का दिन समाज के लिए स्वतंत्र मीडिया की महत्वपूर्ण भूमिका की स्मृति में मनाया जाता है। प्रवक्ता अनूप अग्रवाल ने कहा कि पत्रकार अपनी जिंदगी को खतरे में डाल कर भी हमे सच्ची और सटीक खबरे पहुंचते है, वो बगैर किसी से डरे अपने काम को करते है और समाज को मजबूत सामाजिक मूल्यों की और अग्रसित करते हैं। पीडीजी महेश केजरीवाल ने प्रेस बंधुओं की अद्वितीय सेवा के लिए पूरे प्रेस




समुदाय का आभार प्रकट किया। उन्होंने पत्रकारों को सेंसरशिप, धमकी, और हिंसा से बचाने की जरूरत पर बल दिया। रोटेरियन शिव अग्रवाल ने कहा कि रोटरी क्लब ने प्रेस की स्वतंत्रता को विश्वभर में रक्षा करने का संकल्प लिया है। सेक्रेटरी मिनी कपूर ने कहा की रोटरी क्लब ऑफ बोकारो मिडटाउन कपल्स सभी मीडिया कर्मचारियों के अमूल्य योगदान के लिए अपनी गहरी सराहना व्यक्त करता है और सत्य और न्याय के प्रयासों में उनके साथ खड़ा है। इस कार्यक्रम में अमित जोहर, साक्षी जोहर, राजा जैन, अलका, उमेश जैन, स्वाति, साजन कपूर, अजीत तिवारी, प्रज्ञा, संजीव, उमा, विकास, कविता, मोहित, रंजन, सुशांत शर्मा, शुभ्रा, विजय लोधा, मनीष केजरीवाल, राजश्री आदि मौजूद रहे।

## जानलेवा हमले में प्रिंटिंग प्रेस संचालक घायल, बोकारो रेफर

**आवाज प्रतिनिधि। 4 मई**

**बेरमो।** बेरमो थाना क्षेत्र अंतर्गत पुराना बीडीओ ऑफिस रेलवे क्रॉसिंग स्थित सुनीता प्रिंटिग प्रेस के संचालक 62 वर्षीय राम चरित्र वर्मा पर शनिवार को पेटरवार थाना क्षेत्र के पिछरी निवासी 65 वर्षीय केदार स्वर्णकार ने हसुआ से जानलेवा हमला कर दिया। जिससे श्री वर्मा के गर्दन व हाथ की उंगली जख्मी हो गई है। घटना के बाद घायल को उनके पुत्रों व स्थानीय लोगों की मदद से इलाज के लिए सीसीएल के केंद्रीय अस्पताल ढोरी ले जाया गया। जहां चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार कर बेहतर इलाज के लिए बोकारो बीजीएच रेफर कर दिया। वहीं हमलावर को बेरमो पुलिस ने थाना लाकर पूछताछ कर रही है। घटना के दौरान स्थानीय लोगों की भीड जमा हो गयी थी। घटना के संबंध में



घायल संचालक



हमलावर

बताया जाता है कि प्रिंटिग प्रेस संचालक राम चरित्र वर्मा दोपहर में अपने दुकान में कार्य कर रहे थे। इसी दौरान पिछरी के विद्यापुरी मुहल्ला निवासी केदार स्वर्णकार आये तो उनका पुत्र शंकर वर्मा दुकान से बाहर निकल कुछ कार्य करने लगे। तभी केदार स्वर्णकार ने हसुआ से रामचरित्र वर्मा के गले में वार कर लहुलुहान कर दिया। तत्काल आवाज सुनकर उनका पुत्र दुकान के अंदर जाकर देखा तो वे अचेत थे। इसके बाद हल्ला करने पर अगल-बगल के कई व्यवसायी जुट गये एवं बेरमो पुलिस को सूचना देकर बुलाया गया। घायल को तत्काल केंद्रीय अस्पताल ढोरी पहुंचाया। जहां चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार कर बोकारो रेफर कर दिया। फिलहाल घटना के कारणों का पता नहीं चल पाया है। बेरमो थाना प्रभारी अशोक कुमार ने कहा कि घटना के बाद हमलावर को हिरासत में लेकर पूछताछ किया जा रहा है। लेकिन उसने घटना को क्यों अंजाम दिया है वह नहीं बताया है।

## बोकारो के चंदनकियारी प्रखंड में गठबंधन के प्रत्याशी ने किया तूफानी दौरा

# विकास के नाम पर इंडिया गठबंधन को दे वोट : अनुपमा सिंह

**आवाज प्रतिनिधि। 4 मई**

**बोकारो।** धनबाद लोकसभा सीट से इंडिया गठबंधन के प्रत्याशी अनुपमा सिंह ने अपना जनसंपर्क अभियान तेज कर दिया है शनिवार को सहयोगी दल के नेताओं के साथ चंदनकियारी विधानसभा के विभिन्न क्षेत्रों में जनसंपर्क कर विकास के नाम पर मतदान करने की अपील किया तथा बदहाली के लिए भारतीय जनता पार्टी को जिम्मेदार कराय।कांग्रेस प्रत्याशी अनुपमा सिंह का जनसंपर्क अभियान, बरमसिया मंडल के विभिन्न गांवों का किया दौरा। धनबाद लोकसभा क्षेत्र से कांग्रेस प्रत्याशी अनुपमा सिंह क्षेत्र में लगातार चिलचिलाती धूप में पसीना बहा रही है। यूं कहें



तो उमस भरी गर्मी में सियासी पारा चढ़ा हुआ है। आरोप प्रत्यारोप का दौर जारी है। कांग्रेस प्रत्याशी अनुपमा सिंह ने पत्रकारों से बातचीत के दौरान भाजपा प्रत्याशी ढुलू महतो पर जमकर निशाना साधी वोही धनबाद लोकसभा क्षेत्र की व्याप्त समस्याओं को लोगों के बीच रखीं। मौके पर उपस्थित चंदनकियारी प्रभारी कुमार सिंह, विश्व सूत्र उपाध्यक्ष देवाशीष मंडल, प्रखंड अध्यक्ष जलेश्वर दास, परवेज आलम, जे एम विजय रजवार, आदि उपस्थित थे।

### बैठक कर मथुरा महतो को जिताने पर विचार-विमर्श

**दुगदा।** चंद्रपुरा प्रखंड के दुग्दा स्थित झारखंड मुक्ति मोर्चा के कार्यालय में इंडिया गठबंधन के कार्यकताओं की संयुक्त बैठक हुई। जिसमें मुख्य रूप से 6 अप्रैल को नामांकन पर्चा दाखिल करने तथा 25 अप्रैल को होने वाली मतदान में अधिक से अधिक इंडिया



प्रत्याशी मथुरा प्रसाद महतो के पक्ष में वोट दिलाना सुनिश्चित करने को लेकर आपसी विचार विमर्श किया गया। महागठबंधन के प्रत्याशी मथुरा प्रसाद महतो ने प्रधानमंत्री मोदी की खामियां तथा जुमले बाजी और वर्तमान सांसद चंद्र प्रकाश चौधरी के 5 साल में नहीं किए गए कार्यों को लोगों के बीच जा जाकर बताएं। साथ ही पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन सरकार के कार्यों को जनता के बीच में रखे। इस कार्यक्रम में मुख्य रूप से सुभाष चंद्र महतो, बालमुकुंद महतो, वीरू महतो, राजकुमार महतो, रंजीत हांसदा, कांग्रेस के खुर्शीद आलम, राजद के संजय यादव, विजय यादव, बढ़न गोप, राजद के प्रखंड अध्यक्ष जंग बहादुर सिंह, महिला प्रकोष्ठ के ह्रदया देवी, ब्रमदेव हेम्ब्रम, पूर्व मुखिया हीरा टुडू, लालचंद महतो, बैजू महतो पूर्व मुखिया गणेश दास सहित दर्जनों की संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## बोकारो विधानसभा का दौरा करेंगे एनडीए प्रत्याशी ढुलू महतो

**बोकारो।** धनबाद लोकसभा सीट से एनडीए प्रत्याशी तथा बाघमारा के विधायक रविवार को बोकारो विधानसभा के एक दर्जन से अधिक कार्यक्रम में हिस्सा लेंगे तथा एनडीए गठबंधन के पक्ष में मतदान करने की अपील करेंगे प्राप्त जानकारी के अनुसार ढोलू महतो पिंडरा जोड़ा प्रखंड से जनसंपर्क अभियान की शुरूआत करेंगे तथा देर रात तक बोकारो के विभिन्न कार्यक्रमों में हिस्सा लेंगे जनसंपर्क अभियान के दौरान कोऑपरेटिव मंडल के तहत सेक्टर 12 में तथा बोकारो मंडल के तहत सेक्टर 4 में कार्यकर्ता सम्मेलन को भी संबोधित करेंगे इसके साथ ही विभिन्न सामाजिक एवं स्वयंसेवी संगठनों द्वारा आयोजित अभिनंदन समारोह एवं सभा में भी हिस्सा लेंगे कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए बोकारो विधायक के आवास में हुई बैठक में कार्यक्रम के राजनीतिक तैयार की गई जिसमें जिला पदाधिकारी के साथ-साथ विभिन्न मंडल के अध्यक्ष तथा जॉन प्रभारी ने हिस्सा लिया।

## बीआरएल डीएवी में कक्षा 11वीं के लिए नि:शुल्क कोचिंग की व्यवस्था

**बेरमो।** बीआरएल डीएवी विद्यालय में कक्षा 11 वीं एवं 12 वीं के बच्चों के लिए विशेष कोचिंग क्लासेस की व्यवस्था की गई है। गौतम नाग (फिजिक्स टीचर) भूतपूर्व शिक्षक चिन्मया विद्यालय बोकारो एवं एस के



मिश्रा मैथमेटिक्स क्लासेस बोकारो ने यहां के बच्चों को दिशा निर्देशित किया। विदित हो कि यह कोचिंग क्लासेस उन बच्चों के लिए निः शुल्क होगी जो कक्षा 11 वीं में यहां नामांकन लेंगे। यह कोचिंग क्लासेस प्रत्येक शनिवार एवं रविवार को संचालित की जाएगी। उक्त जानकारी विद्यालय प्राचार्य आर के सिंह ने देते हुए कहा कि वर्तमान समय प्रतियोगिता का दौर है और बच्चों को उचित मार्गदर्शन की सतत आवश्यकता है। इसके माध्यम से छात्र न केवल आपसी विचार-विनिमय करने में सक्षम होंगे बल्कि जीवन के पथ पर निरंतर आगे बढ़ेंगे। इस सुदूरवर्ती क्षेत्र में कोचिंग क्लासेस की व्यवस्था करना टेढ़ी खीर थी, जिसे पूर्ण किया गया। उक्त अवसर पर कक्षा 11 वीं एवं 12 वीं के बच्चे उपस्थित थे और वे सभी लाभान्वित भी हुए और प्रसन्न दिखे।

## ओएनजीसी के पांच नं. बेड में लगी आग

**तलगड़िया।** चंदनकियारी के मोहाल पूर्वी पंचायत अंतर्गत ओएनजीसी जेएच 05 प्वाइंट में शनिवार की दोपहर अचानक भीषण आग लग गई। आग की लपटे इतनी तेज थी की देखते देखते आसपास में रखे सभी सामानों को अपनी चपेट में ले



लिया। वहीं दो घंटे बीत जाने के बावजूद भी दमकल की गाड़ी घटनास्थल पर नही पहुंची। जबतक दमकल की गाड़ी घटनास्थल पर पहुंचती, तबतक सारा सामान जल कर खाक हो चुका था,मौके पर तैनात होमगार्ड जवान ने कहा की कुछ असामाजिक तत्वों द्वारा यह आग लगाया गया है कहा की इसमें ओएनजीसी के द्वारा प्लास्टिक के पाईप करीब पांच ट्रेलर पूरी तरह जलकर राख हो गई है समाचार लिखे जाने तक ओएनजीसी के कोई भी पदाधिकारी घटनास्थल पर नही पहुंचे थे।

## ग्रामीण जलापूर्ति योजना के तहत जैनामोड़ से जलापूर्ति हुई शुरू



**बोकारो।** ग्रामीण जलापूर्ति योजना जैनामोड़ में तकनीकी खराबी के कारण जलापूर्ति बाधित होने का मामला प्रकाश में आने के बाद उपायुक्त विजया जाधव ने पिछले दिनों पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल चास को निर्देश देते हुए अविलंब समस्या का निदान कराने को कहा था। विभाग ने त्वरित कार्रवाई करते हुए जलापूर्ति सेवा को एक बार पुनः शुरू कर दिया है। शुक्रवार से ही योजना से जलापूर्ति सेवा शुरू हो गई है। इस बाबत कार्यपालक अभियंता पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल चास राम प्रवेश राम ने कहा कि ग्रामीण जलापूर्ति योजना जैनामोड़ में तकनीकी गड़बड़ी के कारण जलापूर्ति बाधित हो गई थी। जिसे शुक्रवार को दुरूस्त करा लिया गया है। ग्रामीण जलापूर्ति योजना जैनामोड़ से पुनः जलापूर्ति सेवा शुरू हो गई है। इससे जरीडीह प्रखंड के तातरी उत्तरी, दक्षिणी, खुटरी, जैना, टांड़ मोहनपुर, बांधडीह उत्तरी, दक्षिणी आदि पंचायतों के लोगों को शुद्ध पेयजल उपलब्ध होगा।

## बालीडीह में उत्पाद विभाग ने अवैध देसी शराब निर्माण स्थल पर की छापामारी



**बोकारो।** जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त विजया जाधव के निर्देश पर शनिवार को सहायक आयुक्त उत्पाद बोकारो के मार्गदर्शन एवं निरीक्षक उत्पाद के पर्यवेक्षण में जिला उत्पाद टीम ने बालीडीह थाना अंतर्गत करहरिया पंचायत के चिमनगोड़ा जंगल में अवैध शराब निर्माण स्थल पर छापेमारी की। मौके से उत्पाद टीम ने 2160 केजी जावा महुआ शराब एवं 105 लीटर अवैध चुलाई शराब को जब्त किया। वहीं, अवैध शराब निर्माण में इस्तेमाल किए जाने वाले वस्तुओं को नष्ट किया। छापेमारी के क्रम में संदिग्ध अभियुक्तों के विरूद्ध उत्पाद अधिनियम की सुसंगत धाराओं के तहत अभियोग दर्ज किया गया है। छापेमारी दल में निरीक्षक उत्पाद संजीत देव, अवर निरीक्षक सदर कृष्णा प्रजापति, अवर निरीक्षक उत्पाद तेनुघाट सुश्री दीपिका कुमारी सहित सशस्त्र बल शामिल थे।

ऑरेंज कैप
विराट कोहली
आरसीबी
542 रन, 11 मैच

पर्पल कैप
जसप्रीत बुमराह
मुंबई
17 विकेट, 11 मैच




**अंक तालिका**

| टीम | मैच | जीत | हार | एनआर | अंक | रन रेट |
|---|---|---|---|---|---|---|
| राजस्थान | 10 | 8 | 2 | 0 | 16 | +0.622 |
| कोलकाता | 10 | 7 | 3 | 0 | 14 | +1.098 |
| लखनऊ | 10 | 6 | 4 | 0 | 12 | +0.094 |
| हैदराबाद | 10 | 6 | 4 | 0 | 12 | +0.072 |
| चेन्नई | 10 | 5 | 5 | 0 | 10 | +0.627 |
| दिल्ली | 11 | 5 | 6 | 0 | 10 | −0.442 |
| बेंगलुरु | 11 | 4 | 7 | 0 | 8 | −0.049 |
| पंजाब | 10 | 4 | 6 | 0 | 8 | −0.062 |
| गुजरात | 11 | 4 | 7 | 0 | 8 | −1.320 |
| मुंबई | 11 | 3 | 8 | 0 | 6 | −0.356 |

# बेंगलुरु ने गुजरात को 4 विकेट से हराया

## आईपीएल फाफ डुप्लेसिस ने खेली शानदार अर्धशतकीय पारी

एजेंसी। 4 मई

**बेंगलुरु।** आज रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु और गुजरात टाइटंस के बीच आईपीएल 2024 का 52वां मुकाबला खेला गया। बेंगलुरु ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी का फैसला किया है। गुजरात टाइटंस की टीम 19.3 ओवर में 147 रन बनाकर ऑलआउट हो गई। जवाब में बेंगलुरु ने 13.4 ओवर में छह विकेट गंवाकर 152 रन बनाए और मुकाबला चार विकेट से अपने नाम कर लिया। आईपीएल 2024 के 52वें मैच में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु ने चार विकेट से गुजरात टाइटंस को हरा दिया। इस जीत के साथ आरसीबी अंक तालिका में सातवें स्थान पर पहुंच गई। अब टीम के खाते में 10 अंक हो गए हैं। वहीं, गुजरात नौवें पायदान पर पहुंच गई है। शनिवार को खेले गए मुकाबले में गुजरात टाइटंस की टीम 19.3 ओवर में 147 रन बनाकर ऑलआउट हो गई। जवाब में बेंगलुरु ने 13.4 ओवर में छह विकेट गंवाकर 152 रन बनाए और मुकाबला अपने नाम कर लिया। 148 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी आरसीबी को विराट कोहली और फाफ डुप्लेसिस ने विस्फोटक शुरूआत दिलाई। दोनों के बीच पहले विकेट के लिए 92 रनों की साझेदारी हुई। जोशुआ लिटिल ने कप्तान को आउट किया। वह 23 गेंदों में 64 रन बनाकर लौटे। इस दौरान उनके बल्ले से 10 चौके और तीन छक्के निकले। इसके बाद आरसीबी की पारी लड़खड़ा गई। टीम ने 117 रन के स्कोर पर पांच और विकेट खो दिए थे।



**आईपीएल 2024 में पावरप्ले में सबसे कम स्कोर**

23/3 – गुजरात टाइटंस बनाम रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु, बेंगलुरु*
27/3 – पंजाब किंग्स बनाम सनराइजर्स हैदराबाद, मुल्लांपुर
28/4 – मुंबई इंडियंस बनाम लखनऊ सुपर जाएंट्स, लखनऊ
30/4 – गुजरात टाइटंस बनाम दिल्ली कैपिटल्स, अहमदाबाद
31/2 – राजस्थान रॉयल्स बनाम दिल्ली कैपिटल्स, जयपुर

**स्कोर बोर्ड**

**गुजरात टाइट्ंस 147/10 (19.3 ओवर)**

| | रन | गेंद | चार | छह |
|---|---|---|---|---|
| रिद्धिमान साहा के कार्तिक बो सिराज | 1 | 7 | 0 | 0 |
| शुभमन गिल के विजयकुमार वैशाख बो सिराज | 2 | 7 | 0 | 0 |
| साई सुदर्शन के कोहली बो ग्रीन | 6 | 14 | 0 | 0 |
| शाहरुख खान रन आउट (कोहली) | 37 | 24 | 5 | 1 |
| डेविड मिलर के मैक्सवेल बो कर्ण शर्मा | 30 | 20 | 3 | 2 |
| राहुल तेवतिया के विजयकुमार वैशाख बो यश दयाल | 35 | 21 | 5 | 1 |
| राशिद खान बो यश दयाल | 18 | 14 | 2 | 1 |
| विजय शंकर के सिराज बो विजयकुमार वैशाख | 10 | 7 | 2 | 0 |
| मानव सुथार के स्वप्निल सिंह बो विजयकुमार वैशक | 1 | 2 | 0 | 0 |
| मोहित शर्मा रन आउट (कार्तिक/विजयकुमार वैशाक) | 0 | 1 | 0 | 0 |
| नूर अहमद नाबाद | 0 | 0 | 0 | 0 |

अतिरिक्त (बा2,लेबा1,वा4,नोबा0,पी0) 7 रन कुल 19.3 ओवर में 10 विकेट पर 147 रन, **विकेटों का पतन:** 1-1, 2-10, 3-19, 4-80, 5-87, 6-131, 7-136, 8-147, 9-147, 10-147, **गेंदबाजी:** स्वप्निल सिंह 1-0-1-0, मोहम्मद सिराज 4-0-29-2, यश दयाल 4-0-21-2, कैमरून ग्रीन 4-0-28-1, विजयकुमार वैशाक 3.3-0-23-2, कर्ण शर्मा 3-0-42-1

**रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु 152/6 (13.4 ओवर)**

| | रन | गेंद | चार | छह |
|---|---|---|---|---|
| विराट कोहली के डब्ल्यू साहा बो नूर अहमद | 42 | 27 | 2 | 4 |
| फाफ डु प्लेसिस के शाहरुख खान बो जोशुआ लिटिल | 64 | 23 | 10 | 3 |
| विल जैक्स के शाहरुख खान बो नूर अहमद | 1 | 3 | 0 | 0 |
| रजत पाटीदार के डेविड मिलर बो जोशुआ लिटिल | 2 | 3 | 0 | 0 |
| ग्लेन मैक्सवेल के डेविड मिलर बो जोशुआ लिटिल | 4 | 3 | 1 | 0 |
| कैमरून ग्रीन के शाहरुख खान बो जोशुआ लिटिल | 1 | 2 | 0 | 0 |
| दिनेश कार्तिक नाबाद | 21 | 12 | 3 | 0 |
| स्वप्निल सिंह नाबाद | 15 | 9 | 2 | 1 |

अतिरिक्त (बा0,लेबा1,वा1,नोबा0,पी0) 2 रन कुल 13.4 ओवर में 6 विकेट पर 152 रन, **विकेटों का पतन:** 1-92, 2-99, 3-103, 4-107, 5-111, 6-117, **गेंदबाजी:** मोहित शर्मा 2-0-32-0, जोशुआ लिटिल 4-0-45-4, मानव सुथार 2-0-26-0, नूर अहमद 4-0-23-2, राशिद खान 1.4-0-25-0

## आईपीएल : धर्मशाला में किसका होगा राज, बल्लेबाजों या गेंदबाजों का

# पंजाब-चेन्नई के बीच मैच आज

एजेंसी। 4 मई

**धर्मशाला।** पंजाब किंग्स और चेन्नई सुपर किंग्स के बीच आईपीएल 2024 का 53वां मुकाबला धर्मशाला के स्टेडियम में खेला जाएगा। इस मुकाबले के लिए दोनों टीमें पूरी तरह से तैयार हैं। इस सीरीज दोनों टीमों के बीच यह दूसरा मुकाबला है। इससे पहले चेन्नई में खेले गए मैच में पंजाब किंग्स ने बाजी मारी थी और उन्होंने चेन्नई सुपर किंग्स को 7 विकेट से हरा दिया था। चेन्नई सुपर किंग्स की टीम ऐसे में दमदार वापसी की तलाश में होगी। सीएसके इस वक्त अंक तालिका में 5वें स्थान पर मौजूद है। वहीं टॉप 4 की रेस में मजबूती बनाने के लिए सीएसके को इस मैच में जीत हासिल करनी होगी। एचपीसीए स्टेडियम, जिसे दुनिया के सबसे खूबसूरत क्रिकेट मैदानों में से एक माना जाता है, ने 2 टेस्ट, 9 वनडे मैच 10 टी-20 इंटरनेशनल और 11 इंडियन प्रीमियर लीग मैचों की मेजबानी की है। इस सीरीज यह धर्मशाला का पहला मैच है। दोनों टीमों के लिए यहां की पिच पूरी तरह से नई है।




**एचपीसीए स्टेडियम, धर्मशाला पिच रिपोर्ट**

एचपीसीए स्टेडियम की पिचों से तेज गेंदबाजों को मदद मिलती है, लेकिन वाइट बॉल फॉर्मेट में पहली पारी में कुछ उच्च स्कोर वाले स्कोर देखे गए हैं, जिससे पीछा करने वाली टीम को अक्सर लक्ष्य का पीछा करने में कठिनाई होती है। आईपीएल 2023 सीजन के दौरान यहां कुल दो मुकाबले खेले गए थे। जहां हाई स्कोरिंग मैच खेले गए थे। यहां तक कि पिछले साल वनडे वर्ल्ड कप में भी हमें अच्छी बैटिंग विकेट देखने को मिलीं थी। इसलिए, उम्मीद है कि आईपीएल 2024 के दो मैचों के लिए इसी तरह की पिच होगी।

**दोनों टीमों की संभावित प्लेइंग 11**

**चेन्नई** अजिंक्य रहाणे, रुतुराज गायकवाड़ (कप्तान), डेरिल मिचेल, मोइन अली, शिवम दुबे, रवींद्र जडेजा, एमएस धोनी (विकेटकीपर), शार्दुल ठाकुर, तुषार देशपांडे, रिचर्ड ग्लीसन, मथीसा पथिराणा।

**पंजाब** जॉनी बेयरस्टो, सैम करन (कप्तान), रिले रोसौव, शशांक सिंह, जितेश शर्मा (विकेटकीपर), आशुतोष शर्मा, हरप्रीत बरार, हर्षल पटेल, कगिसो रबाडा, राहुल चाहर, अर्शदीप सिंह।

# गुजरात राज्य टेनिस संघ ने टेनिस प्रीमियर लीग के साथ मिलाया हाथ

## युवा महत्वाकांक्षी टेनिस खिलाड़ियों का समर्थन करेंगे

एजेंसी। 4 मई

**मुंबई।** गुजरात राज्य टेनिस संघ (जीएसटीए) ने स्थानीय स्तर पर जमीनी स्तर के टेनिस कार्यक्रमों को बढ़ावा देने के उद्देश्य से टेनिस प्रीमियर लीग (टीपीएल) के साथ हाथ मिलाया है। टीपीएल और जीएसटीए मिलकर काम करेंगे और युवा महत्वाकांक्षी टेनिस खिलाड़ियों का समर्थन करेंगे, साथ ही विभिन्न आयु-समूहों में टेनिस टूर्नामेंट आयोजित करने में मदद करेंगे। जीएसटीए के साल भर चलने वाले कार्यक्रम काफी अच्छे रहे हैं और कुछ बेहतरीन खिलाड़ी तैयार किए हैं। अब, टीपीएल और जीएसटीए की टीम युवा खिलाड़ियों के लिए प्रतिस्पर्धी लेकिन स्वस्थ वातावरण बनाने के मामले में आगे बढ़ना चाहती है। टीपीएल और जीएसटीए द्वारा संयुक्त रूप से आयोजित किए जाने वाले टूर्नामेंट से जिले की रैंकिंग में युवा खिलाड़ियों को भी लाभ मिलेगा और इससे अंतः आरटीजी छात्रवृत्ति भी मिलेगी।



# इंडियन सुपर लीग फुटबॉल टूर्नामेंट : मुंबई ने मोहन बागान को 3-1 से हराकर जीता खिताब

एजेंसी। 4 मई

**कोलकाता।** बिपिन सिंह ने एक बार फिर शानदार प्रदर्शन करके मुंबई सिटी एफसी को मोहन बागान पर 3-1 से शानदार जीत दिलाकर दूसरी बार इंडियन सुपर लीग फुटबॉल खिताब उसकी झोली में डाला। साल्ट लेक स्टेडियम पर 62007 दर्शकों के सामने मेजबान टीम ने जैसन कमिंग्स (44वां मिनट ) के गोल के दम पर बढत बना ली। मुंबई के लिये जार्ज पेरेरा डियाज (53वां मिनट ) ने बराबरी का गोल दागा । बिपिन ने 81वें मिनट में मैदान पर उतारे जाने के बाद 90वें मिनट में गोल करके मूंबई को बढत दिला दी। अतिरिक्त समय में याकूब वोटुस ने एक और गोल करके बागान की हार पर मुहर लगा दी । इसके साथ ही आईएसएल कप बरकरार रखने और लीग विनर्स शील्ड तथा खिताब एक साथ जीतने का बागान का सपना टूट गया। मुंबई सिटी ने 2020-21 में आईएसएल खिताब जीता था।



## गैरी कास्परोव ने गांधी पर पोस्ट पर कहा

# मेरे मजाक को विशेषज्ञता के रूप में नहीं देखना चाहिये

एजेंसी। 4 मई

**नई दिल्ली।** रूस के महान शतरंज खिलाड़ी गैरी कास्परोव ने उम्मीद जताई कि कांग्रेस सांसद राहुल गांधी के इस खेल के प्रति प्रेम पर सोशल मीडिया पर उनका पोस्ट वायरल होने के बाद भारतीय राजनीति पर उनके इस मजाक को पैरवी करने या विशेषज्ञता के रूप में नहीं लिया जायेगा। कास्परोव ने 'एक्स' पर एक उपयोगकर्ता की पोस्ट का जवाब देते हुए शुक्रवार को राहुल को सलाह दी थी कि शीर्ष स्तर पर चुनौती देने से पहले रायबरेली में जीत दर्ज करें। इस 61 साल के पूर्व खिलाड़ी ने हालांकि बाद में एक और पोस्ट में कहा कि यह सिर्फ एक मजाक था और इसे एक मजाक के तौर पर ही देखा जाना चाहिए। इस खेल को 2005 में अलविदा कहने वाले इस पूर्व विश्व चैम्पियन ने अभिनेता रणवीर शौरी को जवाब देते हुए लिखा, मुझे पूरी उम्मीद है कि मेरा छोटा सा मजाक भारतीय राजनीति में किसी की पैरवी या विशेषज्ञता के तौर पर नहीं देखा जाएगा। एक नेता मेरे प्रिय खेल के बारे में टिप्पणी कर रहा है, मुझे यह दिख रहा है।



# रोहित यूरोप दौरे पर भारतीय जूनियर हॉकी टीम की करेंगे अगुवाई

एजेंसी। 4 मई

**नई दिल्ली।** हॉकी इंडिया ने यूरोप दौरे के लिए भारतीय पुरुष जूनियर हॉकी टीम घोषित कर दी है। टीम रक्षापंक्ति के खिलाड़ी रोहित की अगुआई में 20 से 29 मई तक यूरोप दौरे पर पांच मैच खेलेगी। इस 20 सदस्यीय टीम में शारदानंद तिवारी को उपकप्तान बनाया गया है। हॉकी इंडिया के खिलाड़ियों को अनुभव दिलाने के साथ प्रदर्शन को बेहतर करने की पहल के तहत भारतीय टीम बेल्जियम, जर्मनी और नीदरलैंड में पांच मैच खेलेगी। हॉकी इंडिया के हवाले से कप्तान रोहित ने कहा, हम अपने शिविर में कड़ी ट्रेनिंग कर रहे हैं और एक-दूसरे के खेलने के तरीके को समझ रहे है। अन्य देशों की टीमों के खिलाफ एक साथ खेलना अद्भुत होगा, जिससे हमें अपने खेल को बेहतर बनाने में मदद मिलेगी। भारत इस दौरे का आगाज 20 मई को एंटवर्प में बेल्जियम के खिलाफ करेगा। टीम इसके बाद 22 मई को नीदरलैंड के ब्रेडा में फिर से बेल्जियम से भिड़ेगी। इसी स्थल पर टीम 23 मई को नीदरलैंड की क्लब टीम ब्रेडेज हॉकी वेरेनिगिंग पुश से खेलेगी।




# कोपा अमेरिका से पहले दोस्ताना मैच में आमने-सामने होंगे कोस्टा रिका, उरुग्वे

**सैन जोस।** कोस्टा रिका और उरुग्वे इस महीने के अंत में एक मैत्रीपूर्ण मैच के जरिये इस साल के कोपा अमेरिका के लिए अपनी तैयारियां तेज करेंगे। कोस्टा रिका फुटबॉल महासंघ ने शनिवार को यह जानकारी दी। यह मैच 31 मई को कोस्टा रिका की राजधानी सैन जोस के राष्ट्रीय स्टेडियम में खेला जाएगा। कोस्टा रिका और उरुग्वे के बीच पिछले सात मैचों में दोनों टीमों ने दो-दो जीत दर्ज की है और तीन मैच ड्रॉ रहे हैं। कोस्टा रिका 24 जून को ब्राजील के खिलाफ कोपा अमेरिका में अपने अभियान की शुरूआत करेगा, उसके बाद ग्रुप चरण में पैराग्वे और कोलंबिया से भी भिड़ेगा। उरुग्वे को 23 जून को पनामा के खिलाफ अपने अभियान की शुरूआत करनी है और उसे टूर्नामेंट के पहले चरण में बोलिविया और संयुक्त राज्य अमेरिका का भी सामना करना है।

# मैड्रिड ओपन : खिताबी मुकाबले में फेलिक्स ऑगर-अलियासिमे का सामना आंद्रे रुबलेव से

एजेंसी। 4 मई

**मैड्रिड।** मैड्रिड ओपन के फाइनल में गैर वरीयता प्राप्त कनाडाई खिलाड़ी फेलिक्स ऑगर-अलियासिमे का सामना रविवार को आंद्रे रुबलेव से होगा। विश्व के 35वें नंबर के खिलाड़ी फेलिक्स को जिरी लेहेका के खिलाफ वॉकओवर मिला जबकि रुबलेव ने टेलर फ्रिट्ज को हराया। ऑगर-अलियासिमे और लेहेका के बीच शुक्रवार शाम का मैच तीन-तीन से बराबरी पर था, तभी चेक खिलाड़ी लेहेका ने पीठ की समस्या की शिकायत की। उपचार के बाद उन्होंने खेलना जारी रखने का प्रयास किया, हालांकि वे वापसी की कोशिश करते हुए दर्द से जमीन पर गिर पड़े और कोर्ट से बाहर निकलते समय उनकी आंखों में आंसू आ गए। ऑगर-अलियासिमे ने कहा, मुझे यकीन नहीं हो रहा था कि ऐसा हो रहा है, जब उसने (लेहेका) अपने हाथ अपनी पीठ पर रखे। मुझे उसके लिए वाकई बहुत बुरा लग रहा है। मुझे नहीं पता कि जब उसे पता चला कि वह आगे नहीं खेल सकता तो उसने क्या सोचा होगा। मुझे जिरी के लिए वाकई बहुत दुख है, लेकिन मैं कुछ नहीं कर सकता। रुबलेव ने केवल 73 मिनट तक चले मुकाबले में फ्रिट्ज को 6-4, 6-3 से हराया। मैच के बाद रूसी खिलाड़ी रुबलेव ने कहा, जब उन्होंने मेरी सर्विस तोड़ी, तो मैंने सोचा, ठीक है, यह तो बस शुरूआत है, हमारे पास एक लंबा सेट है और हम देखेंगे। हो सकता है कि वह अपनी सर्विस पर भी अच्छी शुरूआत न करें। उन्होंने अपनी सफलता का श्रेय अपनी भावनाओं को नियंत्रित करने को दिया। उन्होंने कहा, मानसिक रूप से मैं बहुत बेहतर महसूस कर रहा था और मैं प्रदर्शन करने में सक्षम था, अपनी भावनाओं को नियंत्रित किये बिना मैं फाइनल में नहीं पहुंच पाता।





## मार्केट सूचकांक

### भारतीय

| | | |
|---|---|---|
| निफ्टी | 22475.85 | -172.35 |
| सेंसेक्स | 73878.15 | -732.96 |

### अमेरिका

| | | |
|---|---|---|
| नैस्डेक | 16,149.10 | +308.14 |
| डाओ जोंस | 38,675.29 | +449.63 |

### यूरोप

| | | |
|---|---|---|
| FTSE (BRITAIN) | 8,213.49 | +41.34 |
| CAC (FRANCE) | 7,957.57 | +42.92 |

### एशिया

| | | |
|---|---|---|
| NIKKEI 225 (JAPAN) | 38,236.07 | -37.98 |
| शंघाई (CHINA) | 3,104.82 | -8.22 |

### कमोडिटी

| | | |
|---|---|---|
| सोना 24 कैरेट/10 ग्राम प्रति | 70,677.00 | +9.00 |
| चांदी प्रति किलो | 81,060.00 | +17.00 |
| अल्यूमीनियम प्रति किलो | 240.45 | +6.25 |
| तांबा प्रति किलो | 855.15 | -0.15 |
| लेड प्रति किलो | 0.00 | -190.80 |
| जिंक प्रति किलो | 0.00 | -259.65 |
| मेंथा तेल प्रति लीटर | 0.00 | -950.00 |

### मुद्रा

| | | |
|---|---|---|
| डॉलर प्रति रुपये | 83.4115 | +0.0049 |
| पाउंड प्रति रुपये | 104.6275 | -0.0084 |
| यूरो प्रति रुपये | 89.8231 | -0.0083 |
| दीनार प्रति रुपये | 271.3474 | +0.1969 |
| रियाल प्रति रुपये | 22.2370 | -0.0023 |
| ऑस्ट्रेलियन डॉलर प्रति रुपये | 55.0404 | -0.0083 |
| सिंगापुर डॉलर प्रति रुपये | 61.8101 | +0.0046 |
| दिरहम प्रति रुपये | 22.7016 | -0.00032 |

### क्रूड ऑयल

| | | |
|---|---|---|
| डब्ल्यूटीआई क्रूड बैरल/ यूएस $ | 78.11 | -0.84 |
| ब्रेंट क्रूड बैरल/ यूएस $ | 82.96 | -0.71 |
| मरबन क्रूड बैरल/ यूएस $ | 83.16 | -0.81 |

# कम हुई कच्चे तेल की उबाल इस सप्ताह आई बड़ी गिरावट

एजेंसी। 4 मई

**नई दिल्ली।** क्रूड ऑयल के भाव में इस सप्ताह बड़ी गिरावट आई है. कच्चे तेल के भाव में गिरावट का ट्रेंड सप्ताह के अंतिम दिन शुक्रवार को भी बरकरार रहा. इस तरह पूरे सप्ताह में कच्चा तेल 6 फीसदी से ज्यादा सस्ता हो गया.

**शुक्रवार को इतने पर रहा क्रूड ऑयल :** सप्ताह के अंतिम दिन शुक्रवार को अंतरराष्ट्रीय बाजार में ब्रेंट क्रूड 29 सेंट यानी 0.35 फीसदी सस्ता होकर 83.38 डॉलर प्रति बैरल पर आ गया. इसी तरह वेस्ट टेक्सास इंटरमीडिएट क्रूड यानी डब्ल्यूटीआई के भाव में शुक्रवार को 37 सेंट (0.47 फीसदी) की गिरावट आई और यह सस्ता होकर 78.58 डॉलर प्रति बैरल पर आ गया. घरेलू बाजार में शुक्रवार को एमसीएक्स पर कच्चे तेल का फ्यूचर सौदा 0.76 फीसदी लुढ़ककर 6,551 रुपये प्रति बैरल पर रहा.

**सप्ताह में इतना सस्ता हुआ कच्चा तेल :** रॉयटर्स की एक रिपोर्ट के अनुसार, इस सप्ताह कच्चे तेल के भाव में भारी गिरावट आई. सप्ताह के दौरान जहां ब्रेंट क्रूड करीब 6.8 फीसदी सस्ता हो गया, वहीं वेस्ट टेक्सास इंटरमीडिएट क्रूड के भाव में लगभग 6.4 फीसदी की गिरावट आई. यह तीन महीने की सबसे बड़ी साप्ताहिक गिरावट है. मतलब इस सप्ताह कच्चे तेल के भाव में जो गिरावट आई, वह पिछले तीन महीने में सबसे ज्यादा है.




### इन कारणों से कम हुए भाव

दरअसल निवेशक इस साल अमेरिका में ब्याज दरों की कटौती की उम्मीद कर रहे हैं. शुक्रवार को अमेरिका में जारी रोजगार के आंकड़ों ने भी उम्मीद को मजबूत किया. अप्रैल महीने के दौरान जॉब ग्रोथ की रफ्तार में अनुमान से ज्यादा गिरावट आई. इससे निवेशकों को लग रहा है कि अमेरिकी सेंट्रल बैंक फेडरल रिजर्व इस साल सितंबर में ब्याज दरों को कम कर सकता है. पश्चिम एशिया में तनाव में कमी आई है. इजरायल और हमास युद्धविराम की संभावना पर विचार करने के लिए राजी हो गए हैं. इन कारणों से कच्चे तेल के भाव में नरमी आ रही है. अंतरराष्ट्रीय स्तर पर मांग में नरमी कायम रहने से भी कच्चे तेल के भाव को सपोर्ट नहीं मिल रहा है.

## प्याज के किसानों को बड़ी राहत

# सरकार ने निर्यात से हटाया प्रतिबंध

- **एमईपी के तहत प्रतिबंध से मुक्त किया गया**



एजेंसी। 4 मई

**नई दिल्ली।** देश में चल रहे लोकसभा चुनावों के बीच सरकार ने शनिवार को प्याज निर्यात पर प्रतिबंध हटा लिया है। लेकिन साथ ही न्यूनतम निर्यात मूल्य 550 डॉलर प्रति टन तय किया है। विदेश व्यापार महानिदेशालय ने एक सर्कुलर में कहा, "प्याज की निर्यात नीति को संशोधित कर तत्काल प्रभाव से और अगले आदेश तक 550 डॉलर प्रति टन के एमईपी के तहत प्रतिबंध से मुक्त किया गया है।" सरकार ने कल रात प्याज के निर्यात पर 40 प्रतिशत शुल्क लगाया था। पिछले साल अगस्त में भारत ने 31 दिसंबर, 2023 तक प्याज पर 40 प्रतिशत निर्यात शुल्क लगाया था।

**महाराष्ट्र के किसानों ने किया था प्रतिबंध का विरोध :** सरकार ने आठ दिसंबर, 2023 को इस साल 31 मार्च तक प्याज के निर्यात पर प्रतिबंध लगा दिया था। मार्च में निर्यात प्रतिबंध को अगले आदेश तक बढ़ा दिया गया था। केंद्रीय कृषि मंत्रालय ने मार्च में प्याज उत्पादन के आंकड़े जारी किए थे। आंकड़ों के अनुसार, 2023-24 (प्रथम अग्रिम अनुमान) में प्याज का उत्पादन पिछले साल के लगभग 302.08 लाख टन की तुलना में लगभग 254.73 लाख टन होने की उम्मीद है। आंकड़ों के अनुसार, महाराष्ट्र में 34.31 लाख टन, कर्नाटक में 9.95 लाख टन, आंध्र प्रदेश में 3.54 लाख टन और राजस्थान में 3.12 लाख टन उत्पादन घटा है। महाराष्ट्र के किसानों ने निर्यात प्रतिबंध का विरोध किया था। कांग्रेस ने पिछले महीने नरेन्द्र मोदी सरकार पर प्याज निर्यात पर प्रतिबंध के कारण महाराष्ट्र के किसानों की उपेक्षा करने का आरोप लगाया था।

## चार अग्रणी बैंकों के सहयोग से पेटीएम की सेवाएं हुईं बेहतर

**नई दिल्ली।** पेमेंट एप पेटीएम को अब देश के चार अन्य अग्रणी बैंकों का साथ मिल रहा है। इन प्रमुख बैंकों के साथ काम करते हुए पेटीएम की सेवाएं पहले से भी बेहतर हो गई हैं। अब पेटीएम एप के जरिए यूपीआई भुगतान करने पर ग्राहक 100 रुपये तक का कैशबैक निश्चित रूप से प्राप्त कर सकते हैं। नेशनल पेमेंट कॉरपोरेशन ऑफ इंडिया ने पेटीएम की पेरेंट कंपनी वन97 कम्यूनिकेशन को देश के चार बैंकों के साथ टीपीएपी के रूप में काम करने की मंजूरी दी है। ये चार बैंक हैं- एक्सिस बैंक, एचडीएफसी बैंक, स्टेट बैंक ऑफ इंडिया और यस बैंक। पेटीएम का इस्तेमाल करते हुए आप सभी प्रकार का यूपीआई भुगतान बड़ी आसानी से कर सकते हैं। पेटीएम के जरिए आप बड़े आराम से अपने यूटिलिटी बिलों का भुगतान कर सकते हैं। अपने प्रीपेड मोबाइल को रिचार्ज कर सकते हैं और बिजली बिल का भी भुगतान कर सकते हैं। इसके साथ ही डीटीएच रिचार्ज और गैस सिलेंडर बुक करने जैसे काम भी पेटीएम के जरिए आसानी से निपटाए जा सकते हैं। पेटीएम को एनपीसीआई से थर्ड पार्टी एप्लीकेशन प्रोवाइडर (टीपीएपी) के रूप में कार्य करने की मंजूरी मिली है।

**यूपीआई भुगतान पर मिल रहा निश्चित कैशबैक**

# एक अरब डॉलर की कंपनी बनी एनएसई

## सरकारी खजाने में जमा कराए 43,514 करोड़ रुपये

एजेंसी। 4 मई

**नई दिल्ली।** नेशनल स्टॉक एक्सचेंज अब एक 1 अरब डॉलर की मुनाफेवाली कंपनी बन गई है. वित्त वर्ष 2024 में एनएसई का नेट प्रॉफिट 51 फीसदी उछलकर 8,306 करोड़ रुपये पर पहुंच गया है. कंपनी का रेवेन्यू भी 28 फीसदी बढ़कर 16,352 करोड़ रुपये हो गया है. एनएसई ने सरकारी खजाने में 43,514 करोड़ रुपये का योगदान दिया है.

**90 फीसदी बढ़ गए खर्च, फिर भी हुआ जबरदस्त मुनाफा :** एनएसई के जनवरी-मार्च तिमाही नतीजों के अनुसार, कंपनी का रेवेन्यू 4,625 करोड़ रुपये और नेट प्रॉफिट 2,488 करोड़ रुपये रहा है. कंपनी के रेवेन्यू में सालाना आधार पर 34 फीसदी का उछाल आया है. कंपनी का एबिटा भी सालाना आधार पर 78 फीसदी बढ़कर 3,610 करोड़ रुपये रहा है. एनएसई के कुल खर्च वित्त वर्ष 2024 में लगभग 90 फीसदी बढ़कर 5,350 करोड़ रुपये रहे हैं. वित्त वर्ष 2023 में यही आंकड़ा 2,812 करोड़ रुपये रहा था. बिजनेस टुडे की रिपोर्ट के अनुसार, खर्च में भारी बढ़ोतरी होने के बावजूद कंपनी ने 1 अरब डॉलर का माइलस्टोन छू लिया है.




### सरकारी खजाने में भी 43,514 करोड़ रुपये जमा कराए

पिछले वित्त वर्ष में एनएसई ने सरकारी खजाने में भी 43,514 करोड़ रुपये जमा कराए हैं. कंपनी ने सिक्योरिटीज ट्रांजेक्शन टैक्स के तौर पर 34,381 करोड़ रुपये, इनकम टैक्स के तौर पर 3,275 करोड़ रुपये, 2,833 करोड़ रुपये स्टाम्प ड्यूटी, 1,868 करोड़ रुपये जीएसटी और सेबी को 1,157 करोड़ रुपये दिए हैं.

### एक शेयर पर चार बोनस शेयर जारी करने और डिविडेंड का ऐलान

कंपनी ने 3 मई को 1 शेयर पर 4 बोनस शेयर जारी करने का ऐलान भी किया था. इसके साथ ही वित्त वर्ष 2023-24 के लिए कंपनी ने 90 रुपये प्रति शेयर का डिविडेंड देने की घोषणा भी की थी. कंपनी लगभग 4,455 करोड़ रुपये डिविडेंड के तौर पर बांटेगी.

## भारत के साथ रुपये में व्यापार करेगा नाइजीरिया

**नई दिल्ली।** भारत और नाइजीरिया ने आर्थिक संबंधों को मजबूत करने के लिए स्थानीय मुद्रा में व्यापार पर जल्द एक समझौता करेंगे। इसके अलावा नाइजीरिया डिजिटल भुगतान के लिए भारत के यूपीआई का इस्तेमाल करेगा। वाणिज्य मंत्रालय ने इसकी जानकारी देते हुए बताया कि भारत के एक प्रतिनिधिमंडल ने हाल मे ही नाइजीरिया की यात्री की है, जहां अबूजा में दोनों पक्षों ने कच्चे तेल, प्राकृतिक गैस, औषधि, बिजली उत्पादन सहित कई ऐसे क्षेत्रों की पहचान की है जिनमें व्यापार व सहयोग बढ़ाया जा सकता है। इसके अलावा दोनों देश इस बात के लिए सहमत हुए हैं कि स्थानीय मुद्रा निपटान (एलसीएस) समझौता किया जाए, ताकि दोनों देश एक-दूसरे की मुद्रा में व्यापार के लिए भुगतान कर सकें। वाणिज्य मंत्रालय ने शुक्रवार को बताया कि अतिरिक्त सचिव अमरदीप सिंह भाटिया के नेतृत्व में भारत के सात सदस्यीय प्रतिनिधिमंडल में भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई), भारतीय एक्जिम बैंक और भारतीय राष्ट्रीय भुगतान निगम (एनपीसीआई) के अधिकारी शामिल थे। दोनों पक्षों ने द्विपक्षीय व्यापार के साथ-साथ पारस्परिक रूप से लाभकारी निवेश को बढ़ाने के लिए कई क्षेत्रों की पहचान की है। नाइजीरिया अफ्रीका में भारत का दूसरा सबसे बड़ा व्यापारिक साझेदार है।

# अडानी ग्रुप की फिलीपींस में निवेश की तैयारी

## 25 मीटर गहरा पोर्ट बनाना चाहती है कम्पनी

### राष्ट्रपति से मिले करण अडानी

एजेंसी। 4 मई

**नई दिल्ली।** दिग्गज उद्योगपति गौतम अडानी की अगुवाई वाला अडानी ग्रुप अब फिलीपींस में निवेश की योजना बना रहा है. फिलीपींस के राष्ट्रपति कार्यालय की ओर से जारी प्रेस रिलीज के मुताबिक, अडानी ग्रुप वहां, बंदरगाह, एयरपोर्ट्स, पावर और डिफेंस सेक्टर में निवेश करने की संभावनाएं तलाश रहा है. अडानी ग्रुप की कंपनी अडानी पोर्ट्स एंड स्पेशल इकोनॉमिक जोन के मैनेजिंग डायरेक्टर और गौतम अडानी के बेटे करण अडानी ने इस बारे में बातचीत के लिए फिलीपींस के राष्ट्रपति फर्डिनेंड मार्कोस जूनियर के साथ मुलाकात की. करण अडानी ने मलाकानांग में राष्ट्रपति मार्कोस के साथ शिष्टाचार मुलाकात के दौरान निवेश की योजनाओं को लेकर बात की. उन्होंने बटान पोर्ट को डेवलप करने की इच्छा जताई. राष्ट्रपति कार्यालय की प्रेस रिलीज के मुताबिक, करण अडानी ने कहा, 'एपीएसईजेड अपने पोर्ट डेवलपमेंट प्लान के तहत बाटन पर विचार कर रहा है और ये कंपनी के लिए एक अच्छा अवसर हो सकता है.' करण अडानी ने कहा कि कंपनी, बटान में 25 मीटर गहरा पोर्ट बनाना चाह रही है, जो पैनामैक्स जहाजों को भी हैंडल कर सके.



### प्रेसीडेंट मार्कोस ने किया स्वागत

प्रेसीडेंट मार्कोस ने फिलीपींस में अडानी पोर्ट्स एंड स्पेशल इकोनॉमिक जोन के विस्तार योजना का स्वागत किया. उन्होंने कहा, 'बटान को एग्रीकल्चर प्रोडक्ट्स संभालने वाले पोर्ट्स की तरह विकसित किया जाए, जिससे फिलीपींस वैश्विक स्तर पर प्रतिस्पर्धा में सक्षम हो सके.'

# भारत में 20 अरब डॉलर का निवेश करेगा वेदांता ग्रुप

एजेंसी। 4 मई

**नई दिल्ली।** अनिल अग्रवाल के नेतृत्व वाले वेदांता ग्रुप ने भारत को लेकर अपना रोडमैप तैयार कर लिया है. ग्रुप के चेयरमैन अनिल अग्रवाल ने कहा है कि वह आने वाले 4 साल में भारत में विभिन्न सेक्टर में लगभग 20 अरब डॉलर का निवेश करेंगे. साथ ही उन्होंने स्टील बिजनेस को बेचने के संकेत भी दिए. उन्होंने कंपनी के भारी-भरकम कर्जे को भी चिंता का विषय मानने से इंकार कर दिया.

**कई बिजनेस पर है वेदांता ग्रुप की नजर**

अनिल अग्रवाल ने बुधवार को एक कार्यक्रम के दौरान कहा कि वेदांता ग्रुप भारत में निवेश को लेकर उत्साहित हैं. हम कई सेक्टर में निवेश करने की योजना बना चुके हैं. हमारा 4 साल का इनवेस्टमेंट प्लान तैयार है. फिलहाल हमारी नजर टेक्नोलॉजी, इलेक्ट्रॉनिक्स और ग्लास बिजनेस पर है. उन्होंने कहा कि स्मार्टफोन और लैपटॉप बनाने में सेमीकंडक्टर्स और ग्लास की सख्त जरूरत पड़ती है. वेदांता ग्रुप इन दोनों ही बिजनेस में पहले से ही मौजूद है. सेमीकंडक्टर प्लांट के लिए उनके पास गुजरात में जमीन है. फिलहाल इसके लिए सही पार्टनर की तलाश की जा रही है.



वेदांता ग्रुप के चेयरमैन अनिल अग्रवाल

### सही कीमत नहीं मिली तो चलाते रहेंगे स्टील बिजनेस

स्टील बिजनेस को लेकर स्पष्टीकरण देते हुए अनिल अग्रवाल ने कहा कि वेदांता ग्रुप इसे जारी रखने के लिए पूरी तरह समर्पित है. इसे मार्च में बिक जाना चाहिए था. मगर, सही कीमत न मिलने के चलते फैसला नहीं हो सका. हालांकि, अगर हमें स्टील बिजनेस की सही कीमत मिले तो हम उसे बेचने को भी तैयार हैं. सही कीमत न मिलने पर हम यह बिजनेस चलाते रहेंगे. स्टील बिजनेस फायदे में है. साथ ही हमारे पास इसे चलाने के लिए भरोसेमंद टीम भी है.

### वेदांता ग्रुप ने कभी नहीं किया लोन डिफॉल्ट

कंपनी के कर्ज के बारे में वेदांता ग्रुप के चेयरमैन ने कहा कि अभी हमारे ऊपर लगभग 12 अरब डॉलर का कर्ज है. हालांकि, इसे लेकर चिंता करने की कोई बात नहीं है. वेदांता ग्रुप ने आज तक कभी डिफॉल्ट नहीं किया है. हर बिजनेस को खड़ा करने के लिए कर्ज की जरूरत पड़ती है.

# धनबाद कोक/ कोयला मंडी

### हार्ड कोक की दर (रु/प्रति टन)

**हार्डकोक की कीमत में गिरावट**

| | |
|---|---|
| 1नं0 | 12,000 |
| सेमी | 13,000 |
| लो एश 30% | 15,000 |

### पर्ल कोक का दर (रु/प्रति टन)

| | |
|---|---|
| 58-60% FC | 14,000 |
| 65% FC | 16,000 |
| 70% FC | 17,000 |

नोट :*कर अतिरिक्त

### प्रमुख शहरों का धनबाद से भाड़ा (रु/प्रति टन)

| | |
|---|---|
| रायपुर | 1650 |
| रायगढ़ | 1450 |
| हल्दिया | 1200 |
| कोलकाता | 1050 |
| विशाखापतनम | 2600 |
| होसपेट | 4200 |
| नागपुर | 2600 |
| फरीदाबाद | 3000 |
| बटाला | 3500 |
| अहमदाबाद | 2800 |
| पटना | 1500 |
| राजकोट | 3400 |
| रुड़की | 2650 |
| कटक | 1500 |
| दिल्ली | 3000 |
| चेन्नई | 3800 |
| राउरकेला | 1250 |

## भारत में वित्त वर्ष 2023-24 के दौरान स्टार्टअप फंडिंग में 17 प्रतिशत की गिरावट

**नई दिल्ली।** भारत में स्टार्टअप फंडिंग में वित्त वर्ष 24 में पिछले वर्ष की तुलना में 17 प्रतिशत की कमी आई है। वर्ष 2021 में निवेश पेशेवरों को प्रतिदिन औसतन छह सौदे मिल रहे थे, लेकिन 2024 में, यह घटकर तीन हो गया है। वेल्थ 360 वन की 'इंडिया इन्वेस्ट्स' रिपोर्ट के मुताबिक, 10 से 25 करोड़ डॉलर मूल्य की निजी इक्विटी में 60 फीसदी की गिरावट आई है। जबकि 50 करोड़ डॉलर या उससे अधिक का निवेश करने वालों की संख्या में भी 80 प्रतिशत से अधिक की भारी गिरावट आई है। 10 करोड़ डॉलर से कम के निवेश वाले फंडों में भी 30 फीसदी की गिरावट दर्ज की गई है। लेकिन 50 लाख अमरीकी डॉलर के तहत वित्त पोषण अब भी स्थिर दर पर हो रहा है। रिपोर्ट में कहा गया है कि 2.5 करोड़ अमरीकी डॉलर से अधिक के बड़े सौदे, जो आमतौर पर स्टार्टअप के बढ़ने पर मिलते हैं, में भी कमी आई है। इसका मतलब है कि कुल मिलाकर स्टार्टअप में कम पैसा जा रहा है, खासकर मध्यम से बड़े आकार के सौदों में। स्टार्टअप्स ने इस वर्ष निवेशकों से लगभग 8 अरब अमरीकी डॉलर जुटाए, जो वित्त वर्ष 22-23 से 50% की तुलना में 50% कम है। वाणिज्य और उद्योग मंत्रालय के आंकड़ों के अनुसार, भारत में 349.67 बिलियन अमरीकी डॉलर के कुल मूल्यांकन के साथ 111 यूनिकॉर्न हैं। यूनिकॉर्न की कुल संख्या में से, 102.30 बिलियन अमरीकी डॉलर के कुल मूल्यांकन वाले 45 यूनिकॉर्न 2021 में बने। 2022 में 29.20 बिलियन अमरीकी डॉलर के कुल मूल्यांकन के साथ 22 यूनिकॉर्न बने। वहीं 2023 में केवल एक यूनिकॉर्न बन पाया। भारत में 1.7 लाख पंजीकृत स्टार्टअप हैं, जो सामूहिक रूप से 1.2 मिलियन से अधिक नौकरियां पैदा करते हैं। इनमें सबसे ज्यादा महराष्ट्र में 5801 स्टार्टअप्स हैं। इसके बाद दिल्ली एनसीआर में 3150, कर्नाटक में 3032 और तमिलनाडु में 2810 स्टार्टअप हैं।

## ऑस्ट्रेलियन कोकिंग कोल का भाव (प्लेट के अनुसार)

| मेटालर्जिकल कोयला | रेट (एफ.ओ.बी ऑस्ट्रेलिया) | |
|---|---|---|
| पीक डाउन रिजन | 245 | यूएस डॉलर/प्रतिटन |
| प्रीमियम लो वोलाटाइल (PLV) | 245 | यूएस डॉलर/प्रतिटन |
| लो वोलाटाइल हार्ड कोकिंग कोल | 208.5 | यूएस डॉलर/प्रतिटन |
| लो वोलाटाइल पीसीआई (PCI) | 156 | यूएस डॉलर/प्रतिटन |
| मिड वोलाटाइल पीसीआई (PCI) | 151 | यूएस डॉलर/प्रतिटन |
| सेमी सॉफ्ट | 150 | यूएस डॉलर/प्रतिटन |

### कोक प्राइस

| | ASH | CSR | Rate | *CFR India |
|---|---|---|---|---|
| सीएफआर इंडिया | 12.5% | 66/65 | 350 | यूएस डॉलर/प्रतिटन |
| सीएफआर इंडिया | 12.5% | 65/63 | 335 | यूएस डॉलर/प्रतिटन |
| सीएफआर इंडिया | 12.5% | 64/62 | 325 | यूएस डॉलर/प्रतिटन |
| सीएफआर इंडिया | 12.5% | 62/60 | 320 | यूएस डॉलर/प्रतिटन |

# भारत से पंगा ले रहा नेपाल, 100 रुपये के नोट में दिखाए नापाक इरादे

**एजेंसी। 4 मई**

**नई दिल्ली।** पड़ोसी देश नेपाल एक ऐसा काम करने जा रहा है, जिससे भारत के साथ उसकी टेंशन एक बार फिर बढ़ सकती है. नेपाल ने 100 रुपये के नए नोट पर देश का नया नक्शा छापने का एलान किया है. इस नक्शे में वो तीन विवादित क्षेत्र होंगे, जिस पर भारत अपना अधिकार जमाता है. नेपाल अपने इस नए नक्शे में लिपुलेख, लिंपियाधुरा और कालापानी को शामिल करेगा.दरअसल, भारत सीमा से लगे इन क्षेत्रों को पहले ही विस्तार रूप दे चुका है. 100 रुपये के नोट पर पुराने नक्शे के बजाय नया नक्शा बनाने का फैसला नेपाल के प्रधानमंत्री पुष्पकमल दहल प्रचंड की अध्यक्षता में मंत्रिपरिषद की बैठक लिया गया. सरकार की प्रवक्ता रेखा शर्मा ने बताया कि बैठक में 100 रुपये के नोट में नेपाल का नया नक्शा छापने का फैसला लिया गया है।



### 100 रुपये के नोट में पुराने नक्शे को बदलने की मूंजरी

*इस नक्शे में लिपुलेख, लिंपियाधुरा और कालापानी को दशार्या जाएगा. रेखा शर्मा नेपाल की सूचना और संचार मंत्री भी हैं. उन्होंने बताया कि कैबिनेट ने 25 अप्रैल और 2 मई को हुई बैठक में 100 रुपये के नए नोट को फिर से डिजाइन करने और करेंसी पर छपे पुराने नक्शे को बदलने की मंजूरी दी थी. इससे पहले नेपाल ने 18 जून 2020 को अपने पॉलिटिकल मैप में उन तीनों इलाकों को शामिल कर लिया था. इसके लिए उसने संविधान में भी संशोधन किया गया था।*

### विवादास्पद बिल के पक्ष में पड़े थे 258 वोट

*नेपाल की संसद में इस विवादास्पद बिल के पक्ष में 258 वोट (275 में से) पड़े थे. किसी भी सदस्य ने इस बिल के खिलाफ वोट नहीं किया. विधेयक को पारित करने के लिए 275 सदस्यीय निचले सदन में दो-तिहाई बहुमत की आवश्यकता थी. नेपाली कांग्रेस, राष्ट्रीय जनता पार्टी-नेपाल और राष्ट्रीय प्रजातंत्र पार्टी सहित प्रमुख विपक्षी दलों ने नए विवादास्पद नक्शे का समर्थन किया था।*

### भारत ने जताई थी कड़ी आपत्ति

*भारत के साल 2019 में नया पॉलिटिकल मैप जारी करने के बाद साल 2020 में नेपाल की तत्कालीन केपी ओली सरकार ने चीन के इशारे पर देश का नया नक्शा संसद से पारित कराया था. इसमें कालापानी, लिपुलेख और लिंपियाधुरा के साथ-साथ भारत के कई इलाकों को नेपाल का दिखाया था. हालांकि, भारत ने इस विवादास्पद नक्शे को लेकर कड़ी आपत्ति जताई थी।*

# भारत को मिली बड़ी सफलता, ईरान ने इजराइली जहाज से बंधक बनाए सभी 16 भारतीयों को किया रिहा



**एजेंसी। 4 मई**

**नई दिल्ली।** ईरान ने इजराइली मालवाहक जहाज से बंधक बनाए गए सभी 16 भारतीयों को रिहा कर दिया है. कुछ समय पहले एक इजराइली मालवाहक जहाज एमएससी एरीज पर 25 लोगों का दल सवार था. इनमें 17 भारतीय शामिल थे. उन पर ईरान ने कब्जा कर लिया था और हालांकि एक महिला क्रू को पहले रिहा किया गया था. अब बंधक बनाए गए सभी 16 भारतीयों को भी रिहा कर दिया गया. विदेश मंत्री जयशंकर ने ईरान के विदेश मंत्री से इस पर बात की थी. सूत्रों का कहना है कि सभी 16 भारतीय जहाज से पहले बंदरगाह पर पहुंचेंगे, फिर वहां से तेहरान आयेंगे. उसके बाद उनका ट्रैवल डॉक्युमेंट्स का इश्यू होगा. भारतीय दूतावास उसमें मदद करेगा और फिर उसके बाद वो सभी स्वदेश लौटेंगे।

### चालक दल की रिहाई एक मानवीय कार्य : ईरान

*अमीराब्दुल्लाहियन ने कहा कि चालक दल की रिहाई एक मानवीय कार्य था. वे जहाज के कप्तान के साथ अपने देश लौट सकते थे. लेकिन, न्यायिक हिरासत के तहत जहाज का नियंत्रण ईरान के पास रहेगा. विदेश मंत्रालय ने पहले कहा था कि भारतीय चालक दल की वापसी उनके अनुबंध संबंधी दायित्वों सहित कई कारकों पर निर्भर थी. इसके पहले 16 नाविकों के भाग्य के बारे में पूछे जाने पर विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जयसवाल ने कहा था कि सभी का स्वास्थ्य अच्छा था और उनकी रिहाई के लिए ईरानी अधिकारियों के भी संपर्क में हैं।*

## संक्षिप्त खबर

### हरदीप सिंह निज्जर की हत्या के आरोप में तीन भारतीय गिरफ्तार

**नई दिल्ली।** कनाडा की पुलिस ने दावा किया है कि खालिस्तान अलगाववादी नेता हरदीप सिंह निज्जर की हत्या के आरोप में तीन लोगों को गिरफ्तार किया है। तीनों आरोपी कथित रूप से भारतीय हैं। बता दें कि ये वही निज्जर हत्याकांड है, जिसकी वजह से भारत और कनाडा के बीच राजनयिक विवाद पैदा हो गया था। पुलिस का मानना है कि गिरफ्तार किए गए लोग उस कथित समूह के सदस्य हैं जिन्हें पिछले साल भारत सरकार ने निज्जर की हत्या करने का काम सौंपा था। कनाडा में खालिस्तान अलगाववादी हरदीप सिंह निज्जर की हत्या के संबंध में तीन भारतीय नागरिकों को गिरफ्तार करने वाले कनाडाई प्राधिकारियों ने कहा कि उनकी जांच अभी समाप्त नहीं हुई है और इस हत्याकांड में अन्य लोगों ने भी अहम भूमिका निभाई है। एडमॉन्टन में रहने वाले 22 वर्षीय करण बराड़, 22 वर्षीय कमलप्रीत सिंह और 28 वर्षीय करणप्रीत सिंह पर हत्या व हत्या की साजिश रचने का आरोप लगाया गया है।

### अमेरिका में विश्वविद्यालयों और प्रदर्शनकारियों के बीच समझौता , विरोध प्रदर्शन पड़ा धीमा

**न्यूयॉर्क** : अमेरिका में विश्वविद्यालयों और फिलिस्तीन समर्थक प्रदर्शन कारियों के बीच समझौता होने के बाद इस सप्ताह बहुत कम विश्वविद्यालयों में इजराइल-हमास युद्ध के खिलाफ प्रदर्शन हुए हैं। इसके साथ ही अंतिम परीक्षाओ देश भर के 46 विश्वविद्यालय परिसरों में 17 अप्रैल से विरोध प्रदर्शन देखने को मिल रहा था और इस संबंध में 2,400 से अधिक लोगों को गिरफ्तार किया गया है। इस बीच ब्राउन, नॉर्थवे वेस्टर्न और रटगर्स विश्वविद्यालयों ने समझौता कर लिया है। विरोध प्रदर्शनों के कारण कोलंबिया और यूसी एलए समेत कुछ विश्वविद्यालयों में कक्षाएं बाधित हुई हैं।

# हज 2024 : तीर्थयात्रियों के लिए सख्त नियम, गैरकानूनी रूप से गए तो खैर नहीं

**एजेंसी। 4 मई**

**नई दिल्ली।** इस साल हज की यात्रा पर जाने वाले यात्रियों के लिए जरूरी खबर सामने आई है. सऊदी अरब ने अब तीर्थयात्रियों के लिए नियम सख्त कर दिए हैं. उसने एक टैगिंग प्रणाली शुरू की है, जिससे अवैध हज यात्रियों पर लगाम लगाई जा सकेगी. सऊदी हज मंत्रालय के नेतृत्व में इस पहल का उद्देश्य आगामी हज यात्रा सीजन के दौरान पवित्र स्थलों तक अधिकृत तीर्थयात्रियों की सुचारू और सुरक्षित पहुंच सुनिश्चित करना है. हाल के एक घटनाक्रम में, सऊदी हज मंत्री तौफीक अल रबिया



ने आधिकारिक तौर पर नुसुक कार्ड लॉन्च किया, जिसे कानूनी तीर्थयात्रियों को वितरित किया जाएगा. इंडोनेशिया में आयोजित एक समारोह में नुसुक कार्ड का उद्घाटन बैच इंडोनेशियाई हज मिशन को पेश किया गया. नुसुक कार्ड, फिजिकल और डिजिटल दोनों स्वरूपों में उपलब्ध है, जिसमें प्रत्येक तीर्थयात्री के बारे में व्यापक डेटा शामिल है।

### नुसुक कार्ड होने पर ही मिलेगी एंट्री

*कानूनी तीर्थयात्रियों को पवित्र स्थानों तक पहुंच पाने और सऊदी अरब के मक्का शहर में जाने के लिए हर समय कार्ड ले जाना आवश्यक है. विदेशी तीर्थयात्रियों को तीर्थयात्रा वीजा मिलने के बाद उनके संबंधित हज कार्यालयों से नुसुक कार्ड मिलेगा, जबकि घरेलू तीर्थयात्रियों को हज परमिट मिलने के बाद नामित सेवा प्रदाताओं से इसे लिया जा सकेगा।*

### सऊदी अरब दे रहा मुसलमानों को चेतावनी

*हज मंत्रालय ने नुसुक कार्ड को एक ऑफिशियल प्रिंटिड कार्ड के रूप में वर्णित किया है जो वैध तीर्थयात्रियों को दूसरों से अलग करता है. कार्ड के डिजिटल संस्करण को सऊदी ऐप नुसुक और तवाक्कलाना के माध्यम से एक्सेस किया जा सकता है. टैगिंग प्रणाली शुरू करने के अलावा, सऊदी अरब सक्रिय रूप से मुसलमानों को हज से संबंधित फर्जी अभियानों और वेबसाइटों का शिकार होने के खिलाफ चेतावनी भी दे रहा है।*

# फिलिस्तीन का समर्थन करने पर जिन छात्रों के खिलाफ हुआ एक्शन ईरान ने दिया उन्हें खुला ऑफर

**नई दिल्ली।** दुनिया इस समय तीन युद्ध देख रही है. इजराइल-फिलिस्तीन, रूस-यूक्रेन और इजराइल-ईरान. दुनियाभर में इन युद्ध के खिलाफ विरोध प्रदर्शन भी हो रहे हैं. कई देशों में कॉलेज और स्कूल के छात्र सड़कों पर उतर कर युद्ध का विरोध कर रहे हैं. लेकिन सरकार उनपर कड़े रुख अपनाती दिख रही है. अमेरिकी और यूरोप के जिन छात्रों ने फिलिस्तीन का समर्थन किया था, उन पर कार्रवाई करते हुए कॉलेज से निष्कासित कर दिया गया था. अब इन बच्चों की मदद के लिए ईरान सामने आया है.दरअसल, ईरान के शाहिद बेहश्ती विश्वविद्यालय के अध्यक्ष महमूद अघमिरी ने घोषणा की कि फिलिस्तीन का समर्थन करने के लिए निष्कासित अमेरिकी और यूरोपीय छात्रों को स्कॉलरशिप की पेशकश की जाएगी. ईरान की तरफ से ये पेशकश अंतरराष्ट्रीय स्तर पर सुर्खियों का हिस्सा बन गई है.छात्रों को स्वीकार करते हैं ।

# अंतरराष्ट्रीय अपराधों से निपटने को भारत ने की इंटरपोल चैनलों से ठोस कार्रवाई की मांग

**एजेंसी। 4 मई**

**नई दिल्ली।** भारत ने आतंकवाद, ऑनलाइन कट्टरपंथ और साइबर सक्षम वित्तीय धोखाधड़ी जैसे अंतरराष्ट्रीय अपराधों से निपटने और उन्हें रोकने के लिए इंटरपोल चैनलों के जरिए ठोस कार्रवाई की मांग की है। साथ ही अच्छे आतंकवाद और बुरे आतंकवाद के बीच कोई अंतर नहीं होने की बात पर जोर दिया और कहा कि ऑनलाइन कट्टरपंथ वैश्विक सुरक्षा के लिए एक महत्वपूर्ण चुनौती बना हुआ है।




### लियोन में हुई इंटरपोल की 19वीं महासभा

*फ्रांस के लियोन में हाल ही में संपन्न हुई इंटरपोल की 19वीं महासभा में भारतीय प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) निदेशक प्रवीण सूद ने किया। भारतीय प्रतिनिधिमंडल ने संगठित अपराध, आतंकवाद और चरमपंथी विचारधाराओं के बीच सांठगांठ से उत्पन्न चुनौतियों पर बात की। सूद ने कहा कि ऑनलाइन कट्टरपंथ वैश्विक सुरक्षा के लिए एक महत्वपूर्ण चुनौती है। इसके अलावा, आतंकवाद के सभी रूपों की निंदा की और कहा कि 'अच्छे आतंकवाद, बुरे आतंकवाद' के बीच कोई अंतर नहीं किया जा सकता।सीबीआई द्वारा जारी एक बयान के अनुसार, इस कार्यक्रम में 136 देशों के राष्ट्रीय केंद्रीय ब्यूरो ने भाग लिया, जिसका प्रतिनिधित्व वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों ने किया।*

### भारत में सीबीआई नोडल एजेंसी

*प्रत्येक देश में राष्ट्रीय केंद्रीय ब्यूरो (एनसीबी) इंटरपोल के साथ समन्वय के लिए जिम्मेदार नोडल संगठन है। इंटरपोल में सभी सदस्य देश एक प्लेटफॉर्म अपने देश में मौजूद बड़े अपराधियों की जानकारी एक-दूसरे के साथ शेयर करते हैं। भारत में सीबीआई ऐसे मामलों में इंटरपोल के संपर्क में रहती है। सीबीआई ही इंटरपोल और अन्य जांच एजेंसियों के बीच नोडल एजेंसी का काम करती है। भारत से जब भी कोई अपराधी विदेश भाग जाता है या उसके विदेश भागने की आशंका होती है तो उसके खिलाफ लुकआउट या रेड कॉर्नर नोटिस जारी किया जाता है।*

## नदियां उफान पर, सड़क-पुल तबाह...

# ब्राजील में भारी बारिश ने बरसाया कहर, 39 की मौत

**एजेंसी। 4 मई**

**नई दिल्ली।** ब्राजील के दक्षिणी राज्य रियो ग्रांडे डो सुल में भारी बारिश ने कहर बरपाया है. इसमें अब तक 39 लोगों की मौत हो गई है, 74 लोग लापता हैं. न्यूज एजेंसी शिन्हुआ के अनुसार, यहां सोमवार से लगातार बारिश हो रही है, इसके कारण नदियां उफान पर हैं. सड़कें और पुल नष्ट हो गए हैं. इस आपदा में अब तक 24 हजार से अधिक लोग प्रभावित हुए हैं. राष्ट्रपति और गवर्नर ने भी चिंता जताई है. गवर्नर एडुआर्डो लेइट ने कहा कि ये कठिन दिन हैं, जब हम लोगों से अपने घर छोड़ने के लिए कह रहे हैं. हमारी प्राथमिकता लोगों को बचाना है, बाकी हम आगे का रास्ता खोज लेंगे. ढहे हुए घरों, पुलों और सड़कों के मलबे के बीच फंसे लोगों का पता लगाने के लिए आपातकालीन अभियान शुरू किया गया है।


### अब तक की सबसे विनाशकारी आपदा

*अभी 14 लाख से अधिक आबादी वाले पोर्टो एलेग्रे शहर को भी अलर्ट पर रखा गया है. यह 12 महीनों के भीतर ब्राजील में आने वाली चौथी विनाशकारी बारिश है. गार्जियन की रिपोर्ट के अनुसार, पिछली बाढ़ पिछले साल जुलाई, सितंबर और नवंबर में आई थी, जिसमें 75 लोगों की जान चली गई थी. भूवैज्ञानिक सेवा की रिपोर्ट के अनुसार, बाढ़ का दायरा 1941 की विनाशकारी बाढ़ से भी अधिक हो गया है. द गार्जियन ने लिखा, कुछ इलाकों में जल स्तर ऊंचाई तक बढ़ गया, जो 150 वर्षों के रिकॉर्ड के इतिहास में नहीं देखा गया था।*

### इजराइल ने रफह में संभावित ऑपरेशन से पहले फिलिस्तीनी नागरिकों की निकासी योजना के बारे में अमेरिका को जानकारी दी

**वाशिंगटन।** इजराइल ने हमास उग्रवादियों का सफाया करने के उद्देश्य से दक्षिणी गाजा के रफह में अपने संभावित ह्यऑपरेशनह्न से पहले आम फलस्तीनी नागरिकों को सुरक्षित निकालने की अपनी योजना के बारे में अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडन के प्रशासन के अधिकारियों को जानकारी दी है। अमेरिकी अधिकारियों ने यह जानकारी दी।ये अधिकारी इस बारे में सार्वजनिक रूप से टिप्पणी करने के लिए अधिकृत नहीं हैं। उन्होंने बताया कि इजराइल द्वारा योजना की जानकारी दिए जाने के बावजूद अमेरिकी प्रशासन अपने इस रुख पर कायम है कि रफह में ऑपरेशन से फलस्तीन के कई आम लोगों की जान को जोखिम होगा। इजराइल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने राष्ट्रपति जो बाइडन और अन्य पश्चिमी अधिकारियों की इस चेतावनी के बावजूद रफह में सैन्य अभियान का संकल्प लिया है कि इससे कई आम लोगों की मौत होने और मानवीय संकट गहराने का खतरा है।

# पाकिस्तान में बिजली संकट, नीलम-झेलम प्रॉजेक्ट बंद



**एजेंसी। 4 मई**

**नई दिल्ली।** पाकिस्तान में फिर से बिजली संकट गहराने वाला है, क्योंकि पीओके में बन रहे नीलम झेलम हाइड्रोपावर प्रॉजेक्ट को फिलहाल बंद कर दिया गया. यह प्रॉजेक्ट 500 अरब रुपये में तैयार हो रहा है. पाकिस्तान की वॉटर एंड डिवेलपमेंट अथॉरिटी ने इसकी आधिकारिक घोषणा की है. इससे पहले भी 2022 में एक बार इसका काम रोक दिया गया था. इस बांध में कई सारी सुरंगे हैं. स्थानीय लोग भी इसका विरोध कर चुके हैं. इस प्रॉजेक्ट से पाकिस्तान में बड़ी मात्रा में बिजली मिलती है. प्रॉजेक्ट रुकने से पाकिस्तान में बिजली संकट गहरा सकता है. लोगों का कहना है कि इस प्रॉजेक्ट में कई दरारें हैं, ये किसी मौत के कुएं से कम नहीं है. पहले जब टनल को रिपेयर किया गया था तो इसमें 6 अरब की लागत आई थी. पाकिस्तान को 37 अरब रुपये की बिजली का नुकसान उठाना पड़ा था. वॉटर एंड डिवेलपमेंट अथॉरिटी ने इसको लेकर 43 अरब का इंश्योरेंस क्लेम किया था।

### पाकिस्तानी अखबार ने किया दावा

*पाकिस्तान के अखबार डॉन के मुताबिक, अब इस प्रॉजेक्ट में आई खामी को दूर करने के लिए एक्सपर्ट से सलाह ली जाएगी. रिपोर्ट के अनुसार, 2 अप्रैल को एक सुरंग के पानी में बदलाव देखा गया था. 6 अप्रैल को 530 मेगावॉट का प्लांट बंद कर दिया गया था. इसके बाद 29 अप्रैल तक इसे सीमित कैपिसिटी के साथ चलाया गया. खतरे को देखते हुए एक मई को सुबह प्लांट बंद कर दिया गया. चर्चा है कि 48 किलोमीटर लंबी इस सुरंग से पानी निकाला जाएगा. इसके बाद टनल और पूरे प्रॉजेक्ट की जांच की जाएगी. बता दें कि प्रॉजेक्ट का 90 प्रतिशत हिस्सा अंडरग्राउंड है।*

### 2022 में प्रॉजेक्ट हुआ था बंद

*इससे पहले भी पाकिस्तान में इस प्रॉजेक्ट को जुलाई 2022 में बड़ी दरारें आने पर बंद किया था. इसकी रिपेयरिंग में 13 महीने लगे थे. 28 मार्च को ही इसकी कैपिसिटी 969 मेगावॉट पहुंची थी. 2 अप्रैल को फिर से दिक्कत आ गई. रिपोर्ट में कहा गया कि पूरी क्षमता से चलने के बाद सुरंग में क्रैक दिखने लगे।*




वर्ष 66 अंक 354 अखबार के स्वामी आवाज प्रकाशन प्राइवेट लिमिटेड के लिए प्रकाशक - मुद्रक नवीन कुमार सिन्हा द्वारा आवाज प्रकाशन प्रा.लि. नवाडीह, बिरसा मुंडा पार्क के निकट, बी0 पोलिटेक्निक, धनबाद 828130 से मुद्रित एवं प्रकाशित।
संपादक - अमित कुमार सिन्हा* सम्पादकीय व विज्ञापन विभाग - 7319894441, आर0 एन0 आई0 संख्या - 3591/1957 (*पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिये जिम्मेवार) E-mail - awaz1947@gmail.com